फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष - 34, अंक - 50, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 18

माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 17

## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है, नए दाम शुक्रवार सुबह छह बजे से प्रभावी होंगे। इसके पहले राजस्थान सरकार ने पेट्रोल डीजल पर वैट दो प्रतिशत घटा दिया। वैट में दो प्रतिशत की कमी व तेल विपणन कंपनियों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों से राज्य में पेट्रोल के दाम में 1.40 रुपये से लेकर 5.30 रुपये तक की कमी आएगी। वहीं डीजल के दाम 1.34 रुपये से लेकर 4.85 रुपये तक कम होंगे।

### 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाया गया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 एप जिनमें से 7 गुगल प्ले स्टोर पर और 3 एप्पल एप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती



**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है।

### फरवरी में थोक महंगाई घटकर 0.20 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद थोक मुद्रास्फीति की दर फरवरी में मामूली गिरावट के साथ 0.20 प्रतिशत रह गई जो एक महीने पहले 0.27 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक नकारात्मक दायरे में थी लेकिन नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत पर सकारात्मक हो गई थी। एक साल पहले फरवरी 2023 में महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी। बुधवार को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा गया कि मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी 2024 के महीने में 0.20 प्रतिशत (अस्थायी) रही है।

## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी



**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (देखें खेल पेज) • एजेंसी

## ज्ञानेश और संधू को निर्वाचन आयुक्त बनाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, ब्यूरो

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक में नामों पर हुआ मंथन
- आज दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर लग सकती है राष्ट्रपति की मुहर

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त बनाने की सिफारिश की गई है। शुक्रवार तक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति की मुहर लगने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं।



सुखबीर संधू



ज्ञानेश गुप्ता

हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

### एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

### समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। • एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट

इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## रामनवमी पर मंदिर में होगी 24 घंटे दर्शन पूजन की व्यवस्था : मुख्यमंत्री

संवाददाता, अयोध्या

- योगी ने कहा- 17 अप्रैल को व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े

**अमृत विचार :** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों से समन्वय कर रामनवमी पर अष्टमी, नवमी व दशमी को श्रीराम मंदिर 24 घंटे तक खोलने व दर्शन-पूजन की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाए। गर्मी के मद्देनजर श्रद्धालुओं के लिए इलेक्ट्रानिक बसों की व्यवस्था की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जीआईसी में जनसभा के बाद परिसर के बैठक कक्ष में श्रीरामनवमी और नवरात्रि के तैयारियों की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्र मेला नौ अप्रैल से शुरू होगा। श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाई जाए। व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े। रामनवमी के समय चुनाव का काम शुरू हो जाएगा। इसके मद्देनजर रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर स्थायी रूप से पुलिस व अन्य सेवा के लोगों को ड्यूटी लगाई जाए। उनको चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए, क्योंकि मंदिर में श्रीरामलला के विराजने के बाद भीड़ बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 1100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।



**अयोध्या** : जनसभा को संबोधित करते योगी।

### गोंडा में महाराजा देवीबक्श सिंह नाम की घोषणा

गोंडा में मुख्यमंत्री योगी ने शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के ग्राउंड से जिले को 17 अरब रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देकर चुनावी शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने गोंडा में बन रहे मेडिकल कालेज का नामकरण गोंडा नरेश महाराजा देवीबक्श सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा की।

### पड़ोसी जिला है हमारा अंबेडकरनगर

मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर में कहा कि हमारे जनपद का पड़ोसी जिला है। इसका बार्डर गोरखपुर से जुड़ता है। 2017 के पहले यहां पर माफियाओं का बोलबाला था। माफिया गरीबों की जमीन कब्जा करते थे, जिनकी कमर सरकार ने तोड़ दी। समाजवादी लोग तो जनपद का नाम ही मिटाना चाहते थे। आज संवेदनशील सरकार होने पर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लाभार्थियों को मिल रहा है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- दिनभर चली जांच, विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी, बेटे को साथ ले गई ईडी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह 5:30 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।

अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। छापेमारी के पीछे ईडी द्वारा काली कमाई से बनाई गई अकूत संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कार्रवाई करने की तैयारी है। हाल ही में सीबीआई ने बतौर गवाह अखिलेश को भी बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत कई जगह भूमि-भवन, प्लाट में काली कमाई से जुड़े दस्तावेज जुटाए। सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की भी जांच की गई। मुंबई में भी बिल्डर के रूप में दूसरे नामों पर गायत्री के करोड़ों रुपये खपाने की जांच हुई। अमेठी में सुबह साढ़े पांच बजे से पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई। पैतृक आवास से भी ईडी ने कई दस्तावेज खंगाले। घर के एक कमरे में ताला बंद था जिसे तुड़वाकर कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके पहले भी सीबीआई की ओर से हमीरपुर अवैध खनन मामले में केस दर्ज कराए जाने के बाद पूर्व डीएम बी चंद्रकला समेत सपा नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

### बढ़ सकती है अखिलेश यादव की मुसीबत

ईडी के छापेमारी के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। हमीरपुर अवैध खनन मामले में अखिलेश यादव सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। ऐसे में जांच एजेंसियों की गायत्री प्रसाद प्रजापति को घेरने के पीछे अखिलेश तक पहुंचने की कोशिश हो सकती है। माना जा रहा है कि जांच एजेंसी की कार्रवाई से बचने के लिए ही राज्यसभा चुनाव में गायत्री की पत्नी ने सपा की जगह भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया था। छापेमारी के पीछे माना जा रहा है कि जांच एजेंसी अखिलेश यादव को घेरने के लिए सबूत जुटा सकती है।

## प्रधानमंत्री को धमकी तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जोड़े की सुरक्षा याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं है। धर्म दिल और दिमाग की गहराई से उत्पन्न आस्था का मामला है। अगर कोई व्यक्ति किसी सांसारिक लाभ के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो यह धार्मिक कट्टरता होगी। किसी अन्य धर्म को अपनाकर विवाह करने का यह अर्थ नहीं है कि उसे पिछली शादी और पत्नी को छोड़ने की अनुमति मिल गई। धर्म शोषण की वस्तु नहीं है। प्रत्येक व्यक्तिगत कानून के तहत विवाह की संस्था एक पवित्र संस्था है। वर्तमान मामले में याचियों द्वारा उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा 8 और 9 का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। याचियों द्वारा विपक्षियों के लिए एक निर्देश जारी करने की प्रार्थना की गई थी, जिसमें पति-पत्नी के रूप में याचियों की शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया जाए। दोनो जोड़े अलग-अलग जाति और धर्म से संबंधित व गौतम बुद्ध नगर के निवासी हैं। उनका तर्क है कि उन्हें अपने जीवन का निर्णय लेने का अधिकार है, लेकिन याचियों के संबंध को गैरकानूनी मानते हुए न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विधान परिषद चुनाव : निर्विरोध चुने गए 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते

**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं।

## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में किया सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।



हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।

### जीआईआई की रिपोर्ट

- 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की छलांग

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 थी, जो अब 108 हो गई है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था। निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।

## एक नजर

### 17 जिले कराएंगे जीआई टैग का पंजीयन

अमृत विचार , लखनऊ : 17 जिलों में कृषि एवं प्रसंस्कृत प्रमुख उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए जीआई टैग दिलाया जाएगा। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को पंजीयन कराने के साथ अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें लखनऊ, मऊ, मथुरा, बुलंदशहर, सीतापुर, मेरठ, रामपुर, बाराबंकी, कानपुर नगर, हाथरस, बलिया, हरदोई, एटा, फर्रुखाबाद, सोनभद्र, फतेहपुर व मिर्जापुर शामिल है। पंजीयन और उपयोगकर्ता की प्रक्रिया जिलाधिकारी स्तर से कराई जाएगी। वहीं, गोरखपुर समेत चार जिलों में नाबार्ड यह प्रक्रिया कराएगा।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं हों उपलब्ध

अमृत विचार,लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। गुरुवार को यह निर्देश राज्यपाल ने थैलेसीमिया से पीड़ित 22 बच्चे व उनके परिजनों ने राज्यपाल से भेंट के दौरान अफसरों को निर्देश दिए हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया फरीदाबाद हरियाणा की ओर से इन बच्चों को राजभवन लाया गया था।

# भूकंप रोधी इमारतें बनाने में आगे आएं इंजीनियर्स : पी गुरुप्रसाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राहत आयुक्त और सीडीआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किया मंथन

**अमृत विचार:** प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। ऐसे में भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं को लेकर राज्य सरकार पहले से सजग है। अभियंताओं और विशेषज्ञों को भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आना होगा। इसके लिए नए डिजाइन, मजबूती और तकनीकी के इस्तेमाल पर काम करना होगा।

यह बातें गुरुवार को मॉल एवेन्यू के एक होटल में राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरप्रसाद ने कहीं। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और सीडीआरआई द्वारा सेंसटाइजेशन प्रोग्राम ऑन रेसिलियंट इंफ्रास्ट्रक्चर विषय पर आयोजित सम्मेलन में भूकंप रोधी तकनीकों, आपदा के समय बचाव के प्रयास, भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग और नई बनने वाली हाउसिंग सोसाइटी में हरियाली बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि आज के दौर में लोग शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं, जिसे हमें रोकना होगा। वहीं उत्तर प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से हो रहा है इसलिए आवश्यक है कि भवन आदि निर्माण भूकंपरोधी और एंटी डिजास्टर हो। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा कि कंस्ट्रक्शन करने से पहले हमे उसके डिजाइन, डाटा डॉक्यूमेंटेशन और संचार पर बेहद ही ध्यान देने की जरूरत है। सीडीआरआई की एनालिस्ट ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी डेवलपमेंट नोनी गुप्ता ने कहा कि भारत में 2018 तक भूकंप से 50 लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। ऐसे में सभी इंजीनियर्स को मिलकर नई रणनीति बनानी होगी।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा: योगी

## मुख्यमंत्री ने नवचयनित 39 एसडीएम, 41 डीएसपी और 16 कोषाधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र

▸▸ भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा

▸▸ पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग और बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा। कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है।

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाने की गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

# दुष्कर्म पीड़िता से बाबू ने मांगी रिश्वत, निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समाज कल्याण राज्यमंत्री ने लिया संज्ञान, शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** हमीरपुर में समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक तुषार को रेप पीड़िता को आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिए 50 हजार मांगे जाने पर निलंबित कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर निलंबन के लिए निर्देश जारी किया।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस सिलसिले में वायरल ऑडियो क्लिप संज्ञान में आने पर समाज कल्याण राज्यमंत्री ने प्रकरण के जांच के आदेश दिए थे। उपनिदेशक कानपुर मंडल द्वारा स्थलीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की किसी भी शिकायत पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। शिकायत होने तत्काल जांच कराकर दोषी के पर कार्रवाई की जाएगी।

# परियोजनाओं की देरी में फंसा खेलो इंडिया

▸▸ 9 जिलों में तैयार इंडोर गेम के लिए मल्टी परपज हाल, फुटबाल कोर्ट व रनिंग ट्रैक नहीं हो पाए हैंडओवर

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की परियोजनाएं खेलकूद की राह देख रहीं हैं। लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, हरदोई, हाथरस, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ व बागपत में केंद्र के साथ मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत 11 परियोजनाएं तैयार होने के बाद भी युवा कल्याण विभाग को लंबे समय से हस्तांतरण नहीं हुई हैं। इन परियोजना में इंडोर गेम जैसे बैंडमिंटन, जूडो-कराटे, ताइक्वांडो, कबड्डी आदि के लिए मल्टी परपज हाल बनाए हैं। कुछ जिलों में नेचुरल फुटबाल कोर्ट, रनिंग ट्रैक व मिनी स्टेडियम भी शामिल हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद भी युवाओं को लाभ नहीं मिल पाया है। इन परियोजनाओं के कार्य समाप्ति की तिथि 2022 से 23 तक थी। अन्य परियोजनाओं के साथ इनका भी लोकार्पण करने की तैयारी थी।

बागपत में कमियों का निस्तारण तो कानपुर में चल रही फिनिशिंग

शासन के संज्ञान लेने और पत्राचार करने पर केंद्र सरकार की खेलो इंडिया परियोजना में ग्राम कोटरा हरदोई में मल्टीपरपज हाल विद नेचुरल फुटबाल कोर्ट और रनिंग ट्रैक तो युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल मुख्यालय लखनऊ में बने मल्टी परपज हाल के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम मितली बागपत में मल्टी परपज हाल में कमियों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रतापगढ़ के ग्राम सरसी खाम व ग्राम आसपुर देवसरा में एक-एक मिनी स्टेडियम निर्माणाधीन है। जबकि, कानपुर नगर के ग्राम मकसूदाबाद में मल्टी परपज हाल में फिनिशिंग, बाउंड्रीवाल की चिनाई, प्लास्टर आदि कार्य की रिपोर्ट दी गई है।

### जिलों में परियोजना

- ग्राम पंचायत सिकंदरामऊ हाथरस
- ग्राम पंचायत रेरा प्रयागराज
- ग्राम पंचायत ककरघटा हरदोई
- ग्राम पंचायत तिलगोड़ी कौशांबी
- ग्राम पंचायत दुबौली गोरखपुर

" ज्यादातर परियोजनाएं हैंडओवर हो चुकी हैं। शेष में प्रक्रिया चल रही है। संबंधित जिलों से निर्देश भी दिए गए हैं। इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। जल्द हैंडओवर करेंगे।

–संदीप कुमार सचान, ,उप निदेशक युवा कल्याण मुख्यालय

# 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने को दिए 9.84 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दंगाइयों एवं अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई और नियंत्रण हेतु सीओ सर्किल स्तर के लिये 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने के निर्देश दिये है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था हेतु दंगाइयों एवं अपराधियों के विरूद्व और अधिक त्वरित कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश के सीओ सर्किलों हेतु 41 दंगा नियंत्रण वाहनों के खरीदने हेतु 9 करोड़ 84 लाख रूपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है।

### महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए मिला धन

शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 62 राजकीय महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए तीन करोड़ की धनराशि भेजी है। इस धनराशि से विज्ञान विषयों की प्रयोगशालाओं के साथ फर्नीचर की खरीद मार्च माह तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# इस बार 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराएं : रिणवा

▸▸ नागरिकों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से करें संचालित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से संचालित की जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां का मतदान प्रतिशत लगभग 59.11 था, इसे इस बार बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मतदाता बनने से लेकर वोटर आईकार्ड में संशोधन करने की सुविधाएं आयोग की वेबसाइट व वोटर हेल्प लाइन एप के जरिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। हेल्प लाइन 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। इसके साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए विभागों से एमओयू

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शिक्षा विभाग, डाक विभाग व इण्डियन बैंक एसोसिएशन के साथ एमओयू किया गया है। इन एमओयू के क्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित किया जाय। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

### सैनिक परिवार को मतदान के लिए करें प्रेरित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाएं। छावनी क्षेत्र के अंदर रहने वाले सैनिक परिवार, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है, उनको मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। राज्य कर विभाग प्रदेश में वाणिज्यक संगठनों की मदद से मॉल, स्टोर आदि में ऑफर देकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करें।

# ई ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रशिक्षण के साथ ही पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही

**अमृत विचार:** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है। ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

### महिलाओं को दी जा रही सेफ्टी किट

एमडी प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

### कारागार विभाग में 24 मृतक आश्रितों को मिले नियुक्ति पत्र

अमृत विचार,लखनऊ : मृतक आश्रित जेल वार्डर व चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के कुल 24 कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक कारागार, डॉ एस.एन.साबत ने नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें 12 पुरुष एवं आठ महिला जेल वार्डर, तीन पुरुष एवं एक महिला चतुर्थ ने नियुक्ति पत्र प्राप्त किये। इस मौके पर मृतक आश्रित नियुक्त कर्मियों के मृतक परिजनों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, मुख्यालय, लखनऊ के सभा कक्ष में संपन्न नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कारागार ने कहा कि कारागार विभाग एक संवेदनशील विभाग है जिसमें अनुशासन का अत्यंत महत्व है अत: सभी नवनियुक्त कार्मिक इस बात का विशेष ध्यान रखे।

# कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी लगेगा एक सप्ताह का समय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी करीब एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है। इसी सूची में प्रदेश की 17 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश के संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई थी। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय में बैठक भी हुई। बाद में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेताओं को दिल्ली बुलाकर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया, लेकिन अभी तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश की 17 सीटों को लेकर संभावित प्रत्याशियों के नामों पर अभी दिल्ली में मंथन चल रहा है। पार्टी चुनाव में जातीय समीकरण व जनाधार के नजरिए से उपयुक्त बैठने वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतरना चाह रही है। सूत्रों ने बताया कि अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम तय हो गए हैं।



गुरुवार को यूएई के प्रवासी भारतीयों का दल भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचा, जहां पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने उनका स्वागत किया। अमृत विचार

# सामूहिक विवाह योजना में गोरखपुर अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुरादाबाद दूसरे, बिजनौर तीसरे और रामपुर चौथे नंबर पर

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अभी तक गोरखपुर अव्वल है। अब विवाह के लिए महज दो दिन बचे हैं। 17 से होलाष्टक लग लग जाएगा और चुनाव आचार संहिता भी कभी भी लग सकती है, इससे शत लक्ष्य पूरा होने की संभावना कम है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़ों के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा किए जाते हैं। शेष राशि अलग-अलग मदों में खर्च की जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में प्रदेश के 75 जिलों के लिए 1 लाख 14 हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हो गए थे।

14 मार्च 2024 तक 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। इसमें 75 हजार का भुगतान कर दिया गया है। गोरखपुर में 4000, मुरादाबाद में 3701, बिजनौर में 3465 और रामपुर में 3301 जोड़ों का विवाह कराए गए। 17 मार्च से होलाष्टक लग जाएंगे। होलाष्टक में मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। 16 या 17 मार्च में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग सकती है। इसके बाद सरकार की ओर से सामूहिक विवाह समारोह नहीं कराए जा सकेंगे। इससे दो दिन में लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि लक्ष्य अगर पूरा नहीं हो पाता है तो शेष जोड़ों का विवाह चुनाव के बाद कराया जाएगा।

### राज्यपाल ने की बांदा विवि के नैक ग्रेडिंग के लिए समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा की नैक टीम से विश्वविद्यालय की नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान राज्यपाल ने रिपोर्ट के प्रस्तुतिकरण में कमियां पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पूर्व की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया। सुझाए गए बिंदुओं पर पुनर्लेखन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बेहतर सुविधाओं और संसाधनों से सम्पन्न है, पर नैक के दृष्टिकोण से मापदंड के अनुरूप प्रस्तुतिकरण बेहतर संयोजन के साथ नहीं बना है। इस पर पर्याप्त ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जानी, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र प्रताप सिंह व नैक के लिए गठित टीम के सदस्य व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित करने को शुरू होंगे पाठ्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्राविधिक विश्वविद्यालयों व निजी क्षेत्र की संस्थाओं के मध्य हस्ताक्षरित हुये 10 एमओयू

**अमृत विचार:** युवाओं में स्किल डवलपमेंट के लिए प्राविधिक शिक्षा विभाग ने निजी संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। ये 10 एमओयू, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की मौजूदगी में गुरुवार को संपन्न हुये।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि एमओयू के तहत वर्चुवल इनटर्नशिप कार्यक्रम, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स सहित कई क्षेत्रो में युवाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एमओयू के बाद 878 करोड़ रूपये के कौशल विकास व प्रशिक्षण प्राप्त होंगे, जिससे लगभग 17 लाख 11 हजार छात्र व छात्राएं एवं युवा लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने राजकीय पालिटेक्निक संस्थानो के लिए केमिकल इंजीनियरिंग, आटो इंजीनियरिंग, डेयरी इंजीनियरिंग एवं एकाउन्टेसी एवं टैक्सेसन संकाय में नियुक्त 66 व्याख्याताओ को नियुक्ति पत्र प्रदान किये, जिनमें 13 महिलाएं व 53 पुरूष हैं। व्यावसायिक शिक्षा,कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि युवाओं युवाओं को सिर्फ किताबी ज्ञान पर नहीं बल्कि प्रेटिकल पर फोकस किया जा रहा है। जिससे युवाओं को रोजगार आसानी से मिल सके।

# सब्जियों के भाव 30.25 प्रतिशत ज्यादा हैं : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में जनता महंगाई की मार से बुरी तरह उत्पीड़ित है।

महंगाई और भाजपा दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए हैं। रमजान का पवित्र माह चल रहा है और नवरात्र व्रत शुरू होने वाले हैं, ऐसे में महंगाई के असर से लोग विचलित होने लगे हैं।उन्होंने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इस फरवरी में पिछले साल के अपेक्षा सब्जियों के भाव 30.25 प्रतिशत ऊपर रहे। दालों के दाम 18.9 प्रतिशत ऊपर रहे। मसालों के दाम 13.5 प्रतिशत ऊपर रहे। त्योहारों के दिनों में जनता की लूट कुछ ज्यादा ही होती है। चूंकि बड़े थोक व्यापारी सब भाजपा के ही समर्थक हैं इसलिए सरकार उन्हें मुनाफा कमाने की खुली छूट दे देती है।

# 1 अप्रैल से संचारी, 10 से चलेगा अभियान दस्तक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए 1 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसी बीच 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करेंगी। इस संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से यह अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई–कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। साथ ही मच्छरों के प्रजनन में चिन्हित किये गए घरों के विवरण उपलब्ध कराएंगी । स्वास्थ्य कार्यकर्ता माइक्रोप्लान के अनुसार पारिवारिक सदस्यों का आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट सृजन भी करेंगे।

### आभा नंबर भी बनाएंगी स्वास्थ्य कार्यकर्ता

सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान आयुष्मान लाभार्थियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता माइक्रोप्लान के अनुसार पारिवारिक सदस्यों का आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा) सृजन भी करेंगे और वह परिवार को आभा नंबर से अवगत कराएंगे ।



## चौथा रोजा

शिया
सहरी : 4:44 बजे
इफ्तार : 6:25 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:57 बजे
इफ्तार : 6:14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# बेशकीमती जमीन बेचने में तीन पर केस दर्ज

## नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लेडी सीएमएस के नाम से दर्ज जमीन से अवैध कब्जा हटवाते नगर पालिकाकर्मी।

**अमृत विचार:** शहर के बीचों-बीच स्थित सरकारी बेशकीमती जमीन को फर्जी दास्तेवजों के सहारे बेचने और कब्जा करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पर केस दर्ज हुआ है। नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक कुलदीप की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और सार्वजनिक संपत्तियों नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है।

शहर के बीचोबीच करीब दो एकड़ जमीन पर लेडी सीएमएस का सरकारी बंगला था। इस बेशकीमती जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। इसका मुकदमा कुछ समय तक एसडीएम सदर कोर्ट में चला। बाद में यह एसडीएम बख्शी का तालाब की अदालत में भेज दिया गया। हाल ही एसडीएम बख्शी का तालाब की अदालत ने नगर पालिका के पक्ष में फैसला सुनाया। निर्णय आने के बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने का जिम्मा एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी और ईओ नगर पालिका संजय शुक्ला को सौंपा। इसके बाद जब कब्जा हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई तो पता चला कि इस जमीन को बेचकर लोगों के नाम बैनामा भी कर दिया गया। मामला डीएम तक पहुंचा तो उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश एसडीएम सदर को दिए। जिसके बाद यह कार्रवाई हुई। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ल के मुताबिक यह जमीन साल 1359 फसली खतौनी में दर्ज चली आ रही है। जबकि नगर पालिका का इस जमीन पर के कमरा भी बना हुआ है। लेकिन बिल्डरों ने इस सार्वजनिक सम्पत्ति को खुर्द बुर्द कर कब्जा करने की कोशिश की। इस जमीन की खरीद वाले ठगी का शिकार हुए कुछ लोगों ने संपर्क किया है।

एसडीएम सदर बिजय त्रिवेदी ने बताया कि सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से खरीद और बेचने पर 3 लोगों को नामजद किया गया है। मुकदमें में एक अज्ञात नाम भी शामिल हैं। अगर किसी से धोखाधड़ी हुई हो तो वह अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। शहर कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पिता के एग्रीमेंट पर बैनामा न करने वाले बेटों पर केस

**फतेहपुर, बाराबंकी :** 9 लाख रुपये लेकर भूमि बेचने का एग्रीमेंट करने वाले पिता की मौत होने के बाद बेटों ने बैनामा करने से मना कर दिया। इस पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद कुर्सी पुलिस ने तीनों बेटों पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामला कुर्सी थाना क्षेत्र के अमरसंडा गांव का है। यहां के निवासी जगन्नाथ ने 30 मई 2015 को थाना क्षेत्र के टिकई की भूमि खरीदने के लिए नौ लाख रुपये देकर पंजीकृत एग्रीमेन्ट कराया था। इस भूमि को क्रय विक्रय कराने में प्रेम कुमार मध्यस्थता की। इसके बाद भूमि के बैनामें के बाद शेष पांच लाख रुपये देने की बात तय हुई। मगर, बैनाते से पहले ही टिकई की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के बेटे रूपलाल, राजेश और मुन्ना से भूमि का बैनामा करने से मना कर दिया। इस पर पीड़ित पक्ष ने पहले थाने में शिकायत की। मगर, कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी से न्याय की गुहार लगाई। इस पर पुलिस ने तीनों भाइयों पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### लावरिस हालत में मिली वृद्धा की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज चौराहे पर लावरिश हालत में घायल मिली वृद्धा की गुरुवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। नगर कोतवाली पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। बुधवार को सफदरगंज थाने की पुलिस को चौराहे के पास घायल हालत में एक वृद्धा मिली। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला क्षत-विक्षत शव

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध हालत में रेलवे क्रॉसिंग के पास एक क्षत- विक्षत युवक का शव मिला। मामले की सूचना स्टेशन मास्टर ने पुलिस का दी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। घटना मसौली थाना क्षेत्र की है। यहां के कोटवा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक का क्षत-विक्षत शव बुधवार रात मिला। प्रभारी निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव ट्रेन में सफर करने वाले यात्री का लग रहा है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

### चिकित्सा अधीक्षक ने किया यू-विन एप लॉन्च

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला ने गुरुवार को मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र पूरे गिरवर मजरे अमिलहरा में यू-विन एप के माध्यम से टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। अधीक्षक ने बताया कि अब पूरे भारत में अगर किसी भी बच्चे का टीकाकरण किसी अन्य जनपद में या अन्य प्रदेश में कराया जा रहा है तो उसकी जानकारी इस एप से कहीं से भी हो सकती है।

### स्मैक के साथ तस्कर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने 90 ग्राम स्मैक के साथ रामसनेहीघाट कोतवाली के मोहम्मदपुर निवासी राय सिंह को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग, महिला गंभीर

हैदरगढ़, बाराबंकी



आग में स्वाहा हुई गृहस्थी।

**अमृत विचार :** चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग की लपटों से चारों की गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। वहीं खाना बना रही झुलसी महिला की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

घटना हैदरगढ़ कोतवाली के गौतमन पुरवा मजरे रौनी गांव का है। यहां के निवासी राम अवतार की पत्नी सुहाना गुरूवार घर में रखे छप्पर के नीचे खाना बना रही थी। इसी दौरान चूल्हे से भड़की चिंगारी में आग लग गई। जिसे बुझाने में सुहाना झुलस गई। वहीं आग की तेज लपटों की चपेट में राम अवतार के पिता हरक, भाई उमेश और अनिल के छप्परनुमा मकान में भी आग गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। मगर, सफलता नहीं मिली तो ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना फायर बिग्रेड को दी। इसके बाद जब तक आग पर काबू पाया जाता। इन चारों मकान की गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी।वहीं आनन-फानन में झुलसी सुहाना को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया। यहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

# कैंप लगा शुरू हुआ दवा का वितरण

खबर का असर

हरख, बाराबंकी


गोवंशों में तेजी से फैल रहा खुरपका व मुंहपका संक्रमण

'अमृत विचार' में सोमवार के अंक में प्रकाशिक खबर।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गोवंशो में खुरपका और मुंहपका संक्रामक रोग तेजी से फैलने की खबर सोमवार के अंक में 'अमृत विचार' ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसको संज्ञान मे लेकर पशु चिकित्सा विभाग ने गुरुवार को गांवों में कैंप लगाकर दवाएं वितरित की। विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद के मैकू पुरवा निवासी निजी गौशाला संचालक विनय कुमार सहित अन्य गांवों के पशुओं में खुरपा मुहपका रोग चरम पर फैला हुआ था। अमृत विचार अखबार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद पशु चिकित्सा अधिकारी हरख भानु प्रताप सिंह ने गांवों में कैंप लगवाकर 150 पशुओं के लिए दवा वितरित की।

# सतनाम पदयात्रा का कोटवाधाम में हुआ स्वागत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी



यात्रा का स्वागत करते महंत नीलेंद्र बक्स दास व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमेठी जिले के बाबा सिद्धादास की तपोस्थली हरगांवधाम से पांच दिन पूर्व शुरू हुई सतनाम पदयात्रा गुरुवार को कोटवाधाम पहुंची।

यात्रा के कोटवाधाम पहुंचने पर बड़ी गद्दी के महंत नीलेंद्र बक्स दास की अगुवाई में महंत अशोक दास, महंत अखिलेश दास, प्रेम दास, दुर्गेश सिंह, लल्लन पाण्डेय, दुर्गेश दीक्षित आदि ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए पदयात्रियों को स्वामी जगजीवनदास साहब की समाधि स्थल पर लाया गया। जहां पर उन्होंने बाबा की समाधि पर मत्था टेककर दर्शन पूजन किए। महंत रेखा दास के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालु हरगांवधाम से कोटवाधाम तक करीब 100 किलोमीटर की पैदलयात्रा तय कर कोटवाधाम पहुंचे थे। इस यात्रा में प्रमुख रूप से कन्हैया लाल दास, शशांक शुक्ला, पीयुष पाण्डे, मो. भाईजान, आनंद सिंह, राज कुमार मिश्रा, अंशुमान पाण्डेय, सुनील तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस यात्रा के कोटवाधाम पहुंचने पर सतनामी भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महंत रेखा दास की अगुवाई में साहेब सिद्धादास तपोभूमि हरगांव धाम से पदयात्रा शुरू हुई थी और कोटवाधाम में इसका समापन किया गया।

# नहर पटरी मार्ग को पक्का बनाने वाला डीएम का आदेश बेपटरी



बदहाल पड़ा नहर पटरी मार्ग।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र में एकल मार्ग से 15 हजार की आबादी का आवागमन है। मगर, हल्की से बारिश व जलभराव में वाहन तो दूर इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पैदल घर से निकलना मुश्किल हो जाता है।

इसे लेकर करीब दो माह पहले नई बस्ती गयासनगर मोहल्ले के लोगों ने डीएम से बड़ेल चौराहे से गयाय नगर जाने वाली नहर पटरी मार्ग को पक्का करने की मांग की थी। इस पर डीएम ने पटरी की मरम्मत कराकर पक्का कराने का आदेश लोक निर्माण विभाग खंड तीन के अधिशाषी अभियंता को दिए। इस पर इस बस्ती में रहने वाली 15 हजार की आबादी को पक्की सड़क मिलने की आस जगी। इसके बाद नगर पालिका परिषद ने मार्ग पक्का कराने के बजाए यह कहते हुए अपने हाथ खड़े कर दिए कि यह मार्ग सिंचाई विभाग द्वारा संरक्षित है। ऐसे में पक्का मार्ग बनने का लेकर डीएम के आदेश के बाद अस्वस्थ्य हुई 15 हजार की आबादी अब मायूस हैं। उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

# 50 लाख की मदद देगा टीचर्स सेल्फ केयर



शिक्षक के घर पहुंचे टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सदस्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** 5 माह पहले ब्रेन हेमरेज होने से मृत शिक्षक की नामिनी को 50 लाख रुपये की मद्द टीचर्स सेल्फ केयर की टीम करेगी। बुधवार को टीचर्स सेल्फ केयर की जिला टीम के संयोजक महेंद्र वर्मा के नेतृत्व में टीम के पदाधिकारी व सदस्य मृत शिक्षक के घर पहुंचे। शिक्षक के चित्र पर पुष्प अपर्ति कर श्रद्वांजलि दी। वहीं परिजनों को आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया। संयोजक महेंद्र वर्मा ने बताया कि बनीकोडर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय वनपुरवा में तैनात शिक्षक राजेश कुमार की तीन नवंबर 2023 को ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई थी।

शिक्षक राजेश टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सदस्य थे। ऐसे में टीचर्स सेल्फ केयर की टीम से जुडे. दो लाख से अधिक शिक्षक 15 मार्च से 25 मार्च के मध्य मृत शिक्षक की नामिनी के खाते 25-25 रुपये का आर्थिक सहयोग करेंगे। इससे शिक्षक के परिजनों को 50 से 60 लाख रुपये तक की आर्थिक मद्द मिल सकेगी। इस मौके पर टीचर्स सेल्फ केयर के संरक्षक सुधीर कुमार, प्रवक्ता प्रशांत वर्मा, राज कुवंर दूबे, राघवेंद्र सिंह व हिमांशु वर्मा आदि मौजूद थे।

## समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव बने राजेश

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजेश शुक्ला को प्रदेश सचिव बनाया है जिसमे सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी का माहौल है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव राजेश शुक्ला ने कहा कि सपा में ही छात्रों, नौजवानों समेत अन्य सभी वर्गो का हित है छात्र सभा छात्र – छात्राओं के समस्याओं को गंभीरता से उठाएगी और उनके निस्तारण का हर संभव प्रयास करेगी तथा उन्होंने यह भी कहा को महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी शॉपिंग गई है इसके लिए हम उन्हें आभार व्यक्त करते हैं और लोकसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए हम दिन–रात एक कर देंगे और गठबंधन इंडिया एलाइंस द्वारा मैदान में उतरे गए प्रत्याशी तनुज पुनिया की जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे बधाई देने वालो का ताता लगा रहा प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राम मगन रावत, धर्मेंद्र मिश्रा, ब्रजेश, पवन, रिंकू, विवेक, विज्ञान, देवेंद्र, गौतम पाठक मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

सतरिख, बाराबंकी



कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी व अन्य।

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान स्थानीय पदाधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम गुरुवार को विकासखंड हरख पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड के सभी ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विशिष्ट अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह और खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक और भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने शिरकत की। अतिथियों का स्वागत रमाकांत वर्मा के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय सतरिख हरख की स्काउट गाइड टीम के बच्चों द्वारा किया गया। इस दौरान विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

लोकसभा चुनाव

## निर्वाचन आयोग ने की है इस बार ऑनलाइन नामांकन करने की व्यवस्था, अंतिम तिथि के 24 घंटे पहले तक उपलब्ध रहेगी सुविधा

# जनता भी देख सकेगी प्रत्याशियों का विवरण

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन भी कर सकेंगे। उनके द्वारा दाखिल किया गया शपथ पत्र व अन्य विवरण आम जनता भी देख सकेगी। सीज किए गए रुपए का विवरण भी आम जनता के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर कारण सहित उपलब्ध रहेगा। यह प्रयोग लोकसभा चुनाव में पहली बार होने जा रहा है।

चुनाव आयोग द्वारा बनायी गई व्यवस्था के अनुसार नामांकन प्रपत्र ऑनलाइन भरा जा सकता है। यह सुविधा अंतिम तिथि के 24 घंटे पहले तक उपलब्ध रहेगी। अंतिम दिन केवल सीधे प्रस्तुत होकर ही नामांकन दाखिल किया जा सकेगा।

ऑनलाइन नामांकन दाखिल करते ही निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी यह दिखने लगेगा। ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने के बाद निर्वाचन अधिकारी संबंधित उम्मीदवार को प्रस्तुत होने का समय देंगे। इसके बाद वह अपने प्रस्तावक, समर्थक और अपने दस्तावेज मिलान का मिलान करा सकेगा। प्रत्याशी ऑनलाइन फीस भी जमा कर सकेंगे। चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा इस बार आयोग नगद रकम लेकर चलने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाने जा रहा है। वे सभी लोग नगद रकम लेकर चल सकेंगे जिनके पास इस रकम का दस्तावेजी सबूत हो। बैंक से निकाली गई रकम बैंक की रसीद के साथ लोग ले जा सकेंगे। प्रत्याशियों का पूरा ब्योरा नामांकन दर्ज करने के साथ ही ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगा। मतदान का प्रतिशत जानने के लिए 2 घंटे तक प्रतीक्षा नहीं करनी होगी, बल्कि पल-पल का ब्योरा स्वतः अपडेट होता रहेगा। चुनाव आयोग इस बार पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बना रहा है। न केवल उम्मीदवार और राजनीतिक दल, बल्कि आम जनता भी जब चाहेगी, आयोग की वेबसाइट से संबंधित क्षेत्र का पूरा ब्योरा, प्रत्याशियों की डिटेल व चुनाव आयोग की व्यवस्था का अवलोकन कर सकेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने घर बैठे नामांकन करने की भी व्यवस्था बनाई है। इसके अलावा अब कोई भी प्रत्याशियों से संबंधित ब्योरा देख सकेंगे।

# गानों के माध्यम से कर रहे जागरुक



लोगों को जागरुक करते बहार सुगम संगीत ग्रुप के सदस्य।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी के बहार सुगम संगीत ग्रुप ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरुक करने के लिये मुहिम छेड़ी है। ग्रुप के प्रबंधक प्रभात दीक्षित और उनकी टीम के सदस्य अपने शानदार गानों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिये जागरुक कर रहे हैं। बढ़े चलो, चले चलो और अपनी ताकत को पहचान गीत के माध्यम से ग्रुप के कलाकारों ने आगामी चुनावों में लोगों से बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की है। प्रभात दीक्षित और उनकी टीम समय–समय पर इस तहर के गानों से लोगों को जागरुक करने का काम करती रहती है। इससे पहले भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उनके गाने जागो रे जागो, अपने मत का इस्तेमाल करो का विमोचन उत्तर प्रदेश के तत्कालीन चुनाव आयुक्त उमेश सिंह, ब्रांड एंबेसडर रही मालिनी अवस्थी जिलाधिकारी विकास गोठलवाल और मुख्य विकास अधिकारी किंजल सिंह के द्वारा किया गया था। जो चुनाव आयोग द्वारा चयनित हुआ था। प्रभात ने सीतापुर में विकलांग एवं वृद्ध मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वरचित गीत हम में है दम, हम नहीं किसी से कम, चलो मतदान करें, राष्ट्र निर्माण करें के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। प्रभात दीक्षित को बहराइच में कन्या विद्याधन पर आधारित गीत से प्रसन्न होकर तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com



चौथा रोजा

शिया
सहरी : 04. 44 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .51 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# गर्मी बढ़ते ही शुरू होगी अग्निशमन विभाग की अग्नि परीक्षा

- मौसम में आग की घटनाएं भी पकड़ती है जोर

धर्मेंद्र प्रधान

**रायबरेली।** मार्च का मौसम है और गर्मी की भी शुरुआत भी हो गई है। गर्मी आते ही अग्निशमन विभाग के ऊपर दबाव भी बढ़ने लगता है। क्योंकि ऐसे में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ जाती है। आम मौसम की अपेक्षा गर्मी में आग लगने की घटनाओं में इजाफा होता है। जिसमें जनधन की हानि के साथ खड़ी फसले भी जलकर स्वाहा हो जाती है। अग्निशमन विभाग भी इसको लेकर तैयारी करता है, लेकिन संसाधनों का अभाव उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर देता है।

अग्निशमन विभाग वैसे तो हर साल खुद को सक्षम बनाने की कवायद करता है, लेकिन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने तक हांफने लगती हैं। इसकी वजह अग्निशमन विभाग के पास साधनों के साथ कर्मचारियों का भी टोटा है। विभाग के पास समस्याओं का अंबार अग्निशमन विभाग के पास संसाधनों की कमी है। ऐसे में इस बार आग लगने पर बड़ी चुनौती होगी। शहर की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में आग लगने की घटनाएं होती हैं तो दमकल को पहुंचने में समय लग जाता है। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचती हैं, तब तक सब जलकर राख हो जाता है। आग की घटनाओं को रोकने लिए शहर में जहां 3 दमकल की गाड़ियां है वही सलोन व लालगंज में भी तीन गाड़ियां है। बछरांवा, महराजगंज सहित अस्थायी ऊंचाहार में भी एक एक गाड़ियां है।



अग्निशमन विभाग का कार्यालय।

### विभाग के पास गाड़ियां 13, चालक सात

**रायबरेली।** वैसे तो अग्निशमन विभाग के पास आग की घटनाओं पर तुरंत पहुंचने के लिए 13 वाहन है लेकिन अगर चालकों की बात करें तो महज 7 चालक ही महकमे के पास है। ऐसे में अन्य कर्मचारियों जो वाहन चलाने में सक्षम है और उनका ड्राइविंग लाइसेंस है उनसे काम लिया जाता है। इतना ही नही फायर मैन के भी 101 पद के सापेक्ष 55 व लीडिंग फायर मैन के 13 पद के सापेक्ष 11 ही कर्मचारी है।

> विभाग की तरफ से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है, जल स्रोतो का चिन्हिकरण कर लिया गया। घटना की जानकारी होते ही एक मिनट के अंदर वाहन रवाना हो जाते है। सभी कर्मचारियों को हर समय एलर्ट रहने के लिए कहा गया है।
>
> –सुनील कुमार सिंह
> मुख्य अग्निशमन अधिकारी रायबरेली।

### मुश्किल में समय में साथ देते हैं यह लोग

**रायबरेली।** जिले में आग लगने की घटनाओं की के दौरान अग्निशमन विभाग की गाड़िया व्यस्त होती है तो उस समय घटना स्थल के नजदीक एनटीपीसी ऊंचाहार, रेलकोच कारखाना लालगंज व बिरला सीमेंट फैक्ट्री से भी सहयोग लिया जाता है।

# सात वर्षीय बच्चे को ट्रक ने कुचला मौत, ट्रक समेत चालक गिरफ्तार

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** गुरुवार की दोपहर लगभग बारह बजे लालगंज-बछरावां मुख्य मार्ग पर बरवलिया तिराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाते हुए एक सात वर्षीय नौनिहाल को टक्कर मारकर रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने काफी प्रयास कर ट्रक को रोक लिया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया। पुलिस ने मृतक नौनिहाल की मां के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। खीरों क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी मोहित पुत्र रामू अपनी मां रूपरानी और बड़े भाई विशाल के साथ गुरुवार की दोपहर लगभग बारह बजे गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के गांव धर्मसिंहखेड़ा में स्थित अपनी ननिहाल से टेम्पो द्वारा अपने घर वापस लौट रहा था।

बरवलिया तिराहे के पास उसकी मां रूपरानी टेम्पो से उतरकर टेम्पो चालक को किराया देने लगी। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने मोहित को रौंदते हुए आगे निकल गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक की मां रूपरानी की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रामगंज बाजार के पास पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।




जिसमें बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया, जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई। मामला डीह थाना क्षेत्र के रामगंज बाजार के पास का है। गुरुवार को लोधवारी निवासी बाइक सवार युवक राजेंद्र कुमार पुत्र शिवबालक किसी काम से रामगंज की तरफ जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल राजेंद्र कुमार को मृत्यु घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी जेपी सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## होली मिलन समारोह के साथ महिला सम्मेलन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज रेलवे स्टेशन पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के संयोजक विकास मणि त्रिपाठी की अगुवाई व संगठन के तत्वावधान में महिला सम्मेलन और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस महिला सम्मेलन में भारतीय रेल में महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई तथा रेल में भविष्य में आने वाली चुनौतियां के लिए प्रतिबद्ध होकर लड़ने के लिए योजना बनाई गई। शाखा युवा संयोजक विकास मणि त्रिपाठी ने बताया कि एआईआरएफ के 100 साल पूरे होने पर नई दिल्ली में संगठन के नाम का डाक टिकट महामंत्री शिवगोपाल मिश्र और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा जारी किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विकास मणि त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती पुरानी पेंशन की है जिसकी लड़ाई लगातार चल रही है और यह तब तक चलती रहेगी जब तक हमको पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती। अगर हमे पेंशन न मिली तो आने वाली एक मई को भारतीय रेल का चक्का जाम हो जायेगा।



नगर के मलिन बस्ती में योग करतीं छात्राएं।

## छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया प्रेरित

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर से जुड़ी मलिन बस्ती बद्दामियां का पुरवा गांव में गुरुवार को गवर्मेंट पीजी कालेज के छात्र-छात्राओं ने पूरे गांव की सफाई करके ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता के विभिन्न फायदे बताए तो गुरुजनों ने छात्रों में सद्भाव और समभाव का महत्व समझाया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजन शिविर के तहत आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम सत्र ने स्वयं सेवियों ने योगाभ्यास, तत्पश्चात्त विकास श्रीवास्तव, कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट सेक्टर ने गांव वालों एवं स्वयंसेवियों को डिजिटल बैंकिंग के उद्भव एवं प्रयोगों के बारें में सजग किया। फाइनेंशियल लिटरेसी, बिजली सखी, वीपीए को सुरक्षित करने के तरीके, यूपीआई ट्रांजेक्शन एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने, डिजिटल बैंकिंग का क्या फायदा, ई-रूपी के उपाय बताए। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने स्वयंसेवियों को डिजिटल पेमेंट की की जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने मेमोरी गेम खेल टीम स्पिरिट विकसित की।



दुर्घटनास्थल पर खड़े क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

### दो डंपर आपस में भिड़े, चालक घायल

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** अटौरा चौकी क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज मार्ग पर नकदिलपुर नहर पुलिया के पास बृहस्पतिवार की भोर रायबरेली की तरफ जा रहे डंपर और सामने से आ रहे दूसरे डंपर की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों डंपर चालक ओम प्रकाश पुत्र नन्हकू निवासी थाना ललौली जनपद फतेहपुर और दूसरे डंपर चालक पप्पू उपाध्याय (45) पुत्र राममिलन निवासी थाना रुदौली जनपद बस्ती घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# पहले दिन 9 मिनट देरी से आई वन्देभारत

- नही सवार हुआ कोई यात्री
- आठ कोच की ट्रेन में ज्यादातर डिब्बे रहे खाली

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली,

**अमृत विचार।** गोरखपुर से चलकर प्रयागराज जाने वाली वन्देभारत ट्रेन गुरुवार को पहली बार रायबरेली स्टेशन पर पहुंची। आठ कोच की इस ट्रेन में पहले दिन ज्यादातर कोच खाली रहे। रायबरेली स्टेशन पर भी कोई मुसाफिर ट्रेन पर सवार नही हुआ। पहले दिन के सफर में रायबरेली से किसी भी यात्री ने इस ट्रेन से सफर नही किया।

वन्देभारत ट्रेन पहले ही दिन लगभग 9 मिनट की देरी से आई थी वही दो मिनट के अपने निर्धारित ठहराव से लगभग 9 मिनट ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही। ट्रेन आने के अनाउंसमेंट होते ही स्टेशन पर अन्य गाड़ियों का इंतजार कर रहे मुसाफिर वंदे भारत ट्रेन की तरफ टकटकी लगा देखने लगे। 11 बजकर 39 मिनट पर जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकी लोगों के मोबाइलों के कैमरे चालू हो गए। पूरी तरीके से वातानूकुकित इस ट्रेन में जहां ज्यादा स्पीड है वही अन्य ट्रेनों की अपेक्षा इसमें व्यवस्थाएं भी अलग हैं।

ट्रेन के हर कोच में टीटी भी नजर आए। इस ट्रेन में पहले दिन रेलवे के कर्मचारी ही ज्यादा दिखे। रायबरेली से इस ट्रेन पर किसी भी मुसाफिर ने यात्रा नहीं की। जबकि लखनऊ से रायबरेली तक आने में कुछ ही लोग कोच में नजर आए जिसकी वजह से ज्यादातर कोच खाली रहे। ट्रेन जितनी अच्छी है किराया भी थोड़ा ज्यादा है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के मुताबिक गोरखपुर से प्रयागराज तक एसी चेयर का किराया लगभग 1380 रुपए है। रायबरेली से प्रयागराज का एसी चेयरकार का किराया लगभग 535 और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1012 रुपये बताया जा रहा है।



स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर आती वन्देभारत ट्रेन देखते लोग

> ट्रेन का आज पहला दिन था आने वाले दिनों में इस ट्रेन से काफी लोग सफर करेंगे। स्टेशन पर प्रयागराज और गोरखपुर के लिए वन्देभारत ट्रेन मिलेगी।
>
> –रवि रंजन कुमार स्टेशन अधीक्षक रायबरेली

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। बुधवार की देर शाम रायबरेली-ऊंचाहार रेलवे लाइन पर बेलाभेला हाल्ट से तकरीबन एक किमी दूर त्रिवेणी ट्रेन से प्रयागराज की तरफ जा रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भदोखर थाने की पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान लखीमपुर खीरी जनपद के गड़ीरोड, काशी राम कालोनी निवासी शिब्बू (45) पुत्र यासीन खान के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि ट्रेन से गिरने से युवक की मौत हुई है। लाश को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज रेलवे खंड पर बेनीकामा गांव के पास एक युवक ने इंटरसिटी ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। बृहस्पतिवार को बेनीकामा गांव के पास लखनऊ-प्रयागराज रेलवे खंड पर रायबरेली की तरफ से आ रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगे एक युवक कूद गया और उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ट्रेन के ड्राइवर केडी यादव ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के जेब से आधार कार्ड मिला जिसमें उसका नाम अमरेश कुमार यादव पुत्र रामनरेश यादव उम्र 30 वर्ष निवासी प्रतापगढ़ अंकित है। फिलहाल पुलिस ने अभी तक आधार कार्ड के मिलने की पुष्टि नहीं की है। इस बाबत जगतपुर थानाध्यक्ष बबिता पटेल ने बताया कि संबंधित थाने को सूचना दी गई है। अभी तक कोई परिजन मौके पर नहीं आए।

### नहीं मिले बैंक खाते से निकले रुपए, सुनते नहीं अधिकारी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** ऑनलाइन द्वारा बैंक खाते से निकले रुपए को वापस पाने के लिए पीड़ित बैंक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, किंतु अधिकारी उसकी नहीं सुन रहे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीएम से की है। क्षेत्र के गांव लबेदवा निवासी दिनेश कुमार का कहना है कि उसके खाता समेत कुल सात लोगों के खाते से ऑनलाइन दस-दस हजार रुपए निकल गए थे। जिसकी शिकायत सभी ने साइबर सेल और बैंक अधिकारियों से की थी। इसके बाद अन्य सभी के खातों में रुपए वापस आ गए, लेकिन उसके पीएनवी बैंक एनटीपीसी शाखा के खाते में रुपए वापस नहीं आए। इस बारे में उसने कई बार बैंक मैनेजर से बात की, परन्तु बैंक अधिकारी उसे टाल मटोल रहे हैं। परेशान होकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बैंक अधिकारियों के विरुद्ध शिकायत की है।

### विद्यालय के छात्र-छात्राओं का कराया शैक्षिक भ्रमण



जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह का स्वागत करते शिक्षक।

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत डीह ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों का लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम कराया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने बच्चों को टी-शर्ट और कैप का वितरण करके शैक्षिक भ्रमण के उद्देश्यों के विषय में बताया। उन्होंने भ्रमण के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण यात्रा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को लखनऊ के कालिंदी वन पार्क के साथ राष्ट्रीय आंचलिक विज्ञान केंद्र अलीगंज एवं लुलु मॉल का भ्रमण कराया गया जहां उन्हें थ्री डी फिल्म और तारामंडल दिखाया गया। बच्चों को विज्ञान की अवधारणा को भी स्पष्ट किया गया। यात्रा में खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार, कुसुम चंद्र, महेश पांडे, हरिकेश मिश्र, रंजीत शाह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

### मन में एक पवित्रता की अनुभूति कराती है राम कथा

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** श्रीराम के आदर्श उनका आचरण केवल एक देश के लोगों के लिए अनुकरणीय नहीं है। राम के चरित्र का अनुशरण कर विश्व में एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। श्रीरामचरित मानस सम्मेलन सम्मेलन के प्रथम दिन कथावाचक गया प्रसाद शास्त्री ने उक्त विचार व्यक्त किए। रामलीला मैदान में चल रही रामचरित मानस सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राम की कथा मन में एक पवित्रता की अनुभूति कराती है। कथा वाचक सिद्ध सदन रिछारिया ने श्रीरामचरित मानस की महिमा का बखान करते हुए उसे भारतीय संस्कृति की विरासत बताते हुए कहा कि मानव के लिए सदाचार का दर्पण यह ग्रंथ है। मानस वक्त श्रीराम फेर ने भगवान शंकर को राम का सबसे बड़ा भक्त बताया।

# छात्रों का विदाई समारोह सम्पन्न

- बीडीओ ने छात्र-छात्राओं को दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रायपुर नेरुवा में कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं का विदाई सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी साबिर अनवर, विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

खण्ड विकास अधिकारी साबिर अनवर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है जिसका श्रेय शिक्षक- शिक्षिकाओं, ग्राम प्रधान रतीपाल रावत व अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं को जाता है।

प्रधान रतीपाल रावत ने कहा कि उनका सपना है कि ग्राम पंचायत में जन्मा हर एक बच्चा गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करे। जिसको लेकर वे हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अंजली वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार शर्मा, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हिमांशी सिंह, सहायक अध्यापक विजय सिंह, पूनम तिवारी आदि मौजूद रही।



छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

# स्थानांतरित निरीक्षकों को दी विदाई

सलोन, रायबरेली।

**अमृत विचार।** प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल का शिवगढ़ तबादला हो गया। गुरुवार को कोतवाली में अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के अलावा विभिन्न संगठनों ने भावभीनी विदाई दी। साथ ही स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आयोजित विदाई समारोह में कार्यक्रम में निवर्तमान निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने कहा कि वे सलोन कोतवाली के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हैं।

जिन्होंने उनके कार्यकाल को सफल बनाने में उनका विशेष योगदान दिया है। इस मोके पर अपने सम्बोधन में सीओ वन्दना सिंह ने कहा की प्रभारी निरीक्षक के रूप में छ माह का कार्यकाल पूरा करने वाले श्याम कुमार पाल ने अपनी कार्यप्रणाली से सलोन में अमिट छाप छोडी है। इस मौके पर संजय शर्मा, पवन कुमार, बाल मुकुंद दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



स्थानांतरित कोतवाल को पुष्पगुच्छ देकर विदाई करती महिला आरक्षी।

### थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह को भी दी गई भावभीनी विदाई

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह का सलोन स्थानांतरण होने पर गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। सभी ने थानाध्यक्ष के कार्य और व्यवहार की जमकर प्रशंसा की और उन्हें नए कार्य स्थल के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर फूलचंद्र अग्रहरि, जगत प्रताप सिंह बघेल, राजकुमार सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, रंजीत सिंह, विंदादीन मौर्य, मोनू सिंह, राजकुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

आक्रोश — बैनामा लेखकों ने किया हंगामा, तहसीलदार ने कराया शांत

# तहसील की बाउंड्री गिराने पर मची अफरा-तफरी

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** राजमार्ग बाईपास निर्माण के लिए गुरुवार को तहसील की बाउंड्री को गिराया गया। इस दौरान बैनामा लेखकों में अपने स्थान को लेकर खासा बवाल हुआ। घंटों तक अफरा-तफरी मची रही। बाद में तहसीलदार के हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

ज्ञात हो कि लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग का बाईपास निर्माण और चौड़ीकरण हो रहा है। इसके लिए तहसील परिसर के अंदर तक कुल करीब 15 फिट जमीन पर निर्माण होना है। इसके लिए गुरुवार को एनएचएआई के अधिकारी जेसीबी लेकर तहसील की बाउंड्री गिराने पहुंचे। तहसील के बैनामा लेखक अभी तक तहसील गेट के बाहर टेबुल लगाए थे। गुरुवार को जब तहसील की बाउंड्री गिराई जाने लगी तो बैनामा लेखकों ने अपना-अपना स्थान पाने के लिए हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद एनएचएआई का काम रुक गया। हंगामा के कारण अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। करीब एक घंटा तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। इसके बाद तहसीलदार दीपिका सिंह मौके पर पहुंची और तहसील परिसर के अंदर बैनामा लेखकों के लिए स्थान सुरक्षित कराया। तब एनएचएआई का काम शुरू हुआ।



तहसील की बाउंड्री टूटने के बाद मौके पर पहुंची तहसीलदार व अन्य।

# नवागंतुक एसडीएम से नाराज अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** नवागन्तुक प्रशासनिक अधिकारियों के चार्ज लेते ही सलोन बार एसोसिएशन के अधिकवक्ताओ का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। गुरुवार की दोपहर अधिवक्ताओ के समूह ने परिचय बैठक में कोर्ट चलाने को लेकर नायब तहसीलदार परशदेपुर और तहसीलदार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। हालांकि तहसीलदार ने कहा है कि अधिवक्ता द्वारा किसी तरह का प्रस्ताव नही रखा गया।

तहसील परिसर में बार एसोसिएशन मोहम्मद तारिक के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने तहसील प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बार एसोशिएशन अध्यक्ष मोहम्मद तारिक ने कहा कि जब एसडीएम से साढ़े बारह बजे का समय फिक्स था तो अधिकारियों द्वारा क्यों कोर्ट चलाया गया। अधिवक्ता गिरजेश तिवारी ने बताया कि बार एसोसिएशन ने नवागन्तुक एसडीएम अभिषेक वर्मा से परिचयात्मक कार्यक्रम तहसील सभागार में रखने का निवेदन किया गया था। सभी अधिवक्ता अधिकारियों के इंतजार में सभागार बैठे थे, लेकिन नायब तहसीलदार अंकुर यादव कोर्ट चलाने में व्यस्त थे। तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी कोर्ट सुनवाई शुरू करने जा रही थी। अधिवक्ताओ द्वारा निवेदन के बाद भी कोई अधिकारी सभागार में नही पहुंचा था। जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कौशल किशोर जोशी, ज्ञानेंद्र पांडे, विनय त्रिपाठी, सेवा लाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# राजनीति के सूरमाओं को अमेठी दे चुकी है पटखनी

नीरज श्रीवास्तव


संजय गांधी


शरद यादव


मेनका गांधी


कांशीराम


स्मृति ईरानी


राहुल गांधी

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** देश की सबसे चर्चित लोकसभा सीट अमेठी के मतदाताओं ने जब जिसे चाहा सिर माथे बिठाया और जब जिसे चाहा उतार दिया। कांग्रेस का गढ़ कही जाती रही अमेठी राजनीति के बड़े-बड़े सूरमाओं को धूल चटा चुकी है। संजय गांधी हो या मेनका गांधी, कांशीराम हो या शरद यादव, संजय सिंह हो या कैप्टन सतीश शर्मा, राहुल गांधी हो या स्मृति इरानी, ये सभी दिग्गज अमेठी में पराजय का स्वाद चख चुके हैं।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी सीट पर 1977 में देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी लोक सभा का चुनाव लड़ने के लिए आए थे। उनके सामने जनता पार्टी से रवींद्र प्रताप सिंह थे। आपातकाल के कारण पूरे देश में सरकार विरोधी लहर के कारण संजय गांधी को अमेठी में हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में जहां रवीन्द्र प्रताप सिंह को 1,76,410 वोट मिले वहीं संजय गांधी को 100566 वोट पाकर 75844 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था।

संजय गांधी के निधन के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी के खिलाफ लोकदल ने शरद यादव को चुनावी मैदान में उतारा था। संजय गांधी की सहानुभूति की लहर में राजीव गांधी ने बड़ी जीत दर्ज की। राजीव गांधी को जहां 258884 वोट मिले वहीं शरद यादव को सिर्फ 21188 वोट ही मिले थे। 1984 के चुनाव में गांधी परिवार के दो सदस्य राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। लेकिन अमेठी की जनता ने राजीव गांधी को चुना। मेनका गांधी की जमानत नहीं बच पाई।

1989 में राजीव गांधी के सामने जनता दल से महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी व बसपा से कांशीराम चुनावी मैदान में उतरे थे लेकिन दोनों को हार का सामना करना पड़ा था। 1998 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह ने कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा को हरा दिया था वहीं 1999 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह को सोनिया गांधी से पराजय मिली थी। वहीं सबसे हाई प्रोफाइल मुकाबले में अमेठी की जनता 2014 में स्मृति ईरानी को और 2019 में राहुल गांधी को पराजय का स्वाद चखा चुकी है।

**इन दिग्गजों को मिली है हार**

| | |
|---|---|
| 1977 | संजय गांधी |
| 1981 | शरद यादव |
| 1984 | मेनका गांधी |
| 1989 | राजमोहन गांधी |
| 1989 | कांशीराम |
| 1998 | कैप्टन सतीश शर्मा |
| 1999 | संजय सिंह |
| 2014 | स्मृति इरानी |
| 2019 | राहुल गांधी |

## एक नजर

### विवाहिता ने लगाया युवक पर छेड़खानी का आरोप

**महाराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने गांव के ही एक व्यक्ति पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पुलिस ने भुक्तभोगी महिला की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने कोतवाली क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा मजरे बारी गोहन्ना गांव निवासी रामू पुत्र राम शरण पर छेड़छाड का आरोप लगाया है। मामले मे पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर घटना में नामजद आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीकृत कर कारवाई शुरू कर दी है।

### युवक पर किशोरी के अपहरण का आरोप

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र दुकनहा निवासी पिंकी ने आरोप लगाया है कि बुधवार को वह अपने परिजनों के साथ घर से बाहर थी। उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान दोपहर लगभग एक बजे पड़ोसी गांव हरीरामखेड़ा निवासी ललित उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। काफी खोजबीन करने पर भी बेटी का कही पता नही चल सका। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अपहृता की मां के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपहृता की खोजबीन की जा रही है।

### युवक को भेजा जेल

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने गोविंदपुर वलौली निवासी अंजनी त्रिवेदी पुत्र राम देव त्रिवेदी को मादक पदार्थ पोस्ता छिलका की खरीद फरोख्त के आरोप में जेल भेजा है। कोतवाल ने बताया कि अंजनी के पास से 1200 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद हुआ है। जिसके चलते उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई है।

### महाराजगंज-इन्हौना रोड का होगा कायाकल्प

**महाराजगंज, रायबरेली।** रायबरेली के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल व क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव द्वारा लोकनिर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान को वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी महाराजगंज मऊ सेमरौता से होकर इन्हौना तक जाने वाली मुख्य सड़क को अविलंब बनाए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। इससे पूर्व भी अजय अग्रवाल ने इस सड़क के सम्बन्ध में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौंपा था। इस सड़क के निर्माण की पत्रावली बनाकर मुख्यमंत्री कार्यालय को स्वीकृति के लिए जल्द ही भेजकर शासनादेश जारी कराने का प्रयास करेगें।

### पत्रकार के बड़े भाई का निधन

**रायबरेली।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश शुक्ला के बड़े भाई सर्वेश चंद्र शुक्ला का गुरुवार को लगभग पांच बजे निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे स्वभाव से मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से परिवार के साथ साथ इष्ट मित्रों में भी शोक की लहर फैल गई।

## मानक विहीन हो रहे नाली निर्माण को ग्रामीणों ने रोकवाया

**डलमऊ,रायबरेली, अमृत विचार।** मानक विहीन हो रहे इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है। ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक कराये जा रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए काम को रोकवा दिया है। विकासखंड के जोहवा नटकी में लगभग 7 .57 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग व ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्य में ठेकेदार द्वारा इस कदर मनमानी बरती जा रही है कि नाली निर्माण में टूटी हुई ह्यूम पाइप का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही मानक विहीन सीमेंट मसाले का भी प्रयोग हो रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव ने बताया कि यदि नाली निर्माण में कोताही बरती जा रही है तो मौके पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अधिक मतदान करके लोकतंत्र को सशक्त बनाया जाए: एसडीएम

महराजगंज,रायबरेली


मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग । अमृत विचार

**अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पिछले लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से कम मतदान वाले पोलिंग बूथ पर उप जिलाधिकारी राजितराम गुप्ता ने मतदाताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए क्रांति करने के बाद कोई क्रांति करने की आवश्यकता नही है। अधिक से अधिक मतदान करके लोकतंत्र को सशक्त बनाया जाए।

गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास क्षेत्र के मोन ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 263, ज्योना के 305 व 306 मऊ ग्राम पंचायत के 297 व राघोपुर ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 155 पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक अमले ने बूथों पर जाकर मतदाताओं से बातचीत व उन्हें जागरूक करने के लिए जागरूकता कमेटी का गठन भी किया गया।

कमेटी में ग्राम पंचायत सचिव बीएलओ, लेखपाल, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी, शिक्षामित्र, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक व कोटेदारों को मिलाकर बूथवार मतदाता जागरूकता कमेटी गठित की गई। इस मौके पर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव, एडीओ पंचायत सतीष चतुर्वेदी सहित ग्राम प्रधान व सम्बंधित अधीनस्थ मौजूद रहे।

## शैक्षिक भ्रमण के लिए छात्र-छात्राओं की टोली रवाना

**शिवगढ़, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र से शैक्षिक भ्रमण हेतु विज्ञान अंचलिक केंद्र लखनऊ के लिए 100 छात्र-छात्राओं की टोली रवाना हुई। खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल मिश्र ने छात्रों को टीशर्ट, कैप, नोटबुक, पेन, जूट बैग, पानी की बोतल, लंच पैकेट,फल देने के साथ हरी झण्डी दिखाकर कर रवाना किया।

टूर में विज्ञान प्रतियोगिता के 100 विजेता छात्रों को टूर में भेजा गया, टूर के साथ 15 अध्यापकों को देख रख में भेजा गया है। एआरपी के साथ ही जिनके साथ निम्मी शुक्ला, अंजना मिश्रा, कीर्ति पाल, सुरेंद्र कुमार, माया जायसवाल, प्रीति,मोहम्मद इमरान आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कुत्तों का बढ़ा आतंक, कई लोगों को कर चुके हैं घायल

**रायबरेली, संवाददाता।** नगर क्षेत्र में कुत्तों का आतंक जबरदस्त बढ़ गया है। बीती रात शहर कोतवाली के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी बाइक सवार अरुण श्रीवास्तव व पत्नी शिखा श्रीवास्तव के साथ शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। उसी बीच लगभग 11 बजे रात को आवारा कुत्तों ने एका एक उन पर धावा बोल दिया, जिससे दम्पति गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिला अस्पताल में घायल दंपति ने इलाज के दौरान बताया कि इंदिरा नगर में हरिहर सिंह के मकान के सामने से चौड़ी गली आवास विकास की बाउंड्री के पास एक दर्जन कुत्तों ने हमला बोल दिया। जिससे वह पत्नी सहित गिर गए और काफी गंभीर चोटें लगी हैं। आवारा कुत्तों को पकड़ने की शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष से तो गई तो उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पालिक के पास नही होती है। ऐसे में आवारा कुत्तों का जखीरा इस रोड पर बना रहता है और आए दिन कुत्तों के आतंक से राहगीर घायल होते हैं। नगर के जागरूक लोगो का कहना है कि आवारा कुत्तो की वजह से लोगो को देर शाम से ही निकलना दूभर हो जाता है ज्यादा समस्या सड़क पर टहलने वाले और छोटे बच्चों की होती है। लोगो ने शहर में ऐसे कुत्तो को चिन्हित कर पकड़वाने की मांग अधिकारियों से की है।

### कागज सही कराने के नाम पर युवक पर ठगी का आरोप

**सलोन, रायबरेली।** इंद्रपाल पुत्र देवतादीन निवासी ककरिया थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ ने कोतवाली में तहरीर देकर अंकुर पांडेय उर्फ हर्ष पुत्र राजेश पांडेय निवासी मंशा का पुरवा मजरे कीठावा पर जमीन के कागजात ठीक करवाने के नाम पर दो लाख पचास हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है की उसने अपनी जमीन के कागजात ठीक करवाने के लिए अंकुर पांडेय को नकद व चेक के माध्यम से कुल दो लाख पचास हजार रुपए दिए थे। परंतु अंकुर ने मेरी जमीन के कागजात को सही नही करवाए। जमीन का कागजात ठीक न करवाने पर जब मैंने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपित ने पैसा देने से इंकार कर दिया। वही आरोपी बनाये गए युवक हर्ष पांडे का कहना है कि उक्त प्रकरण में विपक्षी से समझौता हो चुका है। उसे जबरन फसाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। जांच करवा कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### डलमऊ में कार्यशाला का आयोजन

**डलमऊ रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी ने छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व और मताधिकार के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन से संबंधित संदेश को साझा किया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य सूची राजकीय इंटर कॉलेज राजेश, गुरगुजपुर प्रधानाचार्य, पूजा, महाविद्यालय के प्रबंधक रघुवीर सिंह, नेहा सिंह, प्रमालिनी शुक्ला अंकित बाजपेई, प्रदीप कुमार अजीत श्रीवास्तव, अनुपम पांडेय, आशीष जायसवाल, जे पी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नेपाली बाबा ने सुनाई राजा बलि और वामन अवतार की कथा

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र की सुल्तानपुर खेड़ा ग्रामसभा में चल रहे 48वें रुद्र महायज्ञ के अवसर पर आयोजित भव्य भागवत कथा के द्वितीय दिवस की शायं कालीन बेला 2 बजे से 6 बजे की कथा में नेपाल देश से आये नेपाली बाबा ने दानवीर राजा बलि की कथा सुनाई कि कैसे भगवान विष्णु ने वामन अवतार में राजा बलि से तीन पग भूमि का दान मांग कर तीनों लोक नाप लिये। इसके उपरान्त राघव किशोर रामायणी इटावा ने राम के वन गमन के समय मां कौशल्या और भगवान राम की मार्मिक कथा सुनाई। देवरिया से आए हेमंत तिवारी ने रामायण के सुंदरकाण्ड की कथा उपस्थित लोगों को सुनाई। रात्रिकालीन बेला में मध्य प्रदेश से आई हुई प्रतिभा मिश्रा ने कहा रामचरितमानस मे भगवान राम स्वयं धर्म है, इसलिए मानव जीवन में रामचरितमानस का अनुसरण करना चाहिए। यह कथा आगामी पाँच दिनों तक और सुनाई जायेगी।

## मलबे में दबकर तीन मजदूर गंभीर



**रायबरेली।** बछरांवा ब्लाक में जर्जर भवन तोड़ते समय तीन मजदूर मलबे में दब गए। जिन्हें स्थानीय लोगो ने किसी तरह से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ब्लाक स्थित पशु चिकित्सा अधिकारी आवास तोड़ते श्रमिक रामकुमार पुत्र देवतादीन, राम सिंह निवासी बल्दीखेड़ा, सहदेव पुत्र सुक्खा निवासी खजुरो शिवगढ़ गुरुवार को ब्लाक परिसर में बने जर्जर सरकारी आवास को तोड़ रहे थे। इसी दौरान बिल्डिंग की छत भर भरा कर गिर गई हादसे में तीनों श्रमिक मलबे में दब गए चीख पुकार पर स्थानीय लोगों ने भाग कर किसी तरह श्रमिकों को मलबे से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से श्रमिकों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तीनों श्रमिकों की हालत गंभीर बताई जाती है।

## चकबंदी कार्यालय तो बना लेकिन दोपहर तक लटकता रहता है ताला

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** किसानों व अधिवक्ताओ की मांग व जिलाधिकारी के आदेश के बाद चकबंदी अधिकारियों को महराजगंज तहसील में कार्यालय तो दे दिया गया। फिर भी चकबंदी अधिकारियों के मनमाने रवैया से कार्यालय में 11 बजे के बाद भी ताला लटकता रहता है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनता दर्शन जैसे अलग से समय निर्धारित करती है तो वही महराजगंज तहसील के चकबंदी अधिकारी इन आदेशों को पलीता लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है।

बीते कई सालो से चकबंदी कार्यालय हरचंदपुर में बना रहा। जिससे किसानों व अधिवक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वही किसानों व अधिवक्ताओं की मांग पर जिलाधिकारी के आदेश के बाद महराजगंज तहसील परिसर में चकबंदी कार्यालय बनाया गया है। फिर भी चकबंदी अधिकारियों का रवैया आज भी वैसा ही है। तहसील परिसर में बना चकबंदी कार्यालय यदा कदा ही खुलता है। जिससे फरियादी परेशान हो रहे हैं। वही उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।


गांव-गांव घूम रही संकल्प पत्र के सुझाव के लिए मोदी गारंटी वैन।

## दो हजार लोगों ने पेटिका में डाले सुझाव

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करने के लिए आम जनमानस से सुझाव एकत्र कर रही है। सरेनी विधानसभा में अब तक 2हजार लोगों ने मोदी गारंटी वैन की सुझाव पेटिका में अपने सुझाव डाले हैं। इसके लिए पार्टी के द्वारा विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा भाजपा के नमो ऐप और पार्टी के वेबसाइट सरल ऐप पर भी सुझाव आमंत्रित किया जा रहे है। यह जानकारी देते हुए अभियान के जिला संयोजक पुष्पेंद्र सिंह, सहसंयोजक रत्नेश मिश्रा, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि सुझाव आपका संकल्प हमारा इस अभियान का मूल मंत्र है। गुरुवार को सरेनी विधानसभा क्षेत्र के झावर हरदो पट्टी, लालूमऊ, चिलौला, बाजपेईपुर, छिवलहा, रौतापुर, सरेनी आदि एक दर्जन स्थानों पर जहां मतदाताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक की ।वहीं पर मोदी गारंटी वैन के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सुझाव पत्रिका में जनमानस के सुझाव भी लिए गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, गोविंदा सविता, दिवाकर मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, सुशील दीक्षित, अभिषेक शुक्ला, राजेंद्र विश्वकर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गंगा का बढ़ा पानी सैकड़ों बीघा फसल जल मग्न

**डलमऊ रायबरेली, अमृत विचार।** नरौरा बांध से छोडे गये पानी के चलते गंगा नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी होने से तराई क्षेत्र की करीब सैकड़ो बीघा फसल जल मग्न हो गई। जिसके चलते तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, साग, सब्जी आदि की फसल जलमग्न होकर नष्ट हो गई है। किसानों ने किसी तरह सूत पर पैसा लेकर फसल को तैयार करने में जी तोड़ मेहनत की थी लेकिन नरौरा बांध से अचानक छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। गंगा नदी का जलस्तर बुधवार को सुबह 8 बजे 94 .820 सेंटीमीटर था दोपहर एक बजे 94 .860 तक पहुंच गया है। जलस्तर अचानक बढ़ने से कटरी क्षेत्र के जहांगीराबाद, चक मलिक भीटी,पूरे रेवती , लुक चांदपुर,कल्याणपुर बेंती, सहित दर्जनों गांव के किसानों की चिंताएं बढ़ गई है।

## रेलवे के सिग्नल एवं दूरसंचार कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

**संवाददाता, रायबरेली, रायबरेली।** रेलवे के संकेत एवम दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार को काला दिवस मना कर उपवास एवं मौन व्रत किया। भारतीय रेलवे सिगनल एंड दूरसंचार अनुरक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष सोभनाथ सिंह ने कहा कि सिग्नल एवं दूरसंचार कर्मचारी दिन भर काम करने के बाद भी यदि रात में कोई सिग्नल फेल्योर हो जाता है तो उसे रात में भी ड्यूटी पर जाना पड़ता है। उसकी ड्यूटी का कोई समय सीमा निर्धारित नही किया गया है। जिससे कर्मचारी मानसिक तनाव में रहते हैं और पिछले लगभग एक महीनों के अंदर 9 कर्मचारी रन ओवर या रोड एक्सिडेंट या अत्यधिक तनाव के कारण हादसे का शिकार हो जाते हैं।

आईआरएसटीएमयू की ओर से काला दिवस मनाने के कारण में उनकी प्रमुख मांग है कि नाईट में फेल्योर रेक्टिफिकेशन गैंग की व्यवस्था तत्काल की जाए।


रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

सभी सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों का रोस्टर ड्यूटी निर्धारित किया जाए। रिस्क एवं हार्डसिप अलाउंस का भुगतान सिग्नल एवम दूरसंचार विभाग के कर्मियों को तत्काल किया जाए। विरोध प्रदर्शन में अनिल कुमार, मनोज कुमार, नरेश, दुर्गेश चंद्र, दिनेश कुमार, पुष्पा, सोनी यादव, सुष्मिता, शिवकरण आदि मौजूद रहे।

## भगवान विष्णु की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर

**महराजगंज रायबरेली, अमृत विचार।** श्री मदभागवत कथा में पंचम दिवस नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, व्यापारी नेता विजय प्रकाश वैश्य सहित अन्य समाजसेवियों द्वारा कथा व्यास पंडित कृष्णदास ज़ी महराज कों अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। भागवत कथा के चतुर्थ एवं पंचम दिवस महराज ज़ी द्वारा भगवान विष्णु ज़ी के समस्त अवतारों की कच्छप अवतार, मत्स्य अवतार, वामन अवतार सहित राम व कृष्ण अवतारो की आवश्यकता एवं विशेषता का प्रसंग सुना भक्तजनों कों अमृत रस पान कराया। इस दौरान मुख्य यजमान सत्यनारायण मोदनवाल, संतोष कुमारी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद ऊषा त्रिपाठी सहित भक्तगण आह्लादित दिखाई दिए।

ॐ शान्ति: नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावक। न चैनं क्लेदयन्तापो, न शोषयति मारूत।। ॐ शान्ति:

**।। शोक सन्देश ।।**

मान्यवर........................................

अत्यन्त दु:ख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे बड़े भाई श्री राममोहन मिश्र जी का स्वर्गवास दिनांक 04 मार्च 2024 दिन सोमवार को हो गया है।

अत: उनकी आत्मशांती हेतु त्रैयोदशी (तेरहवीं) संस्कार दिनांक 16 मार्च 2024 दिन शनिवार को होना सुनिश्चित हुआ है।

अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु आयोजित शान्तिभोज में दोपहर 2:00 बजे उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

भवदीय:

राधे मोहन मिश्र,
ललित मोहन मिश्र,बालमुकुन्द मिश्र

शोकाकुल परिवार : समस्त मिश्र परिवार।
मो0: 9336005325, 9838469008, 9415953768, 9125463625

कार्यक्रम स्थल- शाह मऊ कोठी, मलिक मऊ रोड, सत्य नगर, रायबरेली

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

**लालगंज,रायबरेली।** बैसवारा इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर स्वयंसेवकों ने आलमपुर के शिव मंदिर से शुरू किया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा समाजसेवी भी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने शिविर के पहले दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली जो दलित बस्ती से होते हुए मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों से घर-घर जाकर वोट फॉर नेशन की अलख जगाने की अपील की। प्रधानाचार्य डा . नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश की युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा प्रदान करती है जिससे समाज और राष्ट्र की सेवा हो सके।

# भागवत सुनने से मिलता है मोक्ष : कथा वाचक

ऊंचाहार, रायबरेली।


श्रीमद् भागवत कथा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोक्ष की कामना प्रत्येक मनुष्य करता है, लेकिन सभी को सही राह नहीं मिलती है। भागवत महापुराण कथा एक ऐसा मार्ग है, जो प्रत्येक को मोक्ष की ओर ले जाती है। राजा परीक्षित को मिले श्राप से हुई मृत्यु के बाद भी कथा सुनने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसलिए कलयुग में मोक्ष की कामना करते है तो श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से श्रेष्ठ मार्ग कोई नहीं है।

यह बातें बुधवार को क्षेत्र के कबीर बाबा चौराहा में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कथावाचक आचार्य पंडित विपिन पांडेय ने श्रद्धालुओं से कही। इस कलयुग में भी मनुष्य श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर अपना कल्याण भी कर सकते हैं। इस कलयुग मे भी मनुष्य भगवान के नाम स्मरण मात्र से भगवत् शरणागति की प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं। भागवत महापुराण कथा का समापन हवन-पूर्णाहुति के साथ हुआ। मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने हवन-पूर्णाहुति की। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण भंडारे के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर यजमान सियाराम कौशल, उर्मिला कौशल, पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, पूर्व प्रधान माधुरी कौशल, गया कौशल, उमेश कौशल, मंजू वर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैजुद थे।

**कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद-रायबरेली**

पत्रांक : 56/अधि0अधि0न0प0स0/ई-टेण्डर/2023-24 दिनांक - 14/3/2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 15वें वित्त आयोग की द्वितीय किस्त (टाईड एवं अनटाईड) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स / कान्ट्रैक्टर्स / बेन्डर्स से दिनांक-14.03.2024 से 22.03.2024 सांय 5:00 बजे सायं तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक-23.03.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे निविदाऐं खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | 14-03-2024 | |
| 2- | | Tender Download | 15-03-2024 10:00 am | 22/03/2024, 5:00 PM |
| 3- | | Bid Submission | 15-03-2024 10:00 am | 22/03/2024, 5:00 PM |
| 4- | Bid Opening | | 23-03-2024 11:00 am | |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली



**चौथा रोजा**

सहरी : 5:01 बजे

इफ्तार : 6:17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कल से

**हरदोई, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू होगा। जिला मुख्यालय पर बनाए गए तीन मूल्यांकन केंद्रों पर दो हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं चार लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। बताते चलें कि नगर के आरआर इंटर कॉलेज में एक लाख 31 हजार 970 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 857 परीक्षक करेंगे। राजकीय इंटर कॉलेज में एक लाख 58 हजार 717 उत्तर पुस्तिकाओं को 727 परीक्षक जांचेंगे, वहीं बेणी माधव विद्यापीठ में एक लाख 90 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 732 परीक्षक करेंगे। मूल्यांकन 16 से 31 मार्च तक चलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हैं।

### गन्ना लदे ट्रक के नीचे घुसी बाइक, सवार घायल

**हरदोई, अमृत विचार :** नैमिषारण्य का रहने वाला युवक बाइक से आ रहा था, उसी बीच प्रताप नगर चौराहे के पास उसकी बाइक गन्ने से लदे ट्रक की चपेट में आ कर उसके आगे घुस गई। हादसे में बाइक सवार बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सीतापुर जिले के नैमिषारण्य के वार्ड नंबर-2 निवासी रामदेव तिवारी का पुत्र उत्कर्ष उर्फ राज बुधवार शाम बाइक से आ रहा था। बेनीगंज कोतवाली के प्रताप नगर चौराहे के पास उसकी बाइक गन्ने से लदे ट्रक से टकरा कर उसमें घुस गई। उत्कर्ष बुरी तरह जख्मी हो गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में छात्र सहित तीन घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** कटरा बिल्हौर हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में छात्र सहित तीन लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाबटमऊ मढ़िया निवासी बीएससी के छात्र सोम (19) पुत्र राजेश गुरुवार दोपहर सुभाष चंद्र बोस महाविद्याल कहली गौसगंज में प्रेक्टिकल देकर बाइक से लौट रहा था, तभी कटरा-बिल्हौर हाईवे पर औघड़ नाथ मंदिर के पास बाइक सवार आदित्य (17) पुत्र राजीव निवासी बरौना, उसका साथी अभी गुप्ता (17) पुत्र बृजेश निवासी बड़ा चौराहा से उसकी बाइक की टक्कर हो गईं। हादसे में तीनों घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया।

# महाभारत में वर्णित गिरधरपुर उमरारी पड़ाव पहुंचा रामादल

## श्रद्धालुओं के लिए संजीवनी बने चिकित्सा कैंप, 84 कोसी यात्रा में लगते रहे जयकारे

बेनीगंज, हरदोई



अगले परिक्रमा पड़ाव की ओर कूच करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 'श्रीराम, जय-राम राम' जैसे भजनों की धुन पर झूमते हुए 84 कोसी परिक्रमा यात्रा में शामिल परिक्रमार्थियों और रामादल गुरुवार को महाभारत मे वर्णित जनपद के तीसरे पड़ाव स्थल ग्राम गिरधरपुर, उमरारी पहुंचे। मेला कमेटी अध्यक्ष नारायण दास की अगुवाई में पहुंचे परिक्रमार्थियों का क्षेत्रीय लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

परिक्रमार्थियों ने पड़ाव स्थल पर विश्राम के लिए डेरा डाल दिया, नैमिष धाम से शुरू हुई 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा निरन्तर आगे बढ़ रही है। गुरुवार को ग्राम नगवा-कोथावां स्थित पड़ाव स्थल पर विश्राम करने के बाद शुक्रवार की सुबह ही परिक्रमार्थियों का रेला संतों की अगुवाई में जनपद के तीसरे पड़ाव स्थल ग्राम गिरधरपुर-उमरारी पहुंचा। परिक्रमार्थियों का राजस्व निरीक्षक राघवेन्द्र मिश्रा व बेनीगंज क्षेत्र के लेखपाल मनोज कुमार के द्वारा महंत स्वामी वीरेन्द्रानन्दपुरी महाराज के साथ-साथ अन्य साधु संतों का माल्यार्पण कर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। परिक्रमा पड़ाव स्थल पर जगह-जगह पानी के स्टॉल लगाए गए व भंडारे आयोजित किए गए। परिक्रमार्थियों द्वारा उमरारी पड़ाव स्थल पर डेरा डाले जाने के बाद संतों व श्रद्धालुओं ने पंडालों में हवन, पूजन, भजन, कीर्तन, कथा व जागरण कार्यक्रम शुरू हो गए जो देर रात चलते रहें। यहां पड़ाव स्थल पर ग्राम प्रधान उमरारी मुन्नी देवी व प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं क्षेत्र के लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की व बच्चों ने झूले का आनंद उठाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा की अध्यक्षता में उमरारी पड़ाव स्थल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछौना की चिकित्सक टीम के सहयोग से चिकित्सा कैम्प लगाया गया, जिसमें परिक्रमार्थियों व श्रृद्धालुओं को जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई गई, साथ ही साथ कैम्प मे ही ब्लडप्रैशर, ब्लड शुगर आदि की मौके पर ही जांच की गई, इस मौके पर परिक्रमार्थियों ने चिकित्सा कैम्प को संजीवनी के समान बताते हुए सभी चिकित्सकों को आशीर्वाद दिया।

### गिरधरपुर-उमरारी पड़ाव पर कुंती ने की थी आराधना

उमरारी के सूर्य मंदिर में स्वयं कुंती ने सूर्य की आराधना की थी और सूर्य पुत्र कर्ण का जन्म हुआ था, ऐसी मान्यता है कि यहाँ पर सूर्य कुंड में मार्जन व स्नान करने व सूर्य की आराधना करने पर पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है इस पड़ाव का बखान महाभारत में मिलता हैं।

### नागा बाबा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

परिक्रमा पड़ाव स्थल गिरधरपुर उमरारी में नागाबाबा भी पहुंचे, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी, मान्यताओं के अनुसार यदि नागाबाबा मन से आशीर्वाद दे दे तो उनका आशीर्वाद कभी खाली नहीं होता और आशीर्वाद का पूर्ण फल प्राप्त होता है।



चिकित्सा कैंप मे परिक्रमार्थियों को दवाएं वितरित करते चिकित्सक।

### देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु

प्रशासन द्वारा परिक्रमा मेला स्थल में पुख्ता व्यवस्थाएं की गई जिसके चलते देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ा। मेला स्थल में पेयजल की उचित व्यवस्था के साथ-साथ खाद्य व रसद की पर्याप्त दुकाने लगवाई गई, पड़ाव स्थल पर सफाई की समुचित व्यवस्था कराई गई, बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त रही परिक्रमा पथ पर सांकेतिक निशान लगाए गए जिससे परिक्रमार्थियों को इधर उधर भटकना नही पड़ा।

### 24 कोसी परिक्रमा करने आई बुजुर्ग महिला गायब

**बेनीगंज (हरदोई), अमृत विचार :** परिक्रमा मेला जिले के द्वितीय पड़ाव नगवां कोथावां से तृतीय पड़ाव गिरधरपुर उमरारी जाते समय कोरोकला गांव के पास से एक बुजुर्ग महिला के अचानक गायब हो गई।



अमरनाथ पुत्र मूलचंद निवासी बरचावली थाना कोसीकलां, जनपद मथुरा ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह परिवार के साथ 84 कोसी परिक्रमा करने आए थ्ज्ञा। ग्राम कोरोकला के पास काफी भीड़ हो जाने के कारण उनकी मां कश्मीरा पत्नी मूलचंद कही खो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नही चल सका।



संतों का माल्यार्पण करते राजस्व निरीक्षक व लेखपाल। अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# हसनपुर ज्योली स्कूल की छात्रा माही रही प्रथम

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र में गुरुवार को गणित व विज्ञान विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक उच्च प्राथमिक स्कूल से चयनित होकर छह-छह बच्चे ऑनलाइन प्रतियोगिता में ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रश्न हल करने के लिए बुलाए गए।

परीक्षा आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कटियार ने बताया कि कुल 240 बच्चों में 225 ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कराई गई प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया गया, जिन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया शेष छात्राओं को आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा में हसनपुर ज्योली स्कूल कक्षा सात की छात्रा माही देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे कक्षा आठ की शिवानी व तीसरे स्थान पर अप्रिसा देवी रही। शिक्षक ने बताया छात्रा माही देवी के पिता की सड़क दुर्घटना में कुछ समय पहले असमय मौत हो गई है, फिर लगन से पढ़ाई कर रही है। प्रतियोगिता की जिम्मेदारी संभाल रहे एआरपी कुलदीप सिंह, नीरज कुमार, केआरपी प्रियतम सिंह आदि शिक्षकों ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# बस की टक्कर से दो युवकों की मौत




संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना में पूर्व विधायक के पुराने पेट्रोल पंप के सामने बस ने बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो युवको की वहीं पर मौत हो गई, जबकि बुरी तरह ज़ख्मी हुए तीसरे युवक को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया गया है।

बताया गया है कि कछौना कोतवाली के कटियामऊ निवासी 20 वर्षीय रामसिंह पुत्र घुरई, 22 वर्षीय कमलेश पुत्र रामनरेश और 20 वर्षीय दीपक पुत्र लालबहादुर गुरुवार की शाम को प्लेटिना बाइक से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में कछौना मेन रोड पर पूर्व विधायक के पुराने पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही तेज़ रफ्तार बस ने सामने से प्लेटिना बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइक सवार रामसिंह व कमलेश की वहीं पर मौत हो गई, जबकि दीपक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। पुलिस ने जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया।

### पैदल जा रही बुजुर्ग की पिकअप से टकराकर गई जान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** घर में निकल कर अपने दूसरे मकान पर जाने के लिए जा रही सड़क के किनारे चल रही बुजुर्ग महिला को तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। इस बीच हादसा होते देख वहां मौजूद लोगों ने पिकअप और उसके ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बुज़ुर्ग महिला को सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली के गढ़ी चांद खां निवासी रामचरन की 70 वर्षीय बुज़ुर्ग पत्नी बिट्टा का दूसरा मकान शाहाबाद-साण्डी रोड पर है। गुरुवार सुबह वह अपने घर से दूसरे मकान पैदल जा रही थी। एक तेज़ रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गई। लोगों ने पिकअप व उसके ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। महिला को सीएचसी शाहाबाद ले जाया गयाजहां से डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां बुज़ुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### सरकारी जमीन पर किया अवैध निर्माण गिराया



अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में अवैध निर्माण गिराते कर्मचारी। अमृत विचार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जोगीपुर नौसारा में नगर पालिका की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए निर्माण को अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश की देखरेख में जेसीबी से गिरा दिया गया। शाहाबाद नगर पालिका परिषद की जमीन को बजरिया के रहने वाले एक व्यक्ति ने जोगीपुर नौसारा के रहने वाले रामकुमार मिस्त्री पुत्र नत्थू लाल को तीन लाख में बेच दिया था। रामकुमार ने जल्दबाजी में निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था। शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। गुरुवार दोपहर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश जेसीबी लेकर जोगीपुर नौसारा पहुंचे और उन्होंने अवैध निर्माण को गिरवा दिया। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। रामकुमार की मां अधिशासी अधिकारी से मकान न गिराने के लिए गिड़गिड़ाती रही और यह कहती रही कि वह अपने आप निर्माण गिरा देगी। अधिशासी अधिकारी ने शेष निर्माण अपने आप गिरा लेने के लिए निर्माण करने वाले को निर्देशित किया है।

### मतदाता जागरूकता को हस्ताक्षर अभियान शुरू

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद में चेयरमैन रामजी गुप्ता ने किया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर संजू शुक्ल् कमलाकांत, सर्वेश अग्निहोत्री, सौरभ व शुभम आदि लोग मौजूद रहे। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार तहसील में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क से प्रारम्भ होकर बस अड्डा तिराहा से होते हुए पुन: अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। रैली में उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर, नरेंद्र कुमार यादव (तहसीलदार शाहाबाद) अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद शाहाबाद, संतोष कुशवाहा नायब तहसीलदार शाहाबाद नरेंद्र यादव आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर एसडीएम पूनम भास्कर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि लोकसभा चुनाव निकट है, मतदाताओं को अपने मताधिकार कर सरकार चुनने का मौका मिलेगा। ऐसे में सभी क्षेत्रवासियों को चाहिए कि वह लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक मतदान कराएं।



अभियान की शुरुआत करते नगर पालिका परिषद के चेयरमैन।

# नए सभागार में 175 लोग कर सकेंगे बैठक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन फीता काटकर किया।

डीएम ने कहा कि कलेक्ट्रेट में एक बड़े मीटिंग हॉल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए सभागार में एक साथ 175 लोगों की बैठक की जा सकती है। सभागार में जूम कैमरे की व्यवस्था की गई है। चार बड़ी व एक छोटी स्क्रीन लगाई गई है। सभागार को सुविधाजनक बनाने का पूरा प्रयास किया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।



नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### नए सभागार में हुई उद्योग बंधु की प्रथम बैठक

कलक्ट्रेट परिसर के नए सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रथम बैठक के रूप में उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाये। उद्योगों को आवश्यक एनओसी ससमय जारी की जाएं। सभागार में जिलाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर उद्योग विभाग की मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेट दर्द से बेहाल युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार:** पेट दर्द से बेहाल युवक ने गेंहू के खेत के किनारे एक पेड़ से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह बघौली थाने के गंगापुर निवासी रामप्रसाद के गेहूं के खेत के पश्चिम खड़े अर्जुन के पेड़ में एक युवक का शव फंदे पर लटका देखा गया। पता लगते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त 24 वर्षीय मनीष पाल पुत्र अर्जुन पाल निवासी हन्नखुदा मजरा गंगापुर के रूप में कराई। घर वालों का कहना है कि मनीष पेट दर्द से परेशान रहता था। काफी इलाज कराया गया लेकिन कहीं से कोई फायदा नहीं हुआ। उसी से बेहाल होकर उसने ऐसा कदम उठाया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम और सीओ ने की बैठक




बैठक में मौजूद एसडीएम पूनम भास्कर व सीओ अनुज मिश्रा। अमृत विचार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर ने लोकसभा निर्वाचन, ला एंड आर्डर, आईजीआरएस निस्तारण आदि बिंदुओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को देखते हुए बनाए गए बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं साइनऐज, शौचालय, विद्युत, दिव्यांगो के लिए रैंप आदि व क्रिटिकल तथा बल्नरेबल बूथों की व्यवस्था चाक-चौबंद की जाएं। बैठक में शासन के निर्देशानुसार अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित करके उन्हें नोटिस देने के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी शाहाबाद अनुज मिश्रा, तहसीलदार शाहाबाद नरेंद्र यादव, खंड विकास अधिकारी काजल, प्रभारी निरीक्षक रामदेव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### शोकसभा में अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



शोकसभा करते अधिवक्ता व पत्रकार। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद एवं इंडियन एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कलेक्टर परिसर में स्थित स्वच्छता वाटिका में एकत्रित होकर बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता कमलेश चंद्र एवं वरिष्ठ पत्रकार आशीष त्रिवेदी के पिता सतीश त्रिवेदी का निधन हो जाने के पर आयोजित शोकसभा में पुण्य दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर महाकाल से सामूहिक कामना की। शोकसभा में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिव सेवक गुप्त जय शिव एवं इंडियन एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरनाथ खुनखुन अवस्थी, पूर्ण कुमार गुप्ता बबलू, अनिल सिंह, मधु धवन, संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता संजीव अवस्थी एवं प्रदेश संयुक्त सचिव युवा प्रकोष्ठ महेश प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रताप श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता लक्ष्मीकांत पांडे, अधिवक्ता सुशील मिश्रा मीनू एवं पूजा यादव अधिवक्ता मौजूद रहकर शोक सभा में गहरा दुख व्यक्त किया।

**खेलकूद**

**नुमाइश मैदान में चल रहे तीन दिवसीय दंगल के अंतिम दिन हुए 5 मुकाबले**

# दूर-दराज से आए पहलवानों ने दर्शकों को किया रोमांचित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** नुमाइश मैदान में चल रहे दंगल के अंतिम दिन पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाए। 27 जोड़ों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें पांच जोड़ों की कुश्ती बराबर पर छूटी। रोमांचक कुश्ती को देखने के लिए कुश्ती के शौकीन दूरदराज से मेला पंडाल में पहुंचे। तीन दिनों तक चले दंगल में पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

जलपापुर के रामजी व मानपारा के शिवा सिंह के बीच पहला मुकाबला हुआ। जिसमें रामजी ने जीत दर्ज कराई। ग्वालियर के गोल्टा व मुरादाबाद के खलील के बीच काफी देर तक दांव पेच चलते रहे। अंत में खलील ने गोल्टा को पटकनी देकर कुश्ती जीत ली। गजरौला के बॉबी व जोगीपुर के कुनीत के बीच हुई कुश्ती में कुनीत ने बाजी मारी। मेरठ के श्यामसुंदर ने दिल्ली खडखड़ी के रुस्तम को पटकनी दी। हरियाणा के अंकित को चंदौसी के अली ने मात दी। जोगीपुर के आशू व चंदौसी के घमंडी के बीच हुई कुश्ती में घमंडी ने जीत दर्ज कराई। बरेली के सतीश व राजस्थान के राजू के बीच बराबरी का रहा। हरदोई के अबरार व बरेली के इमरान के बीच हुआ। जिसमें अबरार ने जीत दर्ज कराई। दिल्ली के बिच्छू पहलवान व दिल्ली के ही श्याम सुंदर के बीच हुए मुकाबले में बिच्छू ने श्याम सुंदर को पटकनी दी। तीन दिन चले इस रोमांचक मुकाबले में पहलवान तो दूसरे प्रदेशों के थे लेकिन देखने वाले भी अन्य प्रदेशों के आए थे। कुश्ती के शौकीन पूरे वर्ष इस दंगल का इंतजार करते हैं।



दंगल में जोर-आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार

### सीएसएन राइजर्स और एम चाओ कैफे-11 जीते

**हरदोई, अमृत विचार :** सीएसएन पीजी कॉलेज में चल रहे द्वितीय बाबू मोहनलाल वर्मा क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। अपने-अपने मुकाबले में सीएसएन राइजर्स और एम चाओ कैफे-11 ने शानदार जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। पहला मैच सन राइडर्स और अब्दुल पुरवा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सीएसएन राइजर्स ने 11.1 ओवरों में ऑल आउट होकर 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अब्दुल पुरवा स्पोर्टिंग क्लब की टीम निर्धारित 12 ओवर में 75 रन बना सकी। चार विकेट लेने वाले सीएसएन राइजर्स के गेंदबाज़ अभिजीत दीक्षित को मैन ऑफ द मैच डॉ. अरुण मौर्या ने देकर पुरस्कृत किया। दूसरा सेमीफाइनल एम चौओ कैफे-11 व महाकाल वारियर्स के मध्य खेला गया। महाकाल वॉरियर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एम चौओ कैफे-11 ने 8 ओवर में एक विकेट होकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निर्णायक की भूमिका में डॉ. अरुण कुमार मौर्य, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. मिथिलेश सिंह, डॉ. राकेश सिंह ने निभाई। स्कोरर के रूप में अजय द्विवेदी व कमेंट्री नरेंद्र गोसाई और राहुल वर्मा ने की। क्रीड़ा सचिव डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि फाइनल मुकाबला शुक्रवार सुबह 10 बजे से खेला जाएगा।

# डेस्टिनेशन उत्तराखंड :



" माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम अपने राज्य के समग्र विकास, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की प्रगतिशील नीतियों और रणनीतिक पहल के माध्यम से हम आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर की दिशा में अग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखंड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है, जहां परंपरा और नवीनता का संगम होता है और जहां हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर विकास में योगदान देता है।

**-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री, उत्तराखंड "

## वेडिंग डेस्टिनेश के तौर पर उभर रहा उत्तराखंड

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखंड दुनिया के सबसे बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशन में से एक बनकर उभर रहा है

देश के उत्तरी क्षेत्र में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित उत्तराखंड अपने आध्यात्मिक महत्व, सुंदर पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इसे देवताओं की भूमि या 'देवभूमि' के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि उत्तराखंड श्रृद्धालुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव देखे हैं, जो इसे एक आध्यात्मिक गंतव्य के तौर पर विकासित कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल के वर्षों में डेस्टिनेशन वेडिंग काफी ट्रेंड में रही है और इस दिशा में भी उत्तराखंड किसी से पीछे नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तराखंड डेस्टिनेश वेडिंग के लिए सबसे तेजी से उभरते राज्यों में एक बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ विवाह स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार राज्य की असीम संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। दिसंबर 2023 में देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को 'वेड इन इंडिया' अभियान शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस दौरान उन्होंने संपन्न परिवारों से अपने विवाह के लिए उत्तराखंड को डेस्टिनेशन के रूप में चुनने का आह्वान किया था।

अपनी प्राकृतिक संद्ररता और सांस्कृतिक विरासत के चलते उत्तराखंड एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नैनीताल की शांत झील से लेकर औली की बर्फ से ढकी पहाड़ियों तक राज्य का हर भूभाग करिश्माई आकर्षण का अनुभव कराता है। जो लोग अपनी विवाह को अवस्मणीय अनुभव देना चाहते हैं, वे अपने वैवाहिक समारोहों की मेजबानी टेहरी की शांत झील, मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों या हरिद्वार के प्रचीन मंदिरों में कर सकते हैं।

जो बातें उत्तराखंड को शादियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बनाती

PIC: TARESH DUTTA



त्रियुगीनारायण

है, वह न केवल इसकी आश्चर्यजनक स्थल हैं, बल्कि इसकी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति भी हैं। राज्य में आयोजित होने वाली शादियां केवल एक समारोह से कहीं बढ़कर होते हैं। ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण से लेकर त्रियुगीनारायण की पवित्र ज्योति तक हर स्थान राज्य की सांस्कृतिक छवि की एक अनूठी झलक देखने को मिलती है।

साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी की धारणा एकजुटता के उत्सव से कहीं बढ़कर है। वह राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उत्तराखंड के लोगों के जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। इससे आगंतुकों की आमद और निवेश की संभावनाओं से रोजगार पैदा करने, बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेस्टिनेशन वेडिंग के आयोजन के लिए उत्तराखंड में त्रियुगीनारायण, ऋषिकेश, जोशीमठ, शांतिकुंज हरिद्वार, स्वर्ण मंदिर, चकराता, हर्षिल, देहरादून, कनाताल, मसूरी, औली, तेहरी झील, रामनगर, नरेंद्रनगर, ब्रह्मताल, नैनीताल, अल्मोडा, रानीखेत, भीमताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, रानीगढ़, नौकुचियाताल, और घोड़ाखाल आदि प्रसिद्ध स्थलों में शामिल हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड को सर्वोच प्राथमिकता देने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण उन सभी चीजों को बढ़ावा देता है, जो इस राज्य को उन्नत बनाती हैं। उत्तराखंड पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक राज्य बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर्यटक, रोमांच और उद्यम राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि उत्तराखंड सर्वोत्तम योगाभ्यास, रोमांचक खेल और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड विशेषकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध है और यह उनकी यात्राओं और इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकासकार्यों के लिए किए गए दूरदर्शी प्रयासों में साफ देखा जा सकता है

## बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिल रहा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा

PICS: DIPR, UTTARAKHAND



बद्रीनाथ धाम में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

सुरम्य उत्तरी राज्य उत्तराखंड अपने आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां भक्तों और आगंतुकों को समान रूप से आकर्षित करने वाले विभिन्न स्थलों में से एक बद्रीनाथ और केदारनाथ है। यहां श्रद्धालु व भक्त शांति का अनुभव करने के लिए आते हैं। इन पवित्र स्थानों को पुनर्स्थापित करने और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां की संभावनाओं का सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रुचि दिखाई हैं। उनके दिशा-निर्देशन व

**उत्तराखंड के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने उसके पूर्व गौरव को बढ़ा दिया है, जो दुनिया भर से तीर्थयात्रियों को राज्य की ओर आकर्षित कर रहा है**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरी समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्तराखंड में परिवर्तनकारी कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड के बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध को हम सबने देखा है। यह बात उनकी यात्राओं और इन प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों के उत्थान के लिए दूरदर्शी प्रयासों से स्पष्ट झलकता है। बाबा केदार के प्रति उनकी श्रद्धा, केदारनाथ धाम की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से प्रदर्शित होती है। यह इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महात्वकांक्षा बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लाने की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण है, जो प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की शुरुआत से ही उनके दिल के करीब रहा है। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद केदारनाथ के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पुनर्निर्माण ऐसा होना चाहिए, जिससे धाम की प्रतिभा और दिव्यता को पूर्ण रूप में प्रदर्शित किया जा सके। इसमें आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के निर्माण से लेकर प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीति केदारनाथ की पवित्रता बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

इसके अलावा, उत्तराखंड के आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे के समग्र विकास को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक प्रयास अब केदारनाथ और उसके आगे के क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसी परियोजनाएं, बद्रीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी शहर में बदलने के प्रयास को दर्शाती हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना भी इन पवित्र स्थलों तक कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार प्रधानमंत्री के समर्पण को उजागर करती है।

इन प्रयासों के चलते उत्तराखंड में आध्यात्मिक पर्यटन और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऑल वेदर रोड परियोजना, जिसे चारधाम सड़क परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, यह उत्तराखंड के चार धामों को जोड़कर भक्तों और आगंतुकों के लिए निर्बाध यात्रा को संभव बनाने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसी तरह से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, अपनी उद्यमशीलता और सरल तकनीक के साथ केदारनाथ और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करने के लिए संकल्पित है।

केदारनाथ और बद्रीनाथ का महत्व जितना आध्यात्मिक है, उतना ही यह अपनी प्राकृतिक सौन्यता के लिए भी विश्व स्तर पर श्रृद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है। यह प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहां के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ जुड़े पुनर्निर्माण उपायों ने केदारनाथ को उसका पुराना गौरव पाने में मदद की है, जिससे दुनिया भर से तीर्थयात्री आकर्षित होकर यहां आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन से केदारनाथ में नए विकास पर बल दिया जा रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण से लेकर सरस्वती रिटेनिंग वॉल और तीर्थ पुरोहित घरों जैसी आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन करने तक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा उत्तराखंड की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण का प्रतीक है। केदारनाथ के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव, उनकी सच्ची बातों श्रृद्धालुओं बीच गूंजती हैं और इन धार्मिक स्थानों के महत्व को विस्तार देती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐसे उद्यमों का परिवर्तनकारी प्रभाव बुनियादी ढांचे के विकास से आगे बढ़ता है, जिससे उत्तराखंड में समावेशी विकास और पर्यटन को बल मिलता है। नीतिगत प्रोत्साहन और क्षेत्रीय प्राथमिकता, विशेष रूप से पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा पर उनके फोकस ने उत्तराखंड को निरंतर विकास करने वाले अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। बुनियादी ढांचे के विस्तार में राज्य की प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के प्रति उनके समर्पण ने न केवल अर्थव्यवस्था को बल दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया है।

बद्रीनाथ और केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अटूट आस्था ने उत्तराखंड में आध्यात्मिक पर्यटन के पुनरुद्धार को प्रेरित किया है। दूरदर्शी प्रयासों और



केदारनाथ मंदिर के दर्शन करते जाते श्रद्धालु

नए विकास कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन धार्मिक स्थानों को पुनर्स्थापित कर समृद्धि और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हाल के वर्षों में हासिल की गई अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए उत्तराखंड सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं। यह सराहनीय प्रगति पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उन्नत क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार, सतत विकास के लिए बेहतर मानक स्थापित होते देखकर मुझे खुशी होती है। अपने प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखंड की रणनीति न केवल इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। मैं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण की प्रशंसा करता हूं और आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति की भी आशा करता हूं।

PICS: UTDB




टिहरी में पैराग्लाइडिंग

देश में जब रोमांच पर्यटन की बात आती है, तो उत्तराखंड अपने विविध परिदृश्यों और रोमांच प्रेमियों का पंदीदा स्थन बन जाता है। यहां रोमांचक गतिविधियों की कोई कमी नहीं है। आपको यहां जोश से भर देने वाले कई खेल खेलने को मिल जाते हैं और यही कारण है कि दुनियाभर के रोमांच प्रेमियों के लिए यह राज्य असाधारण अनुभव प्रदान करता है। कई सैलानी तो केवल इन गतिविधियों में शामिल होने के लिए ही उत्तराखंड आते हैं। एडवेंचर के दीवानों के लिए यहां रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग, हाइकिंग और बंजी जंपिंग समेत कई तरह के रोमांचक खेल और गतिविधियां मौजूद हैं।

### ट्रैकिंग और हाईकिंग

ट्रैकिंग और हाइकिंग के माध्यम से आप उत्तराखंड के सुदूर जगहों की यात्रा कर सकते हैं। यहां पारंपरिक रूपकुंड ट्रैक पर ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है, जहां हरे-भरे जंगल और घास के मैदानों के बीच या फूलों की घाटी के बीच से होकर गुजरना सुखद अहसास दे सकता है। लंबी सैर करने वालों के लिए केदारकांठा और गौमुख-तपोवन ट्रैक जीवन भर के लिए यादगार अनुभव दे जाते हैं।

### बंजी जंपिंग

विश्व की योग राजधानी के रूप में भी पहचाना जाने वाला ऋषिकेश अपने जोशीले रोमांच के लिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां पूरे देश में सबसे ऊंची बंजी जंपिंग में साइट है। गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने की इच्छा रखने वाले रोमांच प्रेमी शानदार हिमालय पहाड़ियों के बीच बंजी जंपिंग में करने के लिए यहां आते हैं।

### स्कीइंग

चमोली जिले में स्थित औली को स्कीइंग प्रेमियों के केंद्र के रूप में जाना जाता है। दूर तक बर्फ से ढकी पहाड़ी ढलानों के साथ रोमांच प्रेमी इसके शीतकालीन वंडरलैंड से रास्ता तय करते हुए औली की यात्रा करते हैं। यह शानदार स्थल राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां एथलीटों को अपनी ताकत दिखाने का पूरा मौका मिलता है।

### रिवर राफ्टिंग

उत्तराखंड की नदियां केवल राज्य की सुंदरता को ही नहीं बढ़ाती हैं, बल्कि व्हाइट वॉटर राफ्टिंग के प्रेमियों में जोश भर देती हैं, जो यहां रोमांच के लिए आते हैं। जब पर्यटक सफेद पानी में राफ्टिंग के माध्यम से रैपिड्स पर विजय प्राप्त करते हैं या गंगा, टोंस और अलकनंदा नदियों में एक शांत कैनोइंग या कयाकिंग के दौरान पानी पर नौका चलाते हैं, तो निश्चित रूप से उन्हें अलग रोमांच का अनुभव मिलता है।

### पैराग्लाइडिंग

रोमांच प्रेमी यहां आसमान की सैर भी कर सकते हैं और पैराग्लाइडिंग से उत्तराखंड की भव्यता का आनंद ले सकते हैं। नैनीताल, मुक्तेश्वर, या पिथोरागढ़ के मनोरम स्थानों से वह आसमानी उड़ान भरकर शानदार हिमालयी इलाकों का नजारा भी ले सकते हैं। रोमांच के अलावा, उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र ने स्थानीय निवासियों के लिए समृद्धि भी लाई है और यहां रोजगार की संभावनाएं सृजित की हैं। इससे रोमांच पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास को भी बढ़ावा मिला है।



रिवर राफ्टिंग



ट्रेकिंग

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा में पार्वती कुंड और आदि कैलाश पर्वत जैसे धार्मिक स्थलों का दौरा शामिल था। यह न सिर्फ प्रदेश की आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है, बल्कि इसके विस्तार और पर्यटन की अपार संभावना पर भी जोर देता है

## पीएम मोदी के दौरे से उत्तराखंड में पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को मिल रही मजबूती

अक्टूबर 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिथोरागढ़ जिले की यात्रा ने राज्य की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समृद्धि को उजागर करने के साथ-साथ उत्तराखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। उनकी यात्रा में पार्वती कुंड और आदि कैलाश पर्वत जैसे धार्मिक स्थलों का दौरा शामिल रहा, जो न सिर्फ प्रदेश की आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है, बल्कि इसके विस्तार और पर्यटन की संभावना पर भी जोर देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत उत्तराखंड के प्राकृतिक दृश्यों के बीच प्रतिष्ठित तीर्थ स्थान पार्वती कुंड से की। पारंपरिक स्थानीय पोशाक पहने हुए प्रधानमंत्री पूर्ण श्रद्धा के साथ भक्ति अर्पित करते हुए आध्यात्मिक आभा में लीन हो गए। ढोल और शंख बजाने की परंपराओं के साथ उनकी उपस्थिति ने स्थानीय मान्यताओं, रीति-रिवाजों और उनके प्रति पीएम के सम्मान को प्रदर्शित किया।



पिथौड़ागढ़ यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

प्रधानमंत्री की पार्वती कुंड यात्रा न केवल एक प्रतीकात्मक संकेत थी, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और प्रोत्साहित करने के समर्पण का एक प्रमाण भी थी। शिव-पार्वती मंदिर में 'आरती' करके और आदि कैलाश शिखर के सामने ध्यान करके उन्होंने इस भूमि की पवित्रता का अवलोकन किया और देश की समृद्धि और कल्याण के लिए आशीर्वाद भी मांगा।

इसके अलावा, पार्वती कुंड और सीमावर्ती गांव गुंजी दोनों में निवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



उत्तराखंड के पिथौड़ागढ़ जिले में पार्वती कुंड के पास ध्यान लगाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

ने बातचीत की और उनकी जरूरतों और कल्याण जैसे विषयों पर विचार आदान-प्रदान किए। स्थानीय लोगों के साथ जुड़कर उन्होंने उनकी शिकायतें सुनीं, उनके साथ खुशियां बाटीं और उनके उत्थान के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस बैठक से जहां वे स्थानीय लोगों की भावनाओं को जान पाए, वहीं उन्होंने उनमें अपनेपन और एकजुटता की भावना भी पैदा की।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि हर बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड दौरा राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए काफी महत्व रखता है। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने पिथौरागढ़ में 4,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन को नई मुहीम दी। इन प्रयासों का उद्देश्य उत्तराखंड के नागरिकों के लिए विकास को बढ़ावा देना, कनेक्टिविटी में सुधार और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश पर्वत की यात्रा भी उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र के लिए बहुत महत्व रखती है। इस पवित्र स्थल का दौरा करने वाले वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने एक पर्यटन स्थल के रूप में इस क्षेत्र की संभावना को निखारने के लिए राज्य का मार्गदर्शन किया है। स्थानीय कला, शिल्प और उत्पादों के प्रति उनकी रुचि का ही परिणाम है कि गुंजी गांव में भारत-तिब्बत व्यापार केंद्र के साथ उत्तराखंड राज्य ने अपनी सांस्कृतिक विविधता और वाणिज्यिक संभावनाओं को नया विस्तार दिया है।

# प्रगति की ओर अग्रसर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसखंड मंदिर माला मिशन के हिस्से जागेश्वर धाम मंदिर का दौरा किया

## धार्मिक वैभव को पुनर्जाग्रित करता मानसखंड मंदिर माला मिशन

**'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के हृदय स्थल के रूप में यहां के 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं के विभिन्न जिलों में फैले 16 पौराणिक मंदिरों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।**

उत्तराखंड कई प्राचीन मंदिरों और पवित्र स्थलों की भूमि है। यही कारण है कि यह देवभूमि के रूप में विश्वविख्यात है। ये मंदिर कुमाऊं क्षेत्र में फैले हुए हैं और लंबे समय से आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों में बसे हैं। यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है।

उत्तराखंड की वादियों में स्थित ऐसे मंदिरों तक भक्तों और श्रद्धालुओं की पहुंच बनाने को लेकर धामी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश के ऐसे कई धार्मिक स्थलों, जिनके बारे में भक्तों को ज्ञात नहीं हैं, उनकी भव्यता से साक्षात्कार कराने के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन मंदिरों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझते हैं और मंदिरों के वास्तुशिल्प चमत्कारों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के तहत एक दूरदर्शी पहल शुरू की है।

इस प्रयास का मूल 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करना है, जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों में फैले 16 मंदिरों पर विशेष जोर दिया गया है। सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रहे ये मंदिर अब बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने को तैयार हैं, उनकी पहुंच और भव्यता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे में विकास की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन केवल भौतिक नवीनीकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक समग्र रणनीति भी शामिल है, जिसमें उन्नत सड़क कनेक्टिविटी, आतिथ्य और आवास सेवाएं और संरक्षण जैसी बातें शामिल हैं।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के प्रतिष्ठित स्थलों तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहते हैं कि मानसखंड की परिकल्पना के तहत आने वाले जितने भी धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल हैं, उन्हें अच्छी कनेक्टिविटी देने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। राज्य में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने में निर्बाध परिवहन नेटवर्क की भूमिका अहम है। इन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। तीर्थयात्रा के दौरान सुविधा के साथ-साथ बेहतर सड़क व अन्य बुनियादी ढांचा के विकास से इन स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए भी आर्थिक संभावनाएं बनेंगी।

पारंपरिक आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए अहम है। मुख्यमंत्री धामी चाहते हैं कि यह कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से भक्तों और आगंतुकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आसपास के स्थानों के विस्तार और आतिथ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए बजट का आवंटन किया गया है और यह पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी ने जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनसे मानसखंड मंदिर माला मिशन के काम पर समर्थन मांगा। बैठक में उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन के उद्देश्यों और अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन की सफलता ने आवश्यक संसाधन जुटाने के उनके संकल्प को दर्शाया है। साथ ही, उत्तराखंड के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा देने में भी इस पहल की महत्वता बढ़ने वाली है।

### मानसखंड एक्सप्रेस

मानसखंड एक्सप्रेस मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत शुरू की जा रही एक विशेष ट्रेन सेवा है, जो कोलकाता को टनकपुर से जोड़ेगी। लंबी दूरी की इस ट्रेन की सेवा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है और यह कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों और देश भर के भक्तों के बीच एक मजबूत संबंध के रूप में कार्य करेगी। मानसखंड एक्सप्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं से युक्त होगी और आतिथ्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

इसके अलावा, राज्य की विरासत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए उत्तराखंड सरकार का अपने ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों के संरक्षण और उन्नति के लिए प्रतिद्धता के साथ काम कर रही है। इसके लिए विरासत अधिनियम बनाने के उपाय किए गए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मान्यता प्राप्त 16 मंदिरों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं और इनके माध्यम से सरकार उनके संपूर्ण पुनरुद्धार कर रही है। एक सहकारी मिशन के तहत विभिन्न विभागों और प्रभागों का संगम इस प्रयास को आगे बढ़ा रहा है।

जैसे-जैसे मानसखंड मंदिर माला मिशन गति पकड़ रहा है, यह न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी सुनिश्चित कर रहा है। उत्तराखंड की परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्मिकता और बुनियादी ढांचे के विस्तार का बेहतर संयोजन निश्चित रूप से उत्तराखंड के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को दर्शाता है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, देश के भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता का एक भी अप्रतिम उदाहरण है।



गिरिजा देवी मंदिर



**"मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखंड सरकार को बधाई देता हूं। ऐसा निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने के चलते संभव हुआ है। इसके साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखंड की प्रतिबद्धता ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की आशा करता हूं।**

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री"**



बैजनाथ



बागनाथ मंदिर



गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब



जागेश्वर धाम मंदिर



कसार देवी मंदिर

## उत्तराखंड की पर्यटन क्षमता को विस्तार देती उत्तराखंड पर्यटन नीति 2030

**उत्तराखंड पर्यटन नीति-2030 के जरिये उत्तराखंड सतत और समावेशी विकास पर जोर दे रहा है। राज्य की प्राथमिकता उत्तराखंड के पर्यटन हॉटस्पॉट को वैश्विक पहचान दिलाने की है और इस दिशा में विभिन्न स्तरों पर सार्थक प्रयास भी किए जा रहे हैं।**

उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सुंदरता के लिए पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। आज भी, राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में खुद को निखारने के लिए असीम क्षमता मौजूद है। उत्तराखंड पर्यटन नीति- 2030 की शुरुआत के साथ राज्य सतत और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे रहा है। अपने पर्यटन स्थलों के कारण देवभूमिक को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली हुई है। अब उत्तराखंड पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण तैयार किया जा रहा है।

उत्तराखंड पर्यटन नीति- 2030 का मुख्य सिद्धांत यहां के पर्यटन में निखार लाने वाले सभी हितधारकों को सशक्त बनाना है। इससे यह भी सुनिश्चित हो सकेगा कि प्रत्येक व्यक्ति उत्तराखंड की विकास यात्रा में योगदान दे और इसका लाभ उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह नीति समग्र विस्तार को बढ़ावा देते हुए भविष्य में समग्र हितों को बढ़ावा देते हुए पर्यटन को हर लिहाज से सुविधाजनक बनाएगी।

स्पिरिचुअल और वेलनेस डेस्टिनेशन के अपने पारंपरिक पर्यटन के अलावा उत्तराखंड अपनी बहुमुखी क्षमताओं व आकर्षण को सामने रखता है। विरासत और प्रकृति पर्यटन से लेकर जंगल के रोमांच और वेलनेस रिट्रीट तक, राज्य हर पर्यटक को यादगार अनुभव देने का प्रयास करता है। इसके अलावा सर्दियों सहित हर मौसम में राज्य में पर्यटन पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, ताकि निश्चित होकर पूरे साल यहां पर्यटकों को आना जाना लगा रहे।

उत्तराखंड पर्यटन नीति- 2030 में का सबसे महत्वपूर्ण पहलु है उत्तराखंड की सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदा का लाभ उठाते हुए प्रामाणिक और वास्तविक अनुभव बनाना। पर्यटन समूहों और सर्किटों को विभिन्न रुचियों और पसंद को पूरा करते हुए नए गंतव्य के रूप में स्थलों को प्रस्तुत करने के लिए इन्हें डिजाइन किया जाएगा।

उत्तराखंड पर्यटन नीति- 2030 भी राज्य के पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर देने के साथ स्थिरता को प्राथमिकता देती है। प्राकृतिक संसाधनों, जंगल और सांस्कृतिक संपत्तियों को संरक्षित करने के उपाय अहम हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उत्तराखंड वर्षों तक सुंदर और आकर्षक बना रहेगा।

डिजिटल युग के अनुरूप, उत्तराखंड प्रौद्योगिकी के साथ कदम ताल करते हुए यहां आने वालों को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान करना चाहता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन, बुकिंग और डेटा प्रसार के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म संचालित किए जाएंगे, ताकि राज्य में आने वाले आगंतुकों को आराम के साथ उनका दिल भी जीता जा सके।

इस नीति में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया है। सरकार ने आतिथ्य और पर्यटन उपक्रमों के लिए व्यापार करने में आसानी को प्रोत्साहित किया है। इस संयुक्त रणनीति से नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

उत्तराखंड पर्यटन नीति-2030 पर्यटन से जुड़े लोगों तक लाभ पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण और सभ्यता पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए उच्च मूल्य वाले पर्यटन पर जोर देती है। हब एंड स्पोक मॉडल सैलानियों के अनुभवों को बढ़ाने के लिए संतुलित क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में सुधार की बात करता है।

अर्थव्यवस्था में सालाना 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान करने और निजी निवेश को आकर्षित करने के उद्यमशील लक्ष्यों के साथ उत्तराखंड एक स्थायी पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना चाहता है। इससे नौकरी की संभावनाएं और विदेशी यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। पर्यटक-अनुकूल बुनियादी ढांचे को स्थापित करना, नए गंतव्य विकसित करना और विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। नवाचार, स्थिरता और समावेशिता के साथ उत्तराखंड विश्वसनीय पर्यटन की आभा से दुनिया भर के पर्यटकों को लुभा रहा है।




उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक एमओयू कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



कॉर्बेट नेशनल पार्क का जायजा लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## पीएम मोदी का 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' उत्तराखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दे रहा मजबूती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' अलग-थलग पड़ चुके सीमावर्ती गांवों के लिए आशा की किरण है, जिसमें व्यापक विकास और आर्थिक उत्थान की भावना निहित है**

उत्तराखंड के 19 सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला यह कार्यक्रम आगामी 10 वर्षों की अवधि में 3,000 गांवों को विकसित करने की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। यह मूलभूत सुविधाएं प्रदान करके के साथ ही सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने लक्ष्य को साकार कर रहा है। इसके प्रारंभिक चरण में 1,42,000 की कुल आबादी वाले 662 गांवों में 4,800 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम अपने आप में विशेष है। इसके अंतर्गत सड़कों के निर्माण और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 2500 करोड़ रुपये के आवंटन से देश भर के विभिन्न गांवों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां के भौगोलिक परिदृश्य लगातार कठिनाइयां पैदा करते हैं। यह बाजारों तक पहुंच को आसान बनाएगा और इससे स्थानीय लोगों के जीवन में गुणवत्ता आएगी।

देश की वित्तीय स्थिरता को मजबूती प्रदान करने में भी यह अहम भूमिका निभाएगा। यह कार्यक्रम सीमावर्ती गांवों के विकास को प्राथमिकता देकर भारत की उन्नति की आधार बनेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिथौरागढ़ जिले में स्थानीय लोगों के साथ

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के शुभारंभ से उत्तराखंड और अन्य राज्यों के सीमावर्ती गांवों का जीवन स्तर बेहतर होगा, जिसका प्रत्यक्ष लाभ वहां के लोगों को मिलेगा, जो अंततः सबका साथ, सबका विकास की भावना को दर्शाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अनंत संभावनाओं का द्वार भी खोलेगा।

## उत्तराखंड होमस्टे योजनाः राज्य की परंपरा को करीब से देखने का मौका

**'कहीं से भी काम' करने की संस्कृति ने उत्तराखंड के होमस्टे योजना को नए आयाम दिए हैं। यह एक आदर्श डेस्टिनेशन है। साथ ही, यह यहां आने वाले लोगों के लिए उत्तराखंड को करीब से जानने का भी अवसर प्रदान करता है।**

उत्तराखंड सरकार ग्रामीणों को रोजगार के वैकल्पिक स्रोत प्रदान करने और निवास के मूल स्थान से पलायन को रोकने पर ध्यान दे रही है और इसके लिए राज्य के सभी जिलों में होमस्टे को बढ़ाने के लिए सरकार हर संभव सहायता दे रही है। वर्तमान में उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड में 5,000 से अधिक होमस्टे पंजीकृत हैं। विभाग होमस्टे मालिकों को मार्केटिंग और ट्रेनिंग के लिए जरूरी सहायता प्रदान करता है। धामी सरकार दीन दयाल उपाध्याय गृह-आवास (होमस्टे) योजना के माध्यम से होमस्टे मालिकों को वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रही है, जिसमें स्थानीय निवासियों को पर्यटकों के लिए कमरों के पुनर्निर्माण/नवीनीकरण में वित्तीय सहायता की सुविधा मिलती है।



उत्तराखंड सरकार की योजना के तहत मसूरी स्थित मीनाक्षी सदन होमस्टे



राज्य के एक होमस्टे में सीएम पुष्कर सिंह धामी

उत्तराखंड में होमस्टे को केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय से भी मान्यता मिली हुई है। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पिथौरागढ़ जिले के सरमौली गांव को सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे का पुरस्कार दिया गया। बकरी गांव, सेंदुल गांव (टिहरी गढ़वाल) और कुमाऊं क्षेत्र में होमस्टे जैसी कई पहलों ने भी प्रशंसा हासिल की है। सरकार स्वच्छता और यात्रियों की भोजन के पसंद को प्राथमिकता दे रही है। इस विषय में जागरूकता बढ़ाते के साथ सरकार चाहती है कि उत्तराखंड के होमस्टे, पर्यटकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार खुद को उन्नत करें। इसलिए होमस्टे के बुनियादी ढांचे को विकसित के अलावा, सरकार पेशेवर एजेंसियों के माध्यम से होमस्टे के प्रबंधन और रखरखाव में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण भी प्रदान कर रही है।

Text input: Sumit Pant, director, Tourism

## उत्तराखंड के कम प्रसिद्ध स्थलों में भी पर्यटन को बढ़ावा देना

**यूटीडीबी और आईआरसीटीसी की संयुक्त पहल से उत्तराखंड के कम मशहूर स्थलों को भी पर्यटकों के बीच में नई पहचान मिल सकेगी।**

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) मिलकर उत्तराखंड के पर्यटन के विकास को नई गति देने जा रहे हैं। इससे यहां के पर्यटन को और बढ़ाने में मदद मिलेगी, क्योंकि इसके माध्यम से ऐसे स्थलों को निखारने पर जोर दिया जा रहा है, जो उत्तराखंड के लिए प्राइम डेस्टिनेशन नहीं रहे हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों से विशेष पर्यटक रेलगाड़ियां शुरू की जाएंगी, जो राज्य के अनोखे स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचाएंगे।

यह विशेष पर्यटक ट्रेन अप्रैल 2024 में अपनी सुविधाएं प्रदान करना शुरू करेगी। यह सेकेंड एसी कोचों में प्रति यात्रा 500 पर्यटकों को सुखद यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसके तहत पर्यटकों को कई पैकेजों का लाभ मिल सकेगा, जिसमें जहाज पर सुविधाओं से लेकर आवास, परिवहन और दर्शनीय स्थलों की यात्रा तक सब कुछ समाहित होगा। इसे आईआरसीटीसी द्वारा ही प्रबंधित किया जाएगा। यूटीडीबी और आईआरसीटीसी का प्रयास यात्रा के दौरान राज्य के व्यंजनों से भी यात्रियों का परिचय कराना है। साथ ही, निवासियों को गाइड के रूप में काम करने का अवसर देकर उनके लिए व्यवसाय की असीम संभावनाएं सृजित करना है।

Text: Taresh Dutta

CONSUMER CONNECT INITIATIVE

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार

संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है। लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया। यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन कर उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# शोधकार्य में भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे।

शोध चिंतन नए ज्ञान के सृजन से पहले का एक फलसफा होता है। विषय से संबद्ध टॉपिक के बारे में चिंतन की प्रक्रिया का एक क्रमिक इतिहास भी होता है। भारत में शोध चिंतन और पद्धतियों के बारे में ज्ञान मौजूद रहा,लेकिन 'एक्सपेरिमेंटल फ्लेवर' गायब हो गया जिसके लिए राज्याश्रय और सहयोगियों की जरूरत रहती है।

देश में शोध के लिए क्षेत्रीय चिंतकों का अभाव हुआ तो मौलिक चिंतन की अधिकांश धाराएं सूखती रहीं और ब्रिटिश आधिपत्य का असर सन् 1763 के बाद से हम पर बढ़ने लगा। पीछे लौटने का कोई अवसर नहीं बचा। ब्रिटिश लोगों ने हमारे अधिकांश 'मटेरियल कल्चर' को बदल दिया जिसकी जड़ में थी। हमारी शिक्षा पद्धति और शैक्षिक टूल्स जैसे कि भाषा और व्याकरण, खगोलीय गणनाएं और गणित, केमिस्ट्री और एस्ट्रोनॉमी एवं आयुर्विज्ञान। अपने रंग में क्रमशः रेंज जाने के लिए ब्रिटिश लोगों ने देश में जिस तरह से यूरोपियन पद्धति में गवेषणा और अन्वेषण के लिए अनेक अर्द्ध और पूर्णतः वैज्ञानिक संस्थान स्थापित किए उनके कार्यकलापों के चलते आने वाले समय में परिवेशी भारतीय सांस्कृतिक चिंतन से जुड़ी हुई वैज्ञानिक पद्धति में बदलाव होने लगे। इससे भारतीय शोध चिंतन के दर्शन का भी ब्रिटिश पद्धति से 'इंस्टिट्यूशनलाइजेशन' होने हुआ।

ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद भारत में जिन अनेक वैज्ञानिक,तकनीकी,इंजीनियरिंग और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की झड़ी लगी तब इन्हें भी मजबूरन उसी लीक पर चलाया गया,ऐसा तो नहीं कहेंगे,परंतु इनका अधिकांश रंग-ढंग आधुनिक और यूरोपियन ही रहा। भारतीय वैज्ञानिक दर्शन से उपजने वाला चिंतन अब सिर्फ पृष्ठभूमि के रूप में एक कुलबुलाते हुए जीवाश्म के रूप में बचा है। पीछे लौट जाना नामुमकिन ही है,क्योंकि रास्ते में ऐसे पावरफुल फिजिकल बैरियर्स उठ खड़े हुए हैं,जिन्हें ध्वस्त करना बस की बात नहीं। शोध चिंतन की मुख्य धारा अब एक प्रकार से 'यूनिवर्सल' हो गई है जिसे न तो आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवादी चिंतन से मुकाबला करके हम बदल सकते हैं और न ही प्राचीन सभ्यताओं का शक्तिशाली माना जाने वाला वह जैविक सांस्कृतिक परिवेश (कल्चरल इकोलॉजी) जिस पर हरेक मातृदेश खासतौर से भारत नित गर्व करता है,इसके आवेग को रोक सकता है, उलटा प्रतिक्रिया स्वरुप इसे गौरवान्वित करते रहने के लिए नित नए आयोजन करता है।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते।

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे। शोध चिंतकों और विज्ञान की अनेक शाखाओं में पश्चिम के फलस्फाकारों की संख्या अत्यधिक है। विज्ञान से संबंधित अभिलेखागारों को देखें तो करोड़ों की संख्या में अपने प्रकाशनों के जरिए से इन्होंने इसे इतना ताकतवर बना दिया है कि अब सभी प्राचीन सभ्यताओं में स्वतंत्र चिंतन की गुंजाईश नहीं बची है। चाहे यह मिस्र देश हो,भारत या चीन हो या मेसोपोटामिया के अवशेषों को छिपाए हुए ईराक और ईरान।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते। कुछ रोज पहले महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा में प्रोफेसर,कृपाशंकर चौबे ने इस बारे में एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख के जरिए से यह मुद्दा उठाया है कि हम विशुद्ध भारतीय दार्शनिक चिंतन से अपने शोधकार्यों की धारा क्यों नहीं मोड़ लेते? उन्होंने इसमें एक स्थान पर शोधकार्य के चिंतन में 'व्यावहारिक पक्ष' शब्दयुग्म का प्रयोग किया है। मेरा मानना है कि खालिस तौर से भारतीय शोध चिंतन की विरासत के बल पर हम दुनिया में कहीं और क्या हो रहा है उसका मुकाबला नहीं कर सकते। दुनिया में शोध चिंतन और इसका व्यवहार अत्यंत कम्पीटीटिव हो चुका है। शोध के नतीजे को साझा करने के लिए इंटरनेट के जरिए तीव्रता से इसके प्रसार,थ्योरेटिकल रूप से इसका उपयोग करने जैसे कि नैदानिकी और उपचार में और टेक्नोलॉजी कंवर्जन के जरिए से गैजेट्स में बदलने के लिए अब दशकों और सदियों का विलंब नहीं होता। कमर्शियल रूप से इसका फायदा ही नहीं,बल्कि टेक्नोलॉजीकल बढ़त मिलने से राष्ट्र ताकतवर बनते हैं। जैसा कि मिलिट्री हार्डवेयर और विनाशक अस्त्र और संचार के साधनों के विकास और इनका कंट्रोल किस के हाथ में है,इससे प्रतीत होता है।

शोध चिंतन अब यूनिवर्सल कैरेक्टर अख्तियार कर चुका है और आपसी सहयोग या कोलैबोरेशन और कूटनैतिक आश्रय के बिना एक भी देश अकेला पावरफुल नहीं बना रह सकता। व्यक्ति में समाई हुई एकल शोध वृत्ति या एक ही व्यक्ति के चिंतन से चलने वाले शोध चिंतन की पारंपरिक भारतीय पद्धति से हम किस नाते सुपर-पॉवर बनने का स्वप्न देख सकते हैं? इसीलिए शोध चिंतन की अपनी विरासत की सीमा पर एक बार फिर से दृष्टि डालें तो मालूम होता है कि अंग्रेज या अन्य यूरोपियन कॉलोनियल पावर्स ने टेक्नोलॉजी के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व शोध चिंतन के उदय का पूरा फायदा उठाया और साहसिक कदम उठाए। यह माना जाता है कि चिंतन एक 'एबस्ट्रेक्ट' एंटिटी है और इसकी फॉर्म इनटेंजीबल। आधुनिक यूनिवर्सल पद्धति से शोध चिंतन में भारतीयता का पुट कैसे डाला जा सकता है और इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए यह तो वैज्ञानिक-दर्शन चिंतन से उपजे नतीजे,इसके इस्तेमाल से बनाए जाने वाले उत्पाद और टेक्निक्स और टेक्नोलॉजी के सामाजिक और आर्थिक तजुर्बों को महसूस करने वाले हमारे वरिष्ठ वैज्ञानिक ही बता सकते हैं। आचार्य चंद्रशेखर वेंकट रमण ने भारतीय वाद्ययंत्र वीणा के तारों को एक पद्धति और क्रम से अंगुलियों की ताकत लगाकर हिलाने से पैदा हुई झंकार (फ्रीक्वेंसी एंड रेजोनेंस) पर शोध करके यह बताया कि इसकी ध्वन्यात्मक प्रॉपर्टीज क्या और क्यों हैं? भारतीय तंत्रीवाद्यों में वीणा प्राचीनतम वाद्य यंत्र हैं और इसकी फॉर्म भी अनेक हैं,जैसे कि नारदीय वीणा। दूसरा उदाहरण है आचार्य जगदीश चन्द्र बसु द्वारा यह कहना कि वनस्पति में भी जीवन है,अहसास और भावनाएं होती हैं। यह बात तो हमारे प्राचीन मनीषी एक अरसे से कहते रहे थे,लेकिन इसका फिजिकल प्रूफ उस तरीके से वे प्रोड्यूस न कर पाए जैसा कि आचार्य बसु ने किया।

अब तो हालात ऐसे हैं कि आयुर्वेद के अंतर्गत काया-चिकित्सा,भेषजगुण विज्ञान,रसायन, शल्य और नैदानिकी में भी विशुद्ध तौर से भारतीय शोध-चिंतन आधुनिक पद्धतियों की तरफ झुक गया है,मजबूरी में नहीं,बल्कि जरूरत के लिए। आधुनिक आयुर्वेज्ञानिक चिंतन में 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन'नामक एक नई शाखा का उदय हुआ जिसमें मौलिक चिंतन यह है कि शरीर की जिन व्याधियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति (मॉडर्न सिस्टम ऑफ मेडिसिन) में नहीं है उनके इलाज के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों (यूनानी एवं तिब्बिया,आयुर्वेद एंड सिद्ध) को अपनाया जाना चाहिए। देश में शोध की एक नहीं अनेक ऐसी परियोजनाएं चालू हैं जिनमें भारतीय चिंतन और आधुनिक शोध एवं कार्यविधियों को आपस में समवेत किया गया है।

मसलन अयोध्या में बनाए गए रामलला मंदिर के निर्माण से पहले और निर्माण कार्य के दौरान मॉडर्न साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिन तकनीकों का इस्तेमाल सीएसआईआर की मार्फत किया गया। इनमें हैं इमारत की नींव और सुपर-स्ट्रक्चर की स्थिरता का रिक्टर स्केल पर अधिकतम आठ डिग्री तक की भूकंप सह्यता का मापन और देवमूर्ति को सूर्य तिलक देने के लिए ऑप्टो-मैकेनिकल डिवाइस की स्थापना। गंगा नदी के प्रवाह के मैदानी क्षेत्र लिए कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा अयोध्या क्षेत्र की भू-गर्भीय संरचना की जांच की गई और विश्वासपूर्वक कहा गया कि वर्तमान मंदिर 10000 वर्ष तक स्थिर रहेगा।

## प्रसंगवश

# वासांसि जीर्णानि यथा विहाय

राजनीतिक दलों में हाई कमान संस्कृति काफी प्रबल होती दिख रही है जिसकी शुरुआत कांग्रेस में इंदिरा गॉधी के कार्यकाल से हुई। हालांकि अब इसमें भाजपा सबसे आगे है जिसमें केंद्रस्थ मोदी-शाह युग्म ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। आंतरिक लोकतंत्र न के बराबर है। प्रदेशों के चुनाव भी मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं,जहां उनके मुख्यमंत्री बनने की कोई संभावना नहीं होती है। राज्यों के मुख्यमंत्री ऊपर से नामांकित होते हैं और निर्वाचित विधायकों को उसी नाम पर मोहर लगानी होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ मास पहले हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं,जहां जननायक तो क्रमशः शिवराज सिंह,वसुंधरा राजे सिंधिया तथा डा.रमनसिंह थे,किंतु उच्च कमान ने इन सबको किनारे लगाकर अपनी च्वाइस के मुख्यमंत्री बनाए। राजस्थान में वसुंधरा कुछ अड़ रही थीं तो केंद्र ने भारी भरकम नेता राजनाथ सिंह को यह टास्क सौंप दिया। उन्होंने बखूबी राजे को किनारे लगाने का कार्य संपन्न कर दिया,हालांकि चुनावी सभाओं में खुद वसुंधरा के मुख्यमंत्रित्व काल के कार्यों और उपलब्धियों की प्रशंसा करते थे। यही नहीं जो लगभग 20 विधायक वसुंधरा के समर्थक होकर तत्समय उनके पक्ष में मुखर थे,उन्हें अलग कमरे में बैठाकर आदेशित किया कि विधायक दल की नेता चयन बैठक में जो नाम प्रस्तावित किया जाएगा, उस पर 'आप लोग ताली बजाएंगे'। पश्चात् भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा से ही प्रस्तावित कराया गया,जिस पर निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ऊपर संदर्भित समर्थकों ने तालियां बजाईं। अब स्पष्ट है कि जन तंत्र में 'जन' के द्वारा चयनित प्रतिनिधियों का काम ताली बजाना ही रह गया है। इधर हरियाणा में साढ़े नौ साल से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत मनोहरलाल खट्टर को हटाकर हाई कमान ने नायब सैनी को बिठा दिया,जो पीएम मोदी के चहेते भले हों, किंतु शासन का कोई खास अनुभव नहीं रखते हैं। बहरहाल भाजपा आत्मा द्वारा शरीर बदलने की गीता वाली उपमा 'पुराने कपड़े त्यागकर नव परिधान ग्रहण करने को अब बहुशः प्रयुक्त कर रही है। (वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि)अब इससे सफलता कितनी मिलेगी,यह समय बताएगा।

# ओपनहाइमर फिल्म से मिला आलोचकों को जवाब

गत सप्ताह परमाणु के जनक महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर पर बनी फिल्म ओपरहाइमर को सात प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से हॉलीवुड में नवाजा गया। सात दशकों बाद 16 दिसंबर 2022 को सरकारी तौर पर बाइडेन प्रशासन ने महान भौतिक वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर को गद्दारी के लांछन से मुक्त किया, निर्दोष पाया तथा देशप्रेमी माना। उन्होंने अमेरिका के लिए परमाणु बम बनाया था। इसे हिरोशिमा और नागासाकी पर फोड़ा गया था। बाद में उन्हें सोवियत (कम्युनिस्ट) रूस का गुप्तचर बताकर हर किस्म के अपमान, अवमानना, अनादर करके अवसादग्रस्त बनाया गया,जब तक (1967) वे मरे नहीं।

ओपनहाइमर के सत्कर्मों ने ही उनकी मान मर्यादा लौटाई। वे अब दूसरे लोकवासी हो गए। ओपनहाइमर अपने उन शब्दों को याद कर रहे होंगे,जो उन्होंने जापान पर बम फोड़ने के वक्त पर कहा था। वे पंक्तियां ओपनहाइमर ने अपने प्रिय संस्कृत कवि भर्तृहरि के शतकत्रयम से लिया था : उज्जैन नरेश भर्तृहरि का विचार था कि "उनके हाथों युद्ध में,जंगल में,पहाड़ों की चट्टान पर, गहरे समुद्र में, भाले और बाणों के बीच में, नींद में, भ्रम में,शर्म की गहराई में,मनुष्य ने जो अच्छे कर्म किए हैं,वे उसकी रक्षा करते हैं।" हीरोशिमा और नागासाकी पर बम विस्फोट पर ओपनहाइमर ने याद किए गीता के श्लोक को : "दिवि सूर्यसहस्त्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता। यदि भाः सदृशी सा स्याध्दासस्तस्य महात्मन"।।12।। (आकाश में हजार सूर्यों की एक साथ उदय होने से उत्पन्न जो प्रकाश हो,वह भी उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकार के सदृश कदाचित ही हो। अर्थात् इस विषादग्रस्त भौतिकशास्त्री को ख्याल हो गया था कि उनके हाथों कितना भयंकर,त्रासदपूर्ण कृत्य हुआ है। प्रारब्ध तो होना ही था। भोगा भी। ओपनहाइमर प्रारंभ से ही ऐसे अपार नरसंहार वाले शस्त्र के निर्माण का विरोध करते रहें। अंततः हिटलर और टोजों (जापानी प्रधानमंत्री) के विश्व साम्राज्य वाले सपने को नष्ट करने हेतु बम बनाने के लिए तैयार हुए। भगवत गीता के निष्णात ओपनहाइमर ने बम बनाने के बाद और जापान पर उसे फोड़ने के वक्त गीता के ग्यारहवें अध्याय के 32 वें श्लोक को सुनाया था कि : "मैं (भगवान कृष्ण) लोकों का नाश करने वाला बढ़ा हुआ काल हूं।" अर्जुन का उनसे प्रश्न था : "आप कौन हैं"?



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा।

शायद ओपनहाइमर पर श्राप था,दो ध्वस्त जापानी शहरों की जनता का। त्रासदी की अनुभूति स्वयं उन्हें भी हो रही थी। अतः वे प्रारब्ध भुगतने हेतु विवश थे। इसीलिए वे जमकर सक्रिय विरोध करते रहे,जब राष्ट्रपति हैरी ट्रूमन ने परमाणु बम बनाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को खौफ था कि विश्वयुद्ध जीतकर सोवियत रूस अधिक विनाशकारी बम बनाएगा। विश्वव्यापी वर्चस्व बना लेगा,मगर विनाश की विभीषिका के आतंक से भयभीत ओपनहाइमर ने सरकार से सहयोग नहीं किया। तभी सिनेटर जोसेफ मैकार्थी का आविर्भाव हुआ। वे इतिहास में कम्युनिस्टों के उग्रतम विरोधी और सोवियत रूस के घोरतम शत्रु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ओपनहाइमर को सोवियत कम्युनिस्टों का यार करार दिया। तभी से इस भयातुर वैज्ञानिक की दुखगाथा शुरू हुई।

विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद,ओपेनहाइमर नवनिर्मित संयुक्त राज्य अमेरिका परमाणु ऊर्जा आयोग की प्रभावशाली जनरल एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बने। उन्होंने परमाणु प्रसार को बाधित करने और सोवियत संघ के साथ परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने के लिए परमाणु ऊर्जा के अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के लिए अपने पद का उपयोग किया। उनके स्पष्ट विचारों के लिए कई नेताओं की आलोचना के बाद,ओपनहाइमर की 1954 में एक फरेबी सुनवाई में शासकीय सुरक्षा गारंटी रद्द कर दी गई। आरोपी बनाया। प्रभावी रूप से उनकी प्रत्यक्ष राजनीतिक शक्ति को क्षीण कर दिया गया। तब भी उन्होंने भौतिकी में व्याख्यान,लेखन और काम करना जारी ही रखा।

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा। ओपनहाइमर सदैव हाइड्रोजन बम के निर्माण के खिलाफ थे। उन्हें वर्षों तक सरकार द्वारा यातना पहुंचाने के बाद,समूचे अमेरिकी राष्ट्र ने उनके साथ सिनेटर मैकार्थी द्वारा किए अत्याचार का विरोध किया गया। जब उनके रूसी जासूस होने का कोई प्रमाण नहीं मिला,तो उन्हें दोषमुक्त किया गया, मगर तब तक ओपनहाइमर का निधन हो चुका था। ओपनहाइमर का दृष्टांत केरल के अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण को पाकिस्तानी जासूस बताकर उत्पीड़ित करने के समान था। उच्चतम न्यायालय ने नारायण को निर्दोष करार दिया,मगर तब तक तीन दशक बीत चुके थे।

## सोशल फोरम

# रमादान या रमजान

परंपरा से भारतीय रमजान बोलते आये हैं। रमजान हमारे देश में ईरान से आया। मूल अरबी शब्द का उच्चारण "रमादान" से मिलता जुलता है। दोनों के प्रयोग सही हैं।

कुछ वर्ष पहले एक समाचार पत्र में 'सोशियो लिंग्विस्टिक्स' के एक प्राध्यापक रिजवान अहमद साहब का इस पर एक लेख आया था जिसमें उन्होंने कहा कि अपना नाम वे दो तरह से बोलते हैं,अरब देशों में "रिदवान" और भारत में "रिजवान"। उन्होंने यह भी लिखा है कि चाहे लिखने में हम लोग रमादान लिख लें,बोलने में हम रमजान ही बोलते हैं। शायद ही कोई कहते हों कि "अगले रमादान के पहले मैं आपसे मिलूंगा",वे प्रायः हमेशा कहते हैं,"अगले रमजान के पहले मैं आपसे मिलूंगा।"

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

क्या रमादान का वह्हाबीवाद से कोई संबंध है? बिल्कुल नहीं,सिवा इसके कि मुहम्मद इब्न अब्द अल-वहाब अरब में पैदा हुआ था जहां रमादान बोला जाता है। पिछली सदी के सत्तर के दशक में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और अरब देशों की बढ़ी समृद्धि के चलते भारत से लाखों श्रमिक वहां गए और उनके मुंह से रमादान सुनते भारत आए।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य

नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में एक ऐसी भारतीय शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की गई है,जो भारतीय परंपराओं, मूल्यों, लोकाचारों, संस्कारों का संरक्षण, तथा वर्तमान एवं भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति-2020 छात्रों का सर्वांगीण विकास कर उनको वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने एवं विकसित होने का समान अवसर प्रदान करती है। एनईपी भारत की मिडिल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक ग्रामीण एवं शहरी दोनों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए ऐसी रूपरेखा तैयार की गई है,जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

एनईपी में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के लिए प्रारंभ से लेकर शिक्षा के अंतिम छोर तक नवीन प्रणाली का विकास किया गया है। जिसमें फाउंडेशनल एवं प्रीपेटरी स्तर पर बच्चों को इस तरह की शिक्षा और संस्कार देने का प्रावधान किया गया है जिससे उनके बचपन की नींव मजबूत हो सके। मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर पर ऐसे विषयों का समावेश तथा चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है जिससे छात्र तनावमुक्त रहें। उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषयों का चुनाव एवं आजीविका हेतु व्यावसायिक विषयों एवं प्रशिक्षण का चुनाव करने की व्यवस्था की गई है,जो छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं आजीविका अर्जन हेतु सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगी। वर्तमान में नई शिक्षा नीति का मसौदा इस तरह से तैयार किया गया है कि पूर्व शिक्षा नीतियों में जो खामियां रह गई थीं उनमें संशोधन करके वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नवीन और आशावादी दृष्टिकोण से संचालित एवं क्रियान्वित किए जाए,जो छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी। एनईपी 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है,जो 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का स्थान ग्रहण करती है। यह नीति सामान्य पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित है। एनईपी शिक्षा के सतत विकास के 2030 एजेंडा के अनुरूप स्कूल एवं कॉलेज स्तर की शिक्षा को अधिक समृद्ध, लचीला, बहुउद्देशीय तथा आवश्यक बनाती है। शिक्षा को 21 वीं सदी की जरूरत के अनुकूल बनाना और छात्रों की अद्वितीय क्षमता को निखार कर सामने लाना एक जीवंत उदाहरण है।



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है।

भारत में नई शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक ज्ञान एवं महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति 2020 का समाज पर भी सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए परिवर्तनों से विद्यार्थियों का पुनः समाजीकरण होगा जो उन्हें समाज में समायोजित करने में सहायक होगा। छात्रों में अपनी संस्कृति,सभ्यता,प्रथाओं परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने तथा उनके अनुरूप व्यवहार करने का गुण विकसित होगा और वह सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे जिससे सांस्कृतिक हस्तांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों का समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने में सहायक होगी जिससे उनमें सामाजिक गुणों का विकास होगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनईपी का प्रमुख उद्देश्य सभी वर्गों के छात्रों में दक्षता,वैज्ञानिक स्वभाव, सौंदर्यबोध,नैतिक तर्क,डिजिटल साक्षरता,भारतबोध और चेतना का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की प्रमुख भारतीय भाषाओं को महत्व, पाठ्यक्रम को और अधिक गुणवत्ता युक्त,लचीला और मूल्यांकन परक करने की बात कही गई है। नई शिक्षा नीति भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित होने के साथ ही भारतीय परंपराओं,संस्कृति एवं भाषाओं को प्रोत्साहन,पुनर्स्थापना एवं प्रचार-प्रसार पर बल देती है और यह आने वाले समय में भारत को समर्थ,गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने की प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसमें शिक्षा व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम विद्यार्थी,अध्यापक,पाठ्यक्रम और ढांचागत सुविधाओं को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एनईपी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन की बात पर विशेष बल दिया गया है। इसमें बहु विषयक विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अंतर्विषयक शोध प्रमुख रूप से होंगे जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का भविष्य सुनहरा,सुखमय और आशावादी होने की उम्मीद की जा सकती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। जब देश में आर्थिक समृद्धि अधिक होगी तभी हमारी विधि,कृषि,चिकित्सा आदि क्षेत्रों में क्रांति लाई जा सकती है।

# बहुजनों के चमत्कारिक नेता कांशीराम

कांशीराम को बहुजन नायक तक के सफर में जो धुरी बनी,वो थी 1964 में तथागत बुद्ध व बाबा साहब अम्बेडकर की छुट्टियों को रद्द किया जाना। वे डी के खापर्डे और दीनाभाना छुट्टियों की बहाली के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

इन्होंने बाबा साहब की लिखी पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' पढ़ने को दी जिसे पढ़कर कांशीराम नाम की चिंगारी सुलगी और बहुजन राजनीति की नींव पड़ी। अगर वो घटना न घटी होती तो कांशीराम डीआरडीएल में अनुसंधान अधिकारी पद पर नियुक्त हुए रहते और पदोन्नति प्राप्त करते हुए सरकारी सेवा से मुक्त होकर,अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को जरूर मजबूत कर लेते,लेकिन भारत में उनके बहुजन राजनीतिक आंदोलन से जो परिवर्तन आया वो नहीं आया होता। वर्तमान में मान्यवर साहब जैसे करिश्माई नेताओं की कमी है। कांशीराम ने फुले,आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महराज के विचारों को आगे कर राजनीति की जमीन हरी की और ऐसे लोग,जो हमेशा वोट बने रहे उनमें जनता के नेतृत्व करने की ललक पैदा की। मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक स्थिति को राजनीति में उपकरण की तरह उपयोग किया जिनमें कुछ खोज कमाल के हैं। उन्होंने सचल आंबेडकर मेला, पूना समझौते की निंदा, दो पैरों और दो पहियों का कमाल सरीखे कार्यक्रम कर स्लोगन से वंचित तबकों तक अपना संदेश पहुंचाने में कामयाब रहे। आज भी कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर राजनीति में बड़ा मुकाम बनाकर सत्ता तक पहुंचा जा सकता है।

## एक नजर

### बकरी के विवाद में हुई जमकर मारपीट

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार : ग्राम आलापुर कोट निवासी रामकली ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि 28 जनवरी को समय विपक्षियों की बकरी छूट कर आ गई और उसके जानवरों की बनी चन्नी में चारा खाने लगी। इसकी शिकायत की तो नाराज होकर संतराम, चुन्नी, रोली, भोली ने आकर मारापीटा। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक को दबंगों ने पीटा, पुलिस ने टरकाया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार : अल्लापुर इबनेजयी मोहल्ले में मजदूरी करने गये एक मजदूर को कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। कोतवाली पहुंचे मजदूर की गिड़गिड़ाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी सुरजीत पुत्र बटेश्वर दयाल के अनुसार 10 मार्च को वह अल्लाह पूर इबनेजयी निवासी याकूब खान के यहां मजदूरी करने आया था। मोहल्ले के फैजी, हनीफ, जमीर, जहीर आदि ने आकर काम रुकवा दिया। एक महिला ने उसे ईट मार दी और उसके परिजनों ने पीटा। शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। उसने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### लोगों के बीच पहुंची पुलिस

हरदोई, अमृत विचार : चुनाव में चौकसी बरतते हुए पुलिस के जवानों ने अफसरों के साथ शहर में पैदल गश्त किया। एसपी केशव चंद्र गोस्वामी ने कहा कि लॉ एंड आर्डर को और बेहतर बनाने के लिए जनता पुलिस का साथ दें। जो लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश करें, उन्हे सख्त सजा दिलाने के लिए आगे आए। इस दौरान सीओ सिटी अंकित मिश्रा, एसएचओ कोतवाली शहर संजय पांडेय व ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे।

# मदद ऐसे करें... एक हाथ से करें तो दूसरे को पता तक न चले

पिहानी, हरदोई

अमृत विचार: कस्बे के ताहिर पब्लिक स्कूल के मैनेजर सैफ हसन ज़ैदी ने बताया कि मुबारक महीना रमजान में गरीबों की मदद करने का बहुत सवाब (पुण्य) है। कुरआन व हदीस में इस बात का ज़िक्र है कि रमजान में लाचारों, मुफलिसों, मजलूमों और बेकसों को मदद पहुंचाने पर एक का सत्तर गुना सवाब मिलता है। अगर पड़ोसी और रिश्तेदार में कोई ज़रूरतमंद है तो पहले उसकी मदद करें। मदद इस तरह करें कि किसी को इसका पता न चलें। कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो शर्म-ओ-हया की वजह से नहीं मांगते हैं, ऐसों की मदद ज़रूर करें। अल्लाह के रसूल ऐसे लोगों को खोज कर मदद किया करते थे। जब किसी की कुछ मदद कर दी गई तो उसका एहसान न जताए वरना की गई मदद ज़ाया (बर्बाद) हो जाती है। अल्लाह ने इस महीने में कदम-कदम पर इनाम देने का वादा किया है। रोज़ेदारों का रोज़ा रखना, नमाज पढ़ना, तरावीह पढ़ना, रात के तीसरे पहर में तहज्जुद की (विशेष) नमाज पढ़ना, अल्लाह का ज़िक्र करना और तिलावत करना परवरदिगार को बहुत पसंद है। रोज़ा का मकसद सही मायने में तकवा व परहेज़गारी है। श्री ज़ैदी ने कहा कि रोज़ेदार अल्लाह तआला के हुक्म से खाना-पीना छोड़ देता है और सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे रहता है। जुबान की पाकीज़गी व दिल की सफाई भी रोज़े का मकसद है। हदीसों में आया है कि रोज़ा व कुरआन की तिलावत कयामत के दिन उसके जन्नत में जाने का ज़रिया बनेगा। कुरआन को समझकर पढ़ने की ज़रूरत है और उस पर अमल करने को कहा गया है। रमज़ान का महीना गम खाने का है। यह महीना रहमत व मगफिरत का भी है। रमज़ान अल्लाह तआला को राज़ी करने का महीना


नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

### इसलिए होता है अशरा

पहले रोजे से लेकर 10 रोजे तक को रहमत का अशरा कहा जाता है। इसी तरह 11 वें रोजे से 20 वें रोजे तक को मगफिरत और 21 वें रोज़े से 30 वें रोज़े के आखिरी अशरे को जहन्नुम से निजात दिलाने वाला अशरा कहा गया है।

### रोज़ा रखकर करें गरीबों की मदद

कस्बे के मीसम मिर्ज़ा बताते हैं कि सिर्फ भूखे रहकर रोज़ा रखना इबादत नहीं है। रोज़ा तो पूरे जिस्म और दिमाग का होता है। अल्लाह तआला पांच वक्त की नमाज और कुरान की तिलावत करने के अलावा गरीब व मज़लूम की मदद करने वालों का रोज़ा और इबादत अल्लाह कुबूल करते हैं। माह-ए-रमजान का महीना बड़ी बरकतों वाला है। इस माह की अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अल्लाह ने मुकद्दस कुरान को इसी माह नाजिल किया था।

### दहेज प्रताड़ना में पति सहित 5 पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार : कोतवाली निवासी विवाहिता ने पति समेत पांच ससुराली जनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मोहल्ला निवासी गढ़ी निवासी विवाहिता नेहा खां ने बताया उसकी शादी एक वर्ष पूर्व 26 फरवरी को मुस्लिम रीति-रिवाज से थाना बेहटा गोकुल के ग्राम हुसेपुर करमाया निवासी फजील अहमद खां पुत्र जावेद अहमद खां के साथ हुई थी। दो माह बाद से ही पति व उसके पिता जावेद अहमद खां, देवर नबील, ननद फरीन व यासमीन आदि कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मारपीट कर ट्रैक्टर या 5 लाख रुपये की मांग कर करते हैं। 5 मार्च को सभी ने उसे बेल्टों से मारा और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया।

# बड़े भाई को छोटे ने उतारा मौत के घाट

**वारदात**

- बेटी को गाली-गलौज करने से गुस्साए नशे में धुत पिता ने रिश्तों का किया कत्ल

माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार : छोटा भाई नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहे अपने बड़े भाई से इतना बिलबिला उठा कि उसके सिर पर ऐसी लाठी मारी कि उसका दम ही निकल गया। दरअसल, खून के हाथों खून होने की वारदात के पीछे बताया गया है कि बड़ा भाई नशे की हालत में अपने छोटे भाई की बेटी को गाली-गलौज किया करता था। उसकी रोज-रोज की इस आदत से मजबूर हुए छोटे भाई ने इस तरह की वारदात को अंजाम दे डाला। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया है कि दी गई तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।


गमजदा मृतक के परिजन। अमृत विचार

बताया गया है कि माधौगंज थाने के कस्बा कुरसठ के मोहल्ला गांधीनगर निवासी जयराम और जय खिलावन दोनों सगे भाई थे और एक ही मकान में रहते थे। राजगीरी करने वाला जयराम नशे का आदी था। वह रोज़ शाम को नशे की हालत में घर पहुंच कर छोटे भाई जय खिलावन की बेटी को गाली-गलौज करता रहता था। उसकी इस आदत से जय खिलावन काफी नाराज़ रहने लगा। उसने उसे कई बार रोका-टोका, लेकिन वह अपनी आदत से बाज़ नही आया। बुधवार को जयराम नशे की हालत में घर पहुंचा और रोज़ की तरह छोटे भाई की बेटी को गाली-गलौज कर रहा था, उसी बीच जय खिलावन भी पहुंच गया। अपने बड़े भाई की इस आदत से वह इतना आग-बबूला हो गया कि उसने लाठी उठा कर सीधी उसके सिर पर मार दी। लाठी पड़ते ही जयराम वहीं पर गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे माधौगंज सीएचसी पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच जयराम ने दम तोड़ दिया। इस तरह की वारदात होने से इलाके में हड़कंप मच गया। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि जयराम की पत्नी सरस्वती की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ग्रामीणों पर तत्काल वापस हों मुकदमे

हरदोई

अमृत विचार: विकास कार्य न होने पर विरोध कर रहे सेमरिया गांव के ग्रामीणों पर लिखाए गए मुकदमे वापस लेने की मांग सपा प्रत्याशी ने जिलाधिकारी से की। सपा प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तत्काल ग्रामीणों पर लगे मुकदमे वापस लेने की मांग की। साथ ही उपजिलाधिकारी सवायजपुर के पद से हटाकर चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने की मांग की।

कलेक्ट्रेट में गुरुवार को ज्ञापन देने पहुंची सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद ऊषा वर्मा ने कहा कि ग्राम सेमरिया में विकास न होने पर ग्रामीणों ने किसी को वोट न देने का बैनर लगाया और विरोध प्रदर्शन किया। वहां पहुंचे वर्तमान सांसद ने ग्रामीणों की बात सुनने की बजाय ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। उन्होंने कहा कि विकास की बात करने वाली सरकार में विकास कितना हो रहा है यह स्वतः स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज कराना लोकतंत्र के विरुद्ध है। उप जिलाधिकारी सवायजपुर ने संविधन में प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन करते हुए अपनी मांग करने वाले ग्रामीणों पर सत्ता पक्ष के दबाब में मुकदमा लिखवा दिया। कहा कि तत्काल ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। अपनी मांग उठाने वाले किसानों पर मुकदमे वापस न लेने पर सपा के समर्थन में आंदोलन करेंगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पदमराग सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, प्रदेश सचिव सपा विमल मिश्रा, प्रदेश सचिव सपा डा. अरुण मौर्या आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा। अमृत विचार

# स्ट्रांग रूम के लिए दुकानों को खाली कराने का कार्य कराएं जल्द: डीएम


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम।


मंडी में अवैध दुकानें हटाती जेसीबी।

हरदोई, अमृत विचार : आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर स्ट्रांग रूम के लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंडी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्ट्रांग रूम के लिए दुकानों को खाली कराने का कार्य जल्द कराया जाएं। मंडी परिसर में साफ-सफाई कराई जाएं। निर्माणाधीन दुकानों का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएं। रैक की संख्या का आकलन कर बनाने का कार्य शुरू कराया जाएं। मंडी से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएं। परिसर में स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व मंडी सचिव अजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बीएसएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

हरदोई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के लिए टड़ियावां पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने संवेदनशील और अतिसंवेदन स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ जवानों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे निर्भीक हो कर मतदान करें। किसी की लालच में न आए। पुलिस और जवान उनके साथ है। पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने टड़ियावां के अलावा अहिरोरी, गोपामऊ और हरिहरपुर में फ्लैग मार्च किया गया। एसएचओ श्री सिंह ने बीएसएफ जवानों का माल्यार्पण कर उनका ज़ोरदार स्वागत किया।

# भाजपा हराओ-इंडिया जिताओ के साथ निकलेगी पदयात्रा : आशीष

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : विकास न होने पर वोट न देने की बात करने वालों पर मुकदमा लिखवाना तानाशाही का प्रतीक है। यह भाजपा सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। सरकार के इस कृत्य के लिए पूरे जिले में पदयात्रा निकाली जाएगी। यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष सिंह ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कही।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा सरकार की विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए प्रशासन ने सेमरिया गांव के लोगों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। कांग्रेस की मांग है कि ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमें तत्काल वापस लिए जाएं। बताया कि पंचायत स्तर पर भाजपा हराओ-इंडिया जिताओ पदयात्रा निकाली जाएगी। पत्रकार वार्ता में शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अनुपम दिक्षित, जिला उपाध्यक्ष हरि ओम त्रिपाठी, जिला महासचिव अजीत सिंह चंदेल आदि रहे।



जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी।

## सार-संक्षेप

### जनता से संपर्क में रहे कार्यकर्ता: सांसद

हरदोई, अमृत विचार : शाहाबाद विधानसभा में चुनावी रणनीति और बूथ प्रबंधन को लेकर विधानसभा के मण्डल शाहाबाद ग्रामीण के गुटकामऊ में मंडल, बूथ अध्यक्ष व सेक्टर संयोजकों की बैठक हुई। इसमें सांसद जयप्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकर्ताओं को चुनाव संबधी बूथ मैनेजमेंट के लिए दिशा-निर्देश दिए। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित एक पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क में लगे रहे। बैठक में शाहाबाद विधानसभा प्रभारी आजाद भदौरिया, लालाराम राजपूत, शाहाबाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राजपूत, विनय शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन राजपूत, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह आदि रहे।


बैठक में बोलते भाजपा सांसद जयप्रकाश।

### छात्राओं के नृत्य ने मोह लिया मन

हरदोई, अमृत विचार : शहर के सीएसएन महाविद्यालय में गुरुवार को युवा महोत्सव 2024 के 9वें दिन सांस्कृतिक प्रतियोगिता में गायन व नृत्य का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में आयोजित गायन प्रतियोगिता में सीएसएन के अनमोल शुक्ला प्रथम, जीडीसी के तेजस्वी अवस्थी द्वितीय, सीएसएन की निशा राठौर को तृतीय पुरस्कार व सिमरन और चंद्रशेखर को सांत्वना पुरस्कार मिला। द्वितीय सत्र में हुई एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता में मुस्कान एंड ग्रुप की टीम प्रथम, सीएसएन की वसुंधरा शुक्ला को द्वितीय, सीएसएन के सूरज सक्सेना तृतीय व राधा गुप्ता और मनीष कुमार को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। प्राचार्य प्रो .केके सिंह, प्रो .संदीप सिन्हा, डॉ .दीपक कुमार राय, डॉ . मिथिलेश सिंह, राकेश सिंह, जेएस चौहान, राम उग्र गोस्वामी डॉ . विनयशील, मणिपाल सिंह, डॉ . शिवेंद्र सिंह, डॉ .अरुण मौर्य, कुश कुमार मिश्रा आदि रहे।


नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।

# शार्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी खाक

कुतुबनगर, सीतापुर

अमृत विचार : पिसावां थाना इलाके में बुधवार की देर रात अचानक दुकानों में आग लगने से दुकान सहित घर का सारा सामना जलकर खाक हो गया। आग से दुकानों में रखी सिलाई ,मशीनों और कपड़ों सहित करीब 5 लाख से अधिक कीमत के सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटों की चपेट में आई दो बकरियों की भी झुलसकर मौत हो गई। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस और प्रशसनिक अफसरों ने मौका मुआयना कर आर्थिक मदद दिलाये जाने का आश्वाशन दिया।


आग से हुए नुकसान को देखते परिजन और मौजूद दर्जनों ग्रामीण।

क्षेत्र के वजीरनगर निवासी इकरार अहमद के घर में अचानक आग लग गई। आग से घर और दुकानों में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। गृह स्वामी इकरार अहमद में बताया कि वह अपने चार बेटों के साथ घर पर ही सिलाई का काम करता था। त्योहारों के सीजन के चलते काम काम ज्यादा होने के कारण बुधवार रात्रि करीब 12 बजे तक सभी काम करते रहे। रात करीब 2 बजे मोहल्ले के लोगो ने घर से निकल रही आग की लपटों को देखा तो चीख-पुकार सुनकर सो रहे लोगों की आंखे खुल गई। आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

### बाल सुधार गृह से दुष्कर्म का आरोपी फरार

हरदोई, अमृत विचार : शहर के रद्धेपुरवा में बने बाल सुधार गृह से गुरुवार की सुबह दुष्कर्म का आरोपी फरार हो गया। इसकी सूचना मिलते ही जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। फरार हुआ किशोर दुष्कर्म का आरोपी था। दो दिन पहले मंगलवार को उसे यहां शिफ्ट किया गया था। लोनार कोतवाली इलाके के गांव दुलारपुर में कुछ दिन पहले गांव की ही एक किशोरी के साथ इसी गांव के ही निवासी छोटू (17) पुत्र भईयालाल ने दुष्कर्म किया था। लोनार कोतवाली में यह मामला दर्ज हुआ था। चूंकि किशोरी हरिजन से थी तो इसकी विवेचना सीओ हरपालपुर के पास पहुंच गई। दो दिन पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। न्यायालय ने छोटू को राजकीय सम्प्रेक्षणगृह (बाल सुधार गृह) में शिफ्ट किया। गुरुवार सुबह जब गिनती हुई तो यह गायब था।

# पदभार ग्रहण कर नवागत बीईओ ने गिनाई प्राथमिकताएं

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार: बीआरसी महमूदाबाद पर नवागत बीईओ सीमा चैहान ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया। बीईओ सीमी निगार का स्थानांतरण लहरपुर ब्लॉक में होने के कारण महमूदाबाद में बीईओ का पद रिक्त हो गया था। सीमा चैहान शामली जनपद से स्थानांतरित होकर आई हैं। नवागत बीईओ के कार्यभार ग्रहण करने पर शिक्षक संगठनों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

विकास खंड महमूदाबाद में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी सीमा चैहान ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि सरकार की सभी योजनाओं को लागू कराना, बेहतर शिक्षा के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना, महमूदाबाद को निपुण ब्लॉक बनाना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। शिक्षक-शिक्षिकाएं नियमित रूप से विद्यालयों में पहुंचकर जिम्मेदारी से शिक्षण कार्य करें। बीईओ को प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष हंसराज वर्मा, मंत्री ज्ञानेश मिश्र, अजय मिश्र, आरएसएम अध्यक्ष संदीप वर्मा, मंत्री पुनीत वर्मा, एआरपी पीयूष आदि रहे।

### छापेमारी में जब्त की अवैध शराब, 12 गिरफ्तार

हरदोई, अमृत विचार : जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरुद्ध जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों, वाहनों एवं एल्कोहल व एथेनॉल तथा मिथाइल के टैंकरों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध मद्य निष्कर्षण की प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीमों ने थाना-बघौली के बरबटा, रघुनाथ पुरवा थाना कोतवाली शहर के सुरजी पुरवा कालोनी, थाना-कोतवाली देहात के ग्राम-ओमनगर थाना-मझिला के ग्राम-टुमुर्की, थाना-बेनीगंज के ग्राम-जगदीशपुर, थाना-सण्डीला के ग्राम-मलेहरा, थाना-माधौगंज के ग्राम-दौलतयारपुर, थाना-बिलग्राम के रावणपुरवा, एवं थाना-पाली के ग्राम-भौरापुर, हरनखुदा, परेली, सहित गावों मे औचक दबिश की कार्यवाही करते हुए लगभग 220 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर करीब 550 किग्रा लहन को मौके पर ही नष्ट कर 14 अभियुक्तों के विरुद्ध 12 गिरफ्तारी करते हुए जेल भेजते हुए आबकारी अधिनियम एवं भादंसं की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

(सम्मन वास्ते कारोरदा उसूर तबह तलब)
(आर्डर 4 कायदा 2 व 1)
**मुकदमा नं0 400/2011**
**पेशी- 16/03/2024**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीडी)/FTC हरदोई**
**सुधीर चन्द्र मिश्र**
बनाम
**राजेन्द्र नाथ मिश्र आदि**

1/1 श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी राजेन्द्र नाथ मिश्र, 1/2 कौशलेन्द्र मिश्र, 1/3 देवेन्द्र मिश्र, 1/4 पुनीत पुत्रगण राजेन्द्र नाथ मिश्र निवासी बावन परगना बावन तहसील व जिला हरदोई, 1/5 श्रीमती गीता पत्नी अखिलेश नि. तत्योरा पर. बावन तह. व जिला हरदोई 1/6 श्रीमती रेनू पत्नी सुशील नि. बहादुरपुर जिला लखीमपुर, वर्तमान बावन पर. बावन पर. व जिला हरदोई, 1/7 श्रीमती रीता पत्नी चेतन नि. बावन परगना बावन, तह. व जिला हरदोई, 2/1 श्रीमती हंस प्रभा पत्नी सुशीलचन्द्र 2/2 पंकज मिश्र, 2/3 राहुल मिश्र, पुत्रगण सुशीलचन्द्र 2/4 कु. निहारिका पुत्री सुशीलचन्द्र 2/5 निखिल पुत्र सुशीलचन्द्र निवासी बावन परगना बावन, तहसील व जिला हरदोई

हरगाह वादी ने नाबिल बतारीख दायर की गई है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 16 माह 03 सन 24 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा के हालात सरकार वक्त वाकिफ किया गया हो और कुछ उजारत बहाल मुतालिब के मुकदमा का जवाब दे सकेगा जिसके बाद कोई सनद हो कि जो बनाम ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जबावदेही को करें। आपको लाजिम है कि उसी राज जुमला दस्तावेज पेश कर आपको लाजिम अपना जवाब देही वक्त तालीम चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है अगर आप बरोज बुन्कर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको महसूस और फसल होगी बबावत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत ने आज बतारीख 04 माह 03 सन् 2024 ई0 को जारी किया गया है।

आज्ञा से- न्यायालय

**खुशखबरी**

एक करोड़ 51 लाख 54 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा जीर्णोद्धार

# बाबा कुशीनाथ मंदिर को दी सौंदर्यीकरण की सौगात

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल के अथक प्रयास से कछौना कस्बे में पौराणिक मंदिर बाबा कुशीनाथ मंदिर का सौंदरीकरण हेतु पर्यटन विभाग से एक करोड़ 51 लाख 54 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत हो गई है। बाबा कुशीनाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी व नगर वासियों में खुशी की लहर हैं। सदस्य विधान परिषद के इस कार्य की लोग सराहना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। मंदिर का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण से देश के पटल पर नई पहचान मिलेगी।

बताते चलें बाबा कुशीनाथ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी गण व नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज शुक्ला ने कस्बे के पौराणिक मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल से मांग की थी, जिस पर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने अपने जन्म स्थल व कर्म भूमि पर स्थित मंदिर के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार हेतु शासन को पत्र लिखा। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी दीपांकर चौधरी की टीम ने बाबा कुशीनगर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। भूमि का आंकलन किया। मंदिर परिवेश में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कर मंदिर के चारों तरफ वृक्षारोपण व श्रद्धालुओं के लिए बैठने के लिए आरामदायक बेंच, विशाल मूर्ति, खूबसूरत फब्बारा, एक सत्संग भवन, पुजारी हेतु आवास, सामुदायिक शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं से मंदिर का कायाकल्प होगा। पहली किश्त स्वीकृत होने से मंदिर के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार का कार्य आरंभ हो जाएगा। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। आम जनमानस धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानसिक शांति, दूर-दराज के लोगों की आस्था के साथ दर्शनीय स्थल का फायदा मिलेगा।


बाबा कुशीनाथ मंदिर। अमृत विचार

### 1 करोड़ से होगा नुमाइश चौराहे का सौदर्यीकरण

पर्यटन विभाग ने नगर के मुख्य आकर्षक नुमाइश चौराहे के सौदर्यीकरण के लिए 119 .99 लाख रुपये उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम ने जारी किया है। शासन से आए पत्र के बाद जल्द ही नुमाइश चौराहे के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

### पर्यटकों को मिलेंगी उच्च स्तर की सुविधाएं

पर्यटन विभाग की साण्डी पक्षी विहार के निकट स्थित राही पर्यटन आवास गृह को पुन : नए सिरे से पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए विभाग द्वारा चयनित फर्म सीएस हास्पिटलिटी साण्डी झील प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता को हस्तांतरित की गई। जिला पर्यटन अधिकारी दीपकांकर चौधरी ने बताया कि इससे जनपद में पर्यटन को बढावा मिलेगा।

### दहेज हत्या में जेठानी को 10 साल की कैद

हरदोई, अमृत विचार: अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार यादव ने एक फैसले में दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी पति और सास को जुर्म साबित होने पर दो-दो साल व जेठानी को दहेज हत्या में 10 वर्ष की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपियों पर 23 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। थाना मल्लावां क्षेत्र के सजलपुर निवासी सुधीर कुमार व उसकी माता भगवती उर्फ भगौता व भाभी सोनी पर सुधीर की पत्नी ममता की दहेज की खातिर हत्या कर देने का आरोप लगा। रिपोर्ट पिता जयपाल ने दर्ज कराई। 22 जुलाई 2020 को मिट्टी का तेल डालकर बेटी को जला दिया गया जिसके चलते 17 अगस्त को उसकी मौत हो गई। न्यायाधीश ने सबूतों के आधार पर मां-बेटे पर दहेज प्रताड़ना का जुर्म साबित पाया और उन्हें सजा सुनाई।

# सपा ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की बनाई पहचान : ब्रजेश पाठक

## डिप्टी सीएम ने पूर्व पीएम अटल बिहारी की प्रतिमा के अनावरण मौके पर सपा पर कसा तंज



### रोजा

**शिया**

सहरी : 04:47 बजे

इफ्तार : 06:28 बजे

**सुन्नी**

सहरी : 04:53 बजे

इफ्तार : 06:17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### एक नजर

#### सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण पूर्ण

**सीतापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस सेक्टर ऑफिसर का प्रशिक्षण दो पालियों में गुरुवार को दिया गया। जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि प्रथम पाली प्रात: 10:00 से 01:00 बजे तक तथा जोनल आफिसर एवं आरक्षित सेक्टर आफिसर को द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक भूमिजा बहुउद्देशीय हाल खैराबाद में दिया गया। जिसमें कुल 104 सेक्टर आफिसर, 42 जोनल आफिसर एवं 52 आरक्षित सेक्टर आफिसर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी आदि अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

#### रुद्र महायज्ञ में बताए राम कथा सुनने के लाभ

**लहरपुर।** मोहल्ला अम्बर सराय स्थित प्रसिद्ध महाबीरन हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित विपुल कृष्ण शास्त्री ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ कर विश्व शांति की कामना की। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर यज्ञ में आहुतियां डाली। श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित अभिषेक शास्त्री वृंदावन धाम ने भक्त ध्रुव की भक्ति की कथा का प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि, भक्त ध्रुव ने मात्र 5 वर्ष की आयु में भगवान की कठोर तपस्या कर मनचाहा वरदान प्राप्त किया। श्री राम कथा का रसपान करने के लिए कथा आयोजक रामसुंदर पाण्डेय, यजमान ब्रजेश त्रिवेदी,अमित पाण्डेय,कमलेश त्रिवेदी, दिनेश पाण्डेय, निर्मल पाण्डेय, सुनीत पांडे,कुलदीप पाण्डेय, कमलेश कुमार, जगमोहन मिश्रा, संतोष पाण्डेय, रामकरन बाजपेई, संदीप पाण्डेय, प्रखर सहित भारी संख्या में माताएं बहनें, बड़े बुजुर्ग भक्तगण कथा पंडाल में मौजूद रहे।

#### प्रधानों को मिला सम्मान

**सिधौली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बाड़ी के प्रांगण में गुरुवार को एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड के ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि और अभिभावक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सिधौली रामबख्श रावत ने कहा कि परिषदीय विद्यालय की हालत पिछले कुछ वर्षों से बहुत बेहतर हुई है। शिक्षकों के साथ ही नगर व ग्रामीण परिवेश के बच्चों व उनके अभिभावकों को जागरूक करना होगा। विकास खंड सिधौली के ग्राम पंचायत रसौली,गंधौली,हुसैनगंज, रामपुरटेडवा,काशीपुर,गाजीपुर, शाहजहांपुर, अहमदपुर जट, उनई,परेवजाल,अकोहरा,मदारीपुर अहेवा,कटसरैया,मुज्जफ्फपुर, खरवलिया आदि के प्रधानों को उत्कृष्ट कार्य व कायाकल्प कराने हेतु मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख व बीईओ संजय कुमार के द्वारा सभी को सम्मानित किया गया।

---

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** सूबे के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान जनसभा में समाजवादी पार्टी पर तंज कसा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया को लांच कर जिले को पहचान देने का काम किया था लेकिन भाजपा सरकार में आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट से जिले की पहचान बनी हुई है। लोकसभा चुनाव के आगाज पर विरोधी दलों की पार्टियों पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि पहले की सरकारों में बिजली सिर्फ रामपुर और इटावा में जाती थी लेकिन योगी सरकार में हमने प्रदेश के सभी जिलों को बराबर बिजली देने का काम किया है। डिप्टी सीएम ने इस दौरान जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार दोपहर हेलीकॉप्टर से जीआईसी ग्राउंड पहुंचे। हेलीपैड पर बीजेपी नेताओं के स्वागत के बाद डिप्टी सीएम सबसे पहले जिला अस्पताल पहुंचकर दवा काउंटर और इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। डिप्टी सीएम ने इस दौरान अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक कर स्वाथ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। डिप्टी सीएम ने इस दौरान सीएमओं से ओपीडी में आने वाले मरीजों की जानकारी करते हुये कहा कि सभी मरीजों को ओपीडी में देखा जाये। डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी चिकित्सालयों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें। इस दौरान डिप्टी सीएम ने 09 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं 10 लाभार्थियों को निक्षय पोषण किट भी वितरित की। समीक्षा बैठक के दौरान डिप्टी सीएम ने सीएचसी पर होने वाली डिलीवरी की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी पर 30 बेड मरीजों के लिये उपलब्ध हैं, वहां पर ऐसी सुविधा उपलब्ध हो, जिससे किसी भी मरीज को प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी उपलब्ध बेडों पर साफ सुथरी चादर, तकियां, कम्बल आदि उपलब्ध हों। सीएमओ को व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक फल है। अटल जी की यह प्रतिमा आने वाले बहुत समय तक लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में लोकसभा में उनसे बहुत कुछ सीखा। सांसद ने पूर्व पीएम की कविताओं की कुछ पंक्तियों के माध्यम से उनके संदेशों को सभी के साथ साझा भी किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

**▸▸ भाजपा ने उद्योगों से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट योजना लांच कर दी जिलों को पहचान**

#### यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश

जनसभा को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि योगी और मोदी सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश सर्वाधित एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश बन गया है। सभी जनपदों को 04 लेन से जोड़ा गया है। विद्युत की सुचारू आपूर्ति के साथ समय से ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना से पेयजल आपूर्ति की दशा में अत्यधिक सुधार हुआ है। गांव हो या शहर सभी जगह घरों में नल से जल भेजने का कार्य किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर, इंटरनेट आदि सुविधाओं से युक्त पंचायत सचिवालय स्थापित किये गये हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ बड़ी संख्या में मेडिकल कालेज भी स्थापित किये गये हैं। इसके साथ पैरामेडिकल और नर्सिंग संस्थान भी स्थापित किये जा रहे हैं।



लालबाग चौराहे पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करते डिप्टी सीएम व मौजूद अन्य भाजपा नेता।

#### जनसभा के दौरान अटल की जीवनी पर डाला प्रकाश

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मूर्ति अनावरण के उपरांत शहीद पार्क स्थित एक जनसभा को सम्बोधित किया। इससे पहले उन्होंने शहीद स्तम्भ पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। डिप्टी सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुये कहा कि उनका पूरा जीवन शुचिता के साथ बीता। उनका उत्तर प्रदेश से गहरा संबंध था। उन्होंने मूर्ति की स्थापना कार्य में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कोई भी राजनैतिक चर्चा अटल जी के बिना पूरी नही हो सकती। डिप्टी सीएम ने कहा कि अटल जी ने देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचनें के बावजूद उन्होंने कभी भी शुचिता और सादगी को नहीं छोड़ा। अपनी मेहनत, कार्यकुशलता, लगन और वाक् शैली के बदौलत पूरी दुनिया में भारत माता का झण्डा बुलन्द करने का कार्य किया। विपक्ष में होने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु अटल जी को सुना गया, जो सांसद के रूप में उनके सम्मान और मजबूत वाकशैली का प्रमाण है। उन्होंने अटल जी द्वारा देश के विकास में किये गये योगदान के विषय में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

#### 20 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद लालबाग चौराहे पर स्थापित पूर्व पीएम व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोचारण के साथ कपड़ा हटाकर अनावरण किया। डिप्टी सीएम ने इस दौरान प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सांसद राजेश वर्मा और नगर पालिका सीतापुर अध्यक्ष नेहा अवस्थी के प्रयासों के बाद भूतल से तकरीबन 20 फीट ऊंची प्रतिमा शहर की पहचान के रूप में उभर के आई है। मूर्ति अनावरण के दौरान डिप्टी सीएम के काफिले को लेकर दोनों तरफ के ट्रैफिक को कुछ देर के लिए रोक दिया गया।

#### यह लोग रहे मौजूद

इस कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक सिधौली मनीष रावत, निवर्तमान विधायक लहरपुर सुनील वर्मा, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, एमएलसी पवन सिंह चैहान ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। विधायक मलिहाबाद जय देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।




मंच पर डिप्टी सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट करतीं खैराबाद नपा अध्यक्ष बेबी गुप्ता, साथ में सांसद राजेश वर्मा। अमृत विचार

#### सपा सरकार में वीआईपी जिलों को मिलती बिजली

जनसभा के दौरान डिप्टी सीएम ने सपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकारों में बिजली वीआईपी जिलों जैसी रामपुर और इटावा में दी जाती थी। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों में पहले बिजली दिन और रात हफ्तों के हिसाब आती थी। प्रदेश में बीजेपी सरकार आते ही प्रदेश के सभी जिलों के मुख्यालयों को 24 घंटे और तहसीलों में 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का काम हमारी सरकार ने किया है। डिप्टी सीएम ने प्रदेश में बीजेपी की सरकार आते ही गुंडो की वसूली खत्म होने के साथ ही उत्तर प्रदेश में उद्योगों का हब बन गया है। नोएडा में मोबाइल की स्क्रीन बन रही। फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। जिससे रोजगार का सृजन हो रहा है।

---

# डिप्टी सीएम के सवालों पर बगले झांकते नजर आए स्वास्थ्यकर्मी

**सीतापुर, अमृत विचार।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य विभाग के अफसरों और राज्यमंत्रियों के साथ स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डिप्टी सीएम के सवालों पर सीएमओं डॉ. हरपाल सिंह गोलमोल जवाब देते हुए नजर आये तो बिलिंग के बारे में जानकारी न दे पाने पर सीएमएस महिला अस्पताल को फटकार भी लगाईं। जिले के कितने पीएचसी केंद्रों पर ताला लटकने के सवाल पर सही जवाब न मिलने पर डिप्टी सीएम ने सीएमओ पर नाराजगी जताते हुए बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों से अस्पतालों के निरीक्षण करने की नसीहत भी डिप्टी सीएम ने दी। 30 मिनट तक चली समीक्षा के दौरान डिप्टी सीएम के सवालों से स्वास्थ्य विभाग के अफसर और कर्मी पसीना पसीना नजर आये।

गुरुवार को पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य सम्बन्धी समीक्षा बैठक ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को चेतावनी दी। डिप्टी सीएम ने सभी डॉक्टरों व सीएचसी अधीक्षकों से परिचय के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस से ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या पूछी। जिस पर सीएमएएस इंद्र कुमार ने 3000 मरीजों के प्रतिदिन आने का जवाब दिया। इसके उपरांत उन्होंने एसीएमओं ने दवाओं के स्टॉक की जानकारी ली। जिस पर एसीएमओ ने 287 में 258 दवाएं होने का दावा किया। दवाइयों के कम होने पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताते पूछा कि दवाइयों की कमी क्यों हुई कभी समीक्षा की है। डिप्टी सीएम ने इसके बाद महिला अस्पताल की सीएमएस सुनीता कश्यप ने लोकेज परचेज की जानकारी लेनी चाही तो वह जवाब नहीं दे पाई। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि पूरा अस्पताल तो बाबू चला रहे है यह ठीक नहीं है।

डिप्टी सीएम ने अपने सामने ही बाबू को फोन कराकर लोकल परचेज में 44 लाख खर्च की जानकारी ली। जिम्मेदारों की लापरवाही पर डिप्टी सीएम ने सीएमओं को हिदायत देते हुए कहा कि बैठक कर समस्या को हल कराएं। समीक्षा बैठक के दौरान डिप्टी सीएम ने सीएचसी पर रात में रुकने वाले डॉक्टरों की हाथ उठाकर हाजिरी ली। इस पर महज 5 सीएचसी अधीक्षकों ने ही हाथ उठाकर रुकने का जवाब दिया। डिप्टी सीएम ने इस दौरान कमरे में मौजूद जनप्रतिनिधियों और सीएमओं से बंद पड़े पीएचसी की जानकारी ली लेकिन इस सवाल पर कोई जवाब नहीं दे सका। डिप्टी सीएम इस पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आप सभी भी अपने इलाकों के अस्पतालों की स्थिति का जायजा लेकर कमियों को दूर कराने का प्रयास करें। जिससे जमीनी हकीकत सामने आ सकें। डिप्टी सीएम ने समीक्षा बैठक के दौरान व्यवस्थाओं और आकड़ों को देखकर महमूदाबाद सीएचसी अधीक्षक और स्टॉफ की तारीफ की। आधे घंटे तक चली समीक्षा बैठक में सीएमओं डिप्टी सीएम के सवालों पर लीपापोती करते हुए नजर आये जिससे डिप्टी सीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

#### समीक्षा

**▸▸ बाबुओं के अस्पताल चलाने पर महिला अस्पताल की सीएमस सुनीता कश्यप को लगाई फटकार**

**▸▸ दवाओं की कमी पर एसीएमओ पर नाराजगी और सीएमओ को व्यवस्था दुरुस्त करने की हिदायत**

---

# फसल काटने गए युवक का नदी में उतराता मिला शव

**सदरपुर, अमृत विचार।** घर से फसल काटने निकले युवक का गुरुवार की सुबह नदी किनारे शव मिलने से हड़कंप मच गया। खरसट मजरा किशुनपुर निवासी कमलेश पुत्र बाबूराम उम्र (36) वर्ष बुधवार की शाम घर से अपने खेत में लगी सरसों की फसल काटने के लिए निकला था। सरसों काटने के बाद मृतक ने घर वापसी के समय अपने साथियों से कहा की वह शौच के लिए जा रहा है। देर रात तक कमलेश घर वापस नहीं पहुंचा तो परिवारजनों ने खोजबीन शुरू की। गुरुवार की सुबह करीब सुबह 11 बजे ग्रामीणों को गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर उत्तर दिशा में शुमली नदी में एक शव नग्न अवस्था में पड़ा हुआ मिला। परिजनों ने शव की शिनाख्त कमलेश के रूप में की। मृतक के भतीजे अनुज कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया की मृतक मिर्गी जैसी बीमारी से ग्रसित था। पूर्व में भी मृतक अलाव तापते हुए आग में गिर चुका है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है, जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# 7.45 करोड़ रुपये की लागत से नगर पंचायत महोली में बनेंगी 43 दुकानें

महोली/सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत महोली की जमीन पर 43 दुकानें पीपीपी काम्प्लेक्स के तहत बनाई जाएगी। भूमि पूजन के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की सम्भावना जताई जा रही है। इन दुकानों के निर्माण कार्य में अनुमानित सात करोड़ 45 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। बताया जाता है कि इन दुकानों का एलाटमेंट करने के बाद भूमि कंट्रक्शन की भूमिका खत्म हो जाएगी। इन दुकानों से नगर पंचायत किराया वसूल करेगी। इसके लिए नगर पंचायत ने बाकायदा भूमि आवंटन कर दिया।

मालूम हो कि नगर पंचायत महोली में एक फर्म का नगर पंचायत के साथ हुए अनुबंध के मुताबिक बड़ागांव रोड पर पानी की टंकी के निकट गाजीपुर रोड पर 9 दुकानें बनाई जाएंगी। इनकी अनुमानित लागत 18 फीसदी जीएसटी मिलाकर एक करोड़ 77 लाख रुपये है। इसके अलावा हाइवे पर महसुनिया मोड़ के निकट हाइवे व महसुनिया रोड पर भी 34 दुकानें फर्म द्वारा बनाई जाएगी। बुधवार को फर्म के प्रोपाइटर विनय कुमार शर्मा ने बड़ागांव रोड स्थित भूमि पर मंत्रोच्चार के बीच पूजन भी किया। पीपीपी काम्प्लेक्स बनाने के बाद फर्म दुकानें एलाटमेंट करेगा।

इससे मिलने वाली धनराशि फर्म को मिलेगी। जबकि दुकानों का निर्धारित किराया नगर पंचायत वसूल करेगी। इस योजना से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि जिस दुकानदार के नाम से दुकान आवंटित होगी। वह दो हजार रुपये की धनराशि नगर पंचायत में जमा करके दुकान दूसरे व्यक्ति के नाम स्थानांतरित कर सकेगा।

### सार-संक्षेप

#### चार चरणों में पूर्ण हुआ जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम




पुरस्कृत बच्चों के साथ मौजूद स्कूल प्रबंधक व शिक्षक। अमृत विचार

**सीतापुर,अमृत विचार।** शहर के कृष्णा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स शिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र सीतापुर द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने द्वीप प्रज्जवलन व सरस्वती मां के अर्चन के साथ किया। नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वंय सेविका प्रगति बाजपेई व आयुष ने अतिथियों को तिलक वन्दन तथा बैज अलंकरण कर स्वागत किया। कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित हुआ। प्रथम चरण के अतिथि डॉ दया श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक कटिया रहे। डा दया ने वर्तमान विषय मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी देकर सभी को लाभान्वित किया। द्वितीय व तृतीय चरण के अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरूण त्रिपाठी रहे। चतुर्थ चरण में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री पुष्पेन्द्र बाजपेई रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में युवाओं को देश के प्रति समर्पण रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्रध्छात्राओं को अलख कान्त श्रीवास्तव, प्रबल बाजपेई, सक्षम श्रीवास्तव व अमन त्रिपाठी ने संसद के निर्धारित विषयों पर अपना ओजस्वी विचार प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसी के साथ केन्द्र के सहयोगियों में आयुष, शीतल, आशीष, यासमीन, गोमती, संतोष, वीरेन्द्र, आदि का सराहनीय सहयोग रहा। अन्त में प्रतिभागी छात्रध्छात्राओं को अच्छे अभिनय के लिए पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा जी ने किया। राष्ट्रगान के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया।

#### स्वास्थ्य शिविर में 85 स्कूली बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




आगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में बृहस्पतिवार को आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर सैय्यद राशिद अली के नेतृत्व में विशेषज्ञों द्वारा 85 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर मौजूद अभिभावकों को विभिन्न बीमारियों से बचने, संतुलित भोजन एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी में मौजूद अभिभावकों को संबोधित करते हुए डाक्टर सैय्यद राशिद अली ने कहा कि,छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति माता पिता को सदैव संवेदनशील रहना चाहिए। किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण होने पर लापरवाही न करें और फौरन डॉक्टर से परामर्श करें। डाक्टर दीपा गोस्वामी ने महिलाओं में खून की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी तथा मौसमी फल और हरी सब्जियों के सेवन करने के फायदे बताए। संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि, हम सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। इससे बहुत सी बीमारियों से बचे रहेंगे। अभिभावकों को चाहिए कि वह बच्चों को शुरू से ही साबुन से हाथ धोने की आदत डालें क्योंकि जो आदत बचपन में पड़ जाती है, वह पूरे जीवन भर बनी रहती है। कार्यक्रम में एएनएम अंजलि, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमावती शिक्षक सरोज कुमार वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 85 बच्चों की सेहत की जांच की गई। कार्यक्रम में शिक्षक, उमेश चन्द्र वर्मा, रामावती वर्मा, राजीव कुमार। अभिभावक गुलाली, रामपाल, सुनीता देवी, मैनादेवी, सरला देवी, उमाशंकर, मीरा देवी लल्ली, ज्ञानवती दिलीप कुमार सहित नन्हे मुन्ने उपस्थित थे।

---

**चुनावी बिसात** | तीसरे फैक्टर के सहारे जीत की आस में मोहनलालगंज लोकसभा सीट

# केंद्रीय मंत्री और सपा प्रत्याशी होंगे आमने-सामने

संवाददाता, सिधौली/सीतापुर

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने में अब कुछ ही समय बचा है, लेकिन सियासी दल भाजपा व सपा ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारकर चुनावी वादों को लेकर बीच जनता के बीच जा रहे है। इसी बीच मोहनलालगंज लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। बीजेपी ने वर्तमान सांसद कौशल किशोर पर भरोसा जातते हुए तीसरी बार फिर से चुनावी मैदान में उतारा है, तो वहीं समाजवादी पार्टी ने आरके चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है।



केंद्रीय मंत्री व सांसद कौशल किशोर।



सपा प्रत्याशी आरके चौधरी।

वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कौशल किशोर ने जीत दर्ज कर विरोधियों को करारी मात दी थी। वर्ष 2014 में जहां सपा, बसपा और कांग्रेस ने बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ा तो वहीं वर्ष 2019 में बसपा और सपा ने गठबंधन किया और कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ी। आगामी लोकसभा चुनाव में अभी तक इंडिया गठबंधन तले सपा और कांग्रेस साथ चुनाव लड़ रहे हैं, और बसपा इससे फिलहाल अलग है। वहीं भारतीय जनता पार्टी हर बार की तरह इस बार भी अपने सांसदों पर भरोसा जताकर मैदान में उतार दिया है। ऐसे में देखा जाए तो कहने वाले यही कहेंगे कि जीत हार का सारा दार-ओ-मदार सपा और बीजेपी पर है। लेकिन इसमें एक तीसरा फैक्टर भी हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में बसपा वो तीसरा फैक्टर है, जो सपा और बीजेपी की हार जीत तय करेगी। सूत्रों का दावा है कि बसपा फिलहाल आचार संहिता लगने का इंतजार कर रही है। वहीं बसपा नेताओं ने नाम न छापने के शर्त पर दावा किया कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और मजबूती के साथ इस चुनाव में उभरेगी। अब यह देखना दिलचस्प हो गया कि बसपा अपने वोटरों को अपने साथ ला पाती है या नहीं। या फिर बीजेपी और सपा के बीच इनके वोटरों का विभाजन होगा और यही चुनाव का डिसाइडिंग फैक्टर होगा।

#### मतदाताओं को रिझाने में जुटे प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव विश्लेषकों ने जोड़-तोड़ शुरू कर दिया है। प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने समर्थकों के साथ अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में वोटरों को रिझाने में जुट गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में सिधौली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक मनीष रावत व पूर्व विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव की प्रतिष्ठा दांव पर बनी हुई है।

# निपुण छात्र- छात्राओं को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**पिसावां।** गुरुवार को विकासखंड के ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि संजीव मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड के सभी 12 न्याय पंचायतों के अंतर्गत निपुण छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही ब्लाक के निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सम्मान व उत्साहवर्धन हेतू प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीईओ अवनीश कुमार ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की धरोहर हैं। इस मौके पर सीडीपीओ डा.अनूप कुमार सिंह, एआरपी अभय कुमार सिंह, अतुल शुक्ल,शोभित श्रीवास्तव,अश्वनी सिंह,राधेश्याम यादव, सुशील कुमार गुप्ता, इकबाल शेख,सिद्धार्थ मिश्रा, हिमांशु सिंह, अतुल सिंह, अमित त्रिवेदी आदि मौजूद रहीं।

# 12 घंटे तक छापेमारी, पूर्व मंत्री के बेटे को लखनऊ लेकर गए

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पहुंची थी। ईडी ने गायत्री प्रजापति की कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी दबिश दी। दोनों के घरों पर ईडी की टीम सुबह में ही पहुंच गई। इसके बाद छापेमारी की प्रक्रिया को शुरू किया गया। ईडी की छापेमारी को लेकर दोनों ही स्थानों पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा को चाक- चौबंद कर दिया गया था। घर के बाहर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। ईडी के कई अधिकारी दिनभर घर के अंदर मौजूद रहे।

ईडी के छापेमारी के दौरान कागजातों और अन्य मामलों को लेकर पूछताछ की। वहीं अमेठी के साथ-साथ लखनऊ और मुंबई के 17 ठिकानों पर ईडी की टीम ने एक साथ छापा मारा। खनन घोटाले से संबंधित मामले में ईडी की ओर से छापेमारी की। अमेठी स्थित घर में गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और छोटा बेटा अनुराग प्रजापति की तबियत खराब हो गई। प्रशासन ने इलाज के लिए सीएचसी फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इससे पहले राज्यसभा चुनाव 2024 के दौरान गायत्री की पत्नी सपा विधायक महाराजी प्रजापति ने क्रॉस वोटिंग कर सबको चौंका दिया था।

महाराजी ने भाजपा कैंडिडेट संजय सेठ के पक्ष में वोट किया था। इसको लेकर दावा किया गया कि अपने ऊपर कसे जांच एजेंसी के शिकंजे से बचने के लिए उन्होंने इस प्रकार का कदम उठाया। हालांकि, अब तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हो पाई है। सुबह साढ़े पांच बजे से शुरू हुई छापेमारी शाम करीब छह बजे तक चली। ईडी के जाने के बाद पूर्व मंत्री की बेटी ने बताया कि उनके भाई अनुराग प्रजापति को लखनऊ ले जाने की बात बताते हुए अपने साथ ले गई है।



पूर्व मंत्री के घर पर छापेमारी के दौरान तैनात सीआरपीएफ के जवान।

### खनन घोटाले के आरोपी हैं गायत्री

गायत्री प्रजापति हमीरपुर अवैध खनन मामले में आरोपी हैं। अवैध खनन घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। पिछले दिनों सीबीआई की ओर से पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूछताछ के लिए तलब किया था। हालांकि, अखिलेश यादव इस पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। अब गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी की टीम के छापे से हड़कंप मच गया है।

### देर शाम तक चली रेड

पूर्व मंत्री के घर पर उनकी पत्नी मौजूदा विधायक महाराजी प्रजापति और छोटा बेटा अनुराग के अलावा घर के सभी सदस्य मौजूद रहे। फिलहाल ईडी की टीम देर शाम तक छापेमारी चलती रही। ईडी की एक टीम गायत्री प्रसाद प्रजापति के महिला मित्र गुड्डा देवी के गंगागंज मोहल्ले स्थित घर भी छापेमारी की थी। वहीं सुरक्षा को लेकर दोनों घरों के बाहर बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। छापेमारी को लेकर ईडी की टीम का कोई बयान नहीं आया है। हालांकि सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि अवैध खनन मामले में कार्रवाई चल रही है।

### दो स्थानों पर एक साथ हुई थी छापेमारी

अमेठी में ईडी की टीम का छापा दो स्थानों पर चला। अमेठी के आवास विकास कालोनी और गंगागंज मोहल्ले में छापेमारी हुई। गायत्री के कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी की छापेमारी के बाद कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं। सपा सरकार में कैबनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है, जहां एक तरफ गायत्री प्रसाद प्रजापति जेल में हैं तो वहीं अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज सुबह छापा मारा। छापेमारी में आधा दर्जन से अधिक ईडी के अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्वे के बाद हाईकमान को भेजा राहुल का नाम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले यूपी की हॉट सीट कही जाने वाली अमेठी में कांग्रेस ने अभी तक लोकसभा प्रत्याशी को लेकर कोई इशारा नहीं किया है। हालांकि कार्यकर्ताओं ने कई बार प्रयागराज, रायबरेली और अमेठी में पोस्टर लगाकर राहुल और प्रियंका को यहां से मैदान में उतारने की गुजारिश की। इतना ही नहीं खुद सोनिया गांधी ने जनता के नाम पत्र लिखकर अपनी परंपरागत सीट को लेकर भावुक अपील भी की थी।

सूत्रों की माने तो केरल के वायनाड के अलावा राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे। पार्टी से जुड़े सूत्रों की माने तो इसको लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से तीन राउंड का एक इंटरनल सर्वे अमेठी लोकसभा क्षेत्र में करवाया गया। इस सर्वे को कई रिटायर्ड प्रोफेसर और विद्वानों ने किया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर राहुल गांधी का नाम बतौर लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस आलाकमान को भेजा गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही इसको लेकर कांग्रेस कमेटी की तरफ से घोषणा की जा सकती है।

## छह माह से नहीं मिला मनरेगा सेल के कर्मचारियों को मानदेय

**बाजार शुकुल, अमेठी।** बाजारशुक्ल ब्लॉक में कार्यरत मनरेगा कर्मियों को विगत पांच–छह माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मनरेगा कर्मियों ने बताया कि वेतन भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक समस्याएं झेलनी पड़ रही है। बाजार शुकुल ब्लॉक में तैनात मनरेगा सेल के 40 कर्मचारियों का छह माह से मानदेय नहीं मिला है। मनरेगा के कर्मचारियों की बातों को सही माना जाए तो अब तक एपीओ, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सात तकनीकी सहायक व 30 ग्राम रोजगार सेवक का सात माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ। प्रत्येक माह एपीओ को 30, 390, लेखा सहायक को 11, 803, कंम्पयूटर ऑपरेटर को 11, 803, तकनीकी सहायक को 12,192 व ग्राम रोजगार सेवक को 7788 रुपए प्रत्येक माह मानदेय मिलता है।

# डीएम ने निर्वाचन कार्यालय का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में पटल सहायकों से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली तथा पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए, गोदाम का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई सामग्री का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडेय सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम निशा अनंत व मौजूद अन्य।

## सार-संक्षेप

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** गुरुवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान अपहरण छेड़खानी व पास्को एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की। मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की देखरेख में गुरुवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीमें अलग–अलग क्षेत्रों में सघन तलाशी, वाहन चेकिंग अभियान पर थी। इसी बीच सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस के एसआई राजेश दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से दोपहर करीब में अपहरण छेड़खानी सहित अन्य मामलों के वांछित आरोपी अकबर अली पुत्र असगर अली निवासी ग्राम बेसारा पूरब थाना मुसाफिरखाना अमेठी को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में दर्ज छेड़खानी अपहरण सहित पाक्सो एक्ट में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था।

### 29 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत 29 ग्राम स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस चौकी शंकरगंज के प्रभारी इंग्लेश तिवारी मय हमराही द्वारा अलीम पुत्र अतहर निवासी रस्तामऊ थाना मोहनगंज (55) को 14 ग्राम स्मैक के साथ लोधवरिया पुल के पास से गिरफ्तार किया गया एवं उप निरीक्षक हरीशंकर वर्मा थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा मोबीन पुत्र मेंहदी निवासी सांगीपुर थाना मोहनगंज (38) को 15 ग्राम स्मैक के साथ तिलोई नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अमेठी।** थाना शिवरतनगंज पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर से चिकित्सकीय परीक्षण के बाद पुलिस अभिरक्षा से फरार एनडीपीएस के मुल्जिम को रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया है। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने बुधवार को गांव हथरोहना निवासी सत्यभान यादव पुत्र राम यादव (24) को नगियामऊ सम्पर्क मार्ग के पास से 30 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस बुधवार को एनडीपीएस एक्ट के मुल्जिम को सीएचसी सिंहपुर चिकित्सकीय परीक्षण हेतु रवाना किया था। सीएचसी से वह पुलिस अभिरक्षा में लगे जवानों को चकमा देकर भाग निकला था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी अनिल कनौजिया, पवन कुमार पंकज और ज्ञान सिंह को निलम्बित कर दिया था और पुलिस अभिरक्षा से फरार सत्यभान यादव की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद राय मय हमराही अरुण यादव ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार युवक सत्यभान यादव को रामलीला मैदान शिवरतनगंज के पास से समय करीब पौने दस बजे रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा से फरार युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जानलेवा हमले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना गौरीगंज पुलिस ने सैंठा रोड गौरीगंज ओवर ब्रिज के नीचे से प्राण घातक हमले में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक दया शंकर मिश्र मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर घर में घुसकर जानलेवा हमले में वांछित हीरालाल मौर्य पुत्र स्व. राम अभिलाख मौर्य (48) व अमित कुमार पुत्र हीरालाल मौर्य (29) निवासीगण वार्ड संख्या 18 माधौपुर कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को सैंठा रोड गौरीगंज ओवरब्रिज पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है।

### सीआईएसएफ व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** आसन्न लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत आमजन मानस और मतदाताओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा जनता में सुरक्षा बलों की धमक के उद्देश्य से सीआईएसएफ और भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने की पुलिस द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। गुरुवार को स्थानीय भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र क्षेत्र के रानीगंज दिछौली थौरी नारा अढनपुर नेवादा गाजनपुर दुवरिया सहित करीब दर्जन भर गांवों में स्थानीय कोतवाली पुलिस और सीआईएस एफ द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**अमेठी।** तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में शुक्रवार से प्रारम्भ हो रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा से पूर्व गुरुवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ओम नाथ मंदिर के प्रांगण से निकली कलश यात्रा कस्बा के समस्त प्राचीनतम मंदिरों पर पहुंची।



# शुआट्स कॉलेज में वेतन के लिए शिक्षकों में मारपीट, कई घायल

## कार्यवाहक कुलपति के ऑफिस में हुई घटना, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

संवाददाता, प्रयागराज/नैनी

**अमृत विचार:** शुआट्स में वेतन को लेकर मामला अब तूल पकड़ रहा है। गुरुवार को वेतन को लेकर गैर शिक्षक ग्रुप व शिक्षण कर्मचारियों के ग्रुप के बीच कार्यवाहक कुलपति के दफ्तर में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की ओर से उन्हें पहने वेतन दिए जाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा भी हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। थोड़ी दर के बाद आंदोलन कर रहे ग्रुप के शिक्षको व कर्मचारियों ने नैनी कोतवाली पहुंचकर दूसरे ग्रुप के खिलाफ मारपीट व जातिसूचक गाली-गलौच की तहरीर दी है। वही दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर दी गई है।



शुआट्स में वेतन को लेकर चल रहे आंदोलन में शिक्षक, गैर शिक्षक व कर्मचारियों दो ग्रुप में बट गए हैं। एक ग्रुप आन्दोलनकारी शिक्षको व गैर शिक्षको के साथ है तो दूसरा ग्रुप मैनेजमेंट के साथ है। गुरुवार को आंदोलनकारी ग्रुप के लोग कार्यवाहक कुलपति विश्व स्वरूप मेहरा के पास बुधवार को मिलने वाले वेतन को रिलीज न करने का कारण पूछने गया। इसी बीच दूसरे ग्रुप के लोग भी कार्यवाहक वीसी के कार्यालय में पहुंच गए। दोनों ग्रुपो के बीच पहले उन्हें वेतन के भुगतान किए जाने को लेकर बहस होने लगी। आरोप है कि मैनेजमेंट ग्रुप की ओर से आंदोलनकारी ग्रुप के शिक्षको से गाली गलौच की जाने लगी। जिसपर कार्यवाहक कुलपति के ऑफिस में ही मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों से कई लोग चोटहिल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को अपने साथ कोतवाली ले आई।

बताया गया कि वेतन बांटने करने के संबंध में वित्त समिति के दोनो ग्रुप के सदस्य मौजूद थे। पहला ग्रुप शिक्षकों का वेतन रोककर, गैर शिक्षक कर्मचारियों का वेतन देने की बात पर अड़ा हुआ था, जबकि दूसरा ग्रुप न्यायहित में स्लैब निर्धारित करके वेतन बांटने के पक्ष में था। जिससे आधा वेतन पा रहे शिक्षकों को भी वेतन दिया जा सके। पहले ग्रुप की जिद पूरी नहीं होने पर उसने दूसरे ग्रुप के सदस्यों जिसमें डीन, सहायक प्रोफेसर आदि से हाथापाई शुरु कर दी। इस दौरान आंदोलनकारी पक्ष के ग्रुप ने कोतवाली में हंगामा किया। दोनों पक्षों की ओर से नैनी कोतवाली में तहरीर दी गई है।



धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### धूमधाम से निकली श्री खाटू श्याम जी की निशान शोभायात्रा

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** विगत 16 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम जी, राजस्थान को निशान अर्पण करने के लिए प्रयागराज से श्रृद्धालुओ का एक जत्था खाटू श्याम राजस्थान के लिए गुरूवार को रवाना किया गया। शोभायात्रा का नगर भ्रमण गुरुवार को खाटू श्याम मंदिर रामबाग से कोठा पारचा, बहादुरगंज, चमेली बाई धर्मशाला होते हुए रामबाग में संपन्न हुई। शोभायात्रा में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में बाबा श्याम जी की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई। डीजे ढोल-ताशे की धुन पर श्रद्धालु झूमते-नाचते शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा का स्वागत नगर भ्रमण के दौरान बहादुरगंज में राजेश सिंघानिया, मानसरोवर पर अनिल नारिया, चमेली बाई धर्मशाला पर सुरेन्द्र बंसल, प्रमोद बंसल, साउथ मलाका में विनोद अग्रवाल, श्याम मंदिर रामबाग पर योगेश गोयल द्वारा किया गया। शोभायात्रा हर वर्ग के लोगों ने बाबा श्याम की निशान ले के पदयात्रा की। निशान यात्रा श्री श्याम सेवा ट्रस्ट वा श्याम मंडल के तत्वाधान में आयोजित हुई। शोभायात्रा में मनीष रुंगटा, विजय कान्त शर्मा, विनोद अग्रवाल वेद प्रकाश जी गोयल, गौपाल जी अग्रवाल, राजेश सिंघानिया, अनिल नर्सारिया, ॐ प्रकाश अग्रवाल, मनोज देवडा, सुरेंद्र बंसल, सुनील सराफ, गौरव खेमका, आशीष अग्रवाल आदि बहुत सारे श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## सार-संक्षेप

### नित्यानंद बने अपना दल एस के जिला कोषाध्यक्ष



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खोराडीह गांव के युवा समाजसेवी और अपना दल एस के रूप में कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े रहे और इसी का नतीजा रहा की पार्टी में इन्हें अपना दल एस का जिला कोषाध्यक्ष बनाया। जिसमें बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। नित्यानंद सिंह ने कहा कि अपना दल एसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर और ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जोड़कर उनकी समस्या का निदान करना ही हमारा लक्ष्य है। सुजीत पटेल ने कहा कि अपना दल एस के कार्यकर्ता गांव की समस्या को गांव में ही सुलझा रहे हैं और सभी युवा से कहना चाहता हूं कि नशा छोड़कर आगे बढ़े उन्होंने कहा कि नशा से जीवन बर्बाद हो रहा है। युवा हर तरफ आगे बढ़ रहे हैं। बधाई देने वालों में दुर्गा सिंह, सुजीत पटेल, अर्जुन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जनमेजय सिंह, राजू सिंह, संतोष पाठक ग्राम प्रधान महेश प्रसाद आदि शामिल थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** मानिकपुर थाना क्षेत्र के अंतामऊ निवासी 35 वर्षीय अखिलेश तिवारी पुत्र दिलीप कुमार बुधवार शाम किसी काम से कुंडा गए थे। रात में लगभग 8 :30 बजे वह अपने घर वापस लौट रहे थे, लाटतारा चौराहे के पास अज्ञात कार ने उसकी बाइक में टक्कर जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज ले गए। जहां पर इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी जयचंद भारती ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, चार पर केस

**लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार :** युवती को शादी का झांसा देकर उससे सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट व धमकी के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता के अनुसार वर्ष 2021 में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के दौरान उसकी मुलाकात संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भरतपुर तरैंया निवासी विकास जायसवाल पुत्र मूलचंद्र जायसवाल से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पीडिता का आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के बहकावे में आकर पीड़िता वर्ष 2023 अप्रैल माह में आरोपी के चचेरे भाई संजीत जायसवाल पुत्र हरिश्चंद्र जायसवाल के साथ पूना चली गयी। आरोप है कि यहां आरोपी के चचेरे भाई संजीत ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। यहां से पीडिता दो जनवरी, 2024 को आरोपी के साथ उसके गांव आ गयी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि यहां 12 फरवरी को उसके साथ आरोपी के पिता व मां ने अभद्रता की, मारापीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। घटना की तहरीर संग्रामगढ़ थाने में दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद परेशान पीडिता ने लालगंज कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को समाजसेवा के लिए किया प्रेरित



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** पीबीपीजी कालेज सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के चार इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर गुरुवार से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इसके पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। मुख्य अतिथि प्रो .अमित ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में शिविर के माध्यम से समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। महापुरुषों का उदाहरण देते हुए स्वयंसेवकों को अनुशासित व समर्पित होकर सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो .ब्रम्हानंद प्रताप सिंह ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्य विश्वविद्यालय के एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो .उपेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डा .नीरज त्रिपाठी, डा .कुलदीप सिंह, डा .प्रणव ओझा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाकर कालेज परिसर में साफ- सफाई की। संचालन डा .शिव प्रताप सिंह एवं अजय कुमार सिंह ने सभी के आभार जताया। इस अवसर पर डा .देवेश सिंह, नीरज पांडेय, राकेश सिंह, रवि प्रकाश सिंह, बालेंदु सिंह, विनोद मौर्य, नन्हे लाल मौर्य, राजकुमार पटेल, प्रशांत शुक्ल, संकल्प सिंह आदि रहे।

### गेहूं खरीद को लेकर अब तक 72 किसानों ने कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**संवाददाता, मेजा, प्रयागराज। अमृत विचार :** शासन के आदेश पर मार्केटिंग विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों माध्यम से गेहूं की खरीद एक मार्च से की जानी थी। मेजा अभी गेहूं की फसल पककर तैयार नहीं हो सकी है, जिससे गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसान नहीं पहुंच सके हैं। लेकिन इसके बाद भी अब तक 72 किसानों ने अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। विपणन विभाग के क्रय केन्द्र चपरतला में तैनात कर्मचारी रामराज यादव ने बताया कि जिन किसानों ने उनके केन्द्र पर धान बेच रखा था, ऐसे किसानों का आन लाइन रजिस्ट्रेशन वह कर रहे हैं। केन्द्र पर गेहूं बेचने वाले किसान जगदीश प्रसाद, निवासी चपरतला, अशोक कुमार मिश्र नेवढ़िया, अशोक कुमार ओझा नेवढ़िया, विनोद कुमार सिंह निवासी भड़ेवरा, भगवती प्रसाद निवासी लोटाढ़ सहित 72 किसानों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है, गेहूं बेचने वाले अन्य किसान साइबर कैफे पर पहुंच आन लाइन रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इसी तरह विपणन शाखा के मेजा खास में गेंहू बेंचने के लिए आन लाइन रजिस्ट्रेशन किसान करा रहे हैं। विपणन अधिकारी शिखा ने बताया कि गेंहू की तैयारी पूर्ण हो चुकी है, अभी तक किसानों के खेत में रही गेंहू की फसल तैयार न होने से किसान क्रय केन्द्र तक नहीं पहुंच सका। विपणन अधिकारी ने बताया कि मेजा तहसील में विपणन विभाग के कुल पांच केन्द्र हैं, जिनमें चपतला, मेजा खास, मेजारोड, डोरवा मांडा। उधर पी सी एफ के आधे दर्जन से अधिक केन्द्र बनाए गए हैं, लेकिन फसल लेट होने से खरीद चालू नहीं हो सकी है।

## बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाएं : डीएम

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** तुलसी सदन हादीहाल में गुरुवार को जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम संजीव रंजन ने 129 निपुण प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

उन्होंने सभी अध्यापकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे ले जाएं और उन्हें नई-नई तकनीकी जानकारी दें, जिससे वह आगे बढ़कर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें। सीडीओ नवनीत सेहारा ने कहा कि निपुण भारत योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को दिया जाए। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया जाए। बीएसए भूपेंद्र कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न विद्यालयों के 94 बच्चों को लेखन और अध्ययन से जुड़ी सामग्री दी गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेंद्र सिंह, जिला समन्वयक निर्माण प्रदीप यादव, बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, जिला मंत्री विनय कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, मंजू सिंह, स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



डीएम संजीव रंजन, सीडीओ नवनीत सेहारा व बीएसए भूपेंद्र सिंह के साथ शिक्षकगण।

▸▸ **निपुण विद्यालयों के 129 प्रधानाचार्यों एवं 94 बच्चों को किया गया सम्मानित**

## नो स्मोकिंग डे पर चला हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आशु पांडे के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को नो स्मोकिंग डे पर जनपद में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया यह दिवस मार्च माह के दूसरे बुधवार को मनाया जाता है। साथ ही तम्बाकू से दूरी बनाने की सलाह दिया और तम्बाकू सेवन से कैंसर जैसी भयावह बीमारी होती है।

भारत सरकार की तरफ से इस बार की थीम बच्चों/ युवाओं को तंबाकू उत्पाद से बचाना है। इस लिए लोगो को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे सबसे पहले कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय, आइईआरटी इंजीनियरिंग कालेज, वाईएमसी मिशनरी स्कूल , सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों राजकीय हेल्थ स्कूल तेलियरगंज, सुभाष चौराहे पर यह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, सैम हिगिन्बाटम विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान विभाग में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मे हस्ताक्षर अभियान डॉ. शैलेश कुमार मौर्य एवं श्रीमती सुमन लता त्रिपाठी की देखरेख में आयोजित किया गया। तथा इसके साथ ही पुलिस विभाग के काइम ब्रान्च कार्यलय मे भी आयोजित किया गया।



## स्कॉर्पियों व बाइक की टक्कर में तीन की मौत

संवाददाता, मिर्जापुर

▸▸ **मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर हुआ बड़ा हादसा**

**अमृत विचार:** जिले के प्रयागराज हाईवे पर गुरुवार को स्कार्पियो व बाइक की टक्कर हो जाने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति- पत्नी और बहन शामिल हैं। हादसे में परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर से गॉव में सनसनी फैल गई और घर में कोहराम मच गया।

मिर्जापुर प्रयागराज हाईवे मार्ग पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया है। विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत अकोढ़ी गांव के पास स्कॉर्पियो की बाइक से जोरदार टक्कर हुई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। सभी एक ही परिवार के थे। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। काफी संख्या में लोग जुट गए। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया। जिगना थाना क्षेत्र के बरबटा गांव निवासी 28 वर्षीय राजदेव, अपनी पत्नी सन्नो देवी 26 वर्ष और बहन आशा देवी 34 वर्ष को लेकर मिर्जापुर किसी काम से आया था। गुरुवार की दोपहर बाद बाइक सवार तीनों लोग मिर्जापुर से अपने घर जा रहे थे। बाइक सवार विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव के पास पहुंचा था कि स्कार्पियों ने जोरदार टक्कर मार दिया।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर अलग-अलग दिशा में जा गिरे। बाइक सवार तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची विंध्याचल पुलिस शव की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। तीन लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर सीओ सिटी मनोज गुप्ता और विंध्याचल थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा पहुंचे गये थे। सीओ सिटी ने बताया कि स्कॉर्पियों की टक्कर से बाइक सवार युवक उसकी पत्नी और बहन की मौत हो गई।

### ग्राम प्रधान से मांगी रंगदारी, केस दर्ज

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संडवा चंद्रिका ब्लाक की ग्राम पंचायत महमदापुर में पवन कुमार यादव ग्राम प्रधान हैं। उनका आरोप है कि कुशलगढ़ निवासी धीरेंद्र कुमार से उनकी रंजिश चल रही है। बुधवार को पवन घर पर बैठकर ग्राम पंचायत का कार्य कर रहे थे। तभी धीरेंद्र उनके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। धमकी देते हुए कहा कि तुम्हें प्रधानी करनी है, तो मुझे हर महीने पांच हजार रूपए देना पड़ेगा, रूपये न देने पर तुम्हें जान से मार देंगे। जिससे प्रधान पवन उनका परिवार डरा व सहमा हुआ है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी धीरेंद्र कुमार पांडेय के विरुद्ध रंगदारी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज करके घटना की जांच कर रही है।

### वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला-कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट करना।
4. रथ, यान।
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।



### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | | 2 चँ | 3 प | ना |
| | | | 4 आ | | पो | |
| | 5 थि | | 6 डं | ठ | ल | |
| 7 ग | र | का | ब | | ना | |
| | क | | री | | | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | | | | र |
| | | | 10 अ | प | दा | न |

### सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू -88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 22 .09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 16 .08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन:** आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह:** आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या:** आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न-चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला:** आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु:** आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन:** आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
- साथी — सुबह : 11.00
- यह है जलवा — दोपहर : 03 .00

SONY MAX
- अनाड़ी — सुबह : 10 .12
- मैं हूं लकी द रेसर — रात : 10 .07

SONY PIX
- द वॉटर हाउस — सुबह : 10 .49
- फास्टर — शाम : 05 .40

ZEE CINEMA
- जान — सुबह : 10 .30
- हीरोपंती 2 — शाम : 04 .30

colors CINEPLEX
- नजर अंदाज — दोपहर : 01 .42
- पागलपंती — रात : 07 .03

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर शाम 04 .30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति- यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर- डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू- सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।



## चुनाव कमाल का...

- पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं लेकिन संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था, वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे मात्र नेता हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और दिल्ली राज्यों से लोकसभा के चुनाव में कामयाबी हासिल की
- काका जोगेन्दर सिंह जो धरती पकड़ के नाम से भी मशहूर थे 25 बार चुनाव हारे। धरती पकड़ वी.पी. सिंह और राजीव गांधी जैसे बड़े-बड़े नेताओं के खिलाफ भी उम्मीदवार रहे जिनके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाते थे ताकि कहीं उनकी मौत की वजह से चुनाव रद्द न कर दिया जाए।

## चुनावी तीर



कांग्रेस 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। लेकिन मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



नरेंद्र मोदी सरकार ने काफी शोर-शराबे के साथ महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू करने के लिए सर्वे करने की बात की, इसमें 10 साल लगेंगे, हमारी सरकार आती हैं तो बिना सर्वे के महिलाओं को आरक्षण देंगे

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

# आंदोलन के बाद मंदिर निर्माण सियासी कसौटी पर

- चुनाव दर चुनाव नए समीकरण गढ़ती रही अयोध्या, मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस

**13** माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई भाजपा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** मंदिर आंदोलन के बाद अब श्रीराम मंदिर का निर्माण सियासत की कसौटी पर है। चुनाव-दर-चुनाव अयोध्या नए सियासी समीकरण गढ़ती रही है। चुनाव की मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस हो गया। एक बार फिर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विकास संग अयोध्या चुनावी सियासत के केंद्र में घूम रही है।

यूं तो राम मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। अयोध्या सदियों से आस्था का केंद्र रही है, लेकिन चार दशक से यह सियासत के भी केंद्र में है। 40 साल बाद भी अयोध्या की सियासी चमक वैसी है। दलों को लुभाती है। बदला है तो केवल परिदृश्य। राजनीतिक दलों ने अयोध्या के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस रही हो या भाजपा। सपा या बसपा। श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से सन् 1984 में शुरू हुआ। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या हुई। चुनाव में कांग्रेस ने 404 सीटों से बढ़त पाई। नए दल के रूप में दो सीटों से भाजपा ने खाता खोला। आंदोलन के समर्थन से भाजपा ने जो सियासी पारी शुरू की वह अब तक बरकरार है। जैसे-जैसे आंदोलन चढ़ा, दूसरे मुद्दे भी आए, लेकिन अयोध्या का प्रभाव कायम रहा। इतिहास पर गौर करें तो कई ऐसे अवसर आए जब अयोध्या को पर्दे के पीछे करने की कोशिश हुई लेकिन ऐसा हो नही पाया। 1989 से अब तक का परिदृश्य इसी ओर इशारा करता है। 1989 में मंडल और मंदिर एक साथ नारा बने, 1990 में ढांचा विध्वंस हुआ। धर्म निरपेक्षता पर बहस हुई, लेकिन सियासत की तासीर में अयोध्या बनी रही। हां इतना जरूर है कि चुनाव-दर-चुनाव आंकड़ों की तस्वीर बदलती रही। नब्बे के दशक में अयोध्या और राम मंदिर अवाम के बीच राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के बीच अयोध्या के साथ भाजपा फर्श से अर्स की ओर बढ़ती रही तो कांग्रेस का पराभव का दौर शुरू हो गया। 13 माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में भाजपा सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई। 1999 से 2004 तक सत्ता में रही। इसके पीछे राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या ही रही। सन 1984 में 404 सीटों पर रहने वाली कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में 52 पर सिमट गई। दो के आंकड़े से बढ़ने वाली भाजपा 2019 में 303 तक पहुंच गई।

नौ नंवबर 2019 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर फैसला आया। चमक बढ़ गई। कोरोना के दौर में पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन हुआ। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ सियासत गरमाने लगी। निर्माण के श्रेय को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

### अरसे से सियासत में शामिल अयोध्या

22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। यह बड़ा संकेत रहा। पर्दे के पीछे की सियसात का खेल शुरू हुआ। राम दर्शन के जरिए प्रदेशों की भाजपा सरकारें राम लला के चरणों में नतमस्तक हुई। पूरे देश के लोगों को यात्रा के जरिए इसे परवान चढ़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेताओं को उभारकर घेरने की रणनीति चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या और यात्रा के जरिए सियासी युद्ध चरम की ओर है। चुनावी चंदा और छापों की धमक है। चुनाव की घोषणा होने वाली है। आंदोलन से निकलकर धार्मिक पर्यटन की नगरी अयोध्या और राम मंदिर फिर सियासत के बीच कसौटी पर है। इसके सियासी लाभ हानि का आंकलन किया जा रहा है। पक्ष और विपक्ष इसे साधने के साथ मुकाबले की राह पर चल पड़े हैं।



सियासतदानों का एक धड़ा इसे मुद्दा बनने से रोकने में लगा रहा तो दूसरा धड़ा अप्रत्यक्ष सियासत के केंद्र में रखने में लगा रहा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के जरिए पूरे देश को आंदोलन की तर्ज पर राम मय बनाने की कोशिश शुरू हुई।



**22** जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना रहा बड़ा संकेत

**1984** में श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से आरंभ हुआ और भाजपा ने जो पारी शुरू की वह अब तक है बरकरार

# अमीरों का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं: राहुल



नासिक, एजेंसी

- गांधी बोले- इंडिया सत्ता में आया तो किसानों की आवाज बनेगा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा। ऐसी नीतियां लाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। किसानों को जीएसटी से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। मेरी और हमारी सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और आत्महत्या करते हैं।



# ईवीएम आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग नहीं दे रहा है समय : दिग्विजय

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि चुनावों में ईवीएम मशीनों द्वारा हेरा फेरी का आरोप लगाने वाले आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग 7 माह से बातचीत करने का समय नहीं दे रहा है।

ईवीएम मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा है कि अब ईवीएम के खिलाफ देश के कोने कोने में आवाज उठ रही है। इंडिया गठबंधन की ओर से इस मामले में करीब सात महीने से चुनाव आयोग से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई उत्तर अब तक नहीं मिला। पूरे देश में जन आंदोलन की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का बनाना आवश्यक हो गया है, जिसे 'ईवीएम मुक्त भारत अभियान' के नाम से जाना जाएगा। चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा नहीं। ईवीएम के प्रवेश से भारत सरकार की तमाम एजेन्सी जैसे भारत एलेक्ट्रॉनिक्कस लिमिटेड, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और निजी क्षेत्र से टेक्निकल लोग शामिल हो गए हैं, ऐसे में तो निष्पक्षता का होना लगभग असंभव है। एक आम दलील यह दी जाती है की बैलेट पेपर से चुनाव कराना खर्चीली प्रक्रिया है, जो एक बहुत बड़ा भ्रम है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने में 2 सप्ताह की तैयारी चाहिए।

# शिवपाल बोले- सपा से रूठे लोगों को घर जाकर मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर चल रहा संशय गुरुवार को समाप्त हो गया। शिवपाल सिंह यादव की जिले में आमद हुई। कहा कि इंडिया गठबंधन की वजह से भाजपा अभी तक प्रत्याशी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने कहा, सपा से दूर हुए लोगों का मनमुटाव दूर करने के लिए उनके घर जाएंगे। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए इसलिए सभी 80 सीटों पर हार मिलेगी।

गुरुवार को वह तीन दिवसीय दौरे पर बदायूं आए। उझानी के एक मैरिज लॉन में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से भाजपा सभी 80 सीटें हारेगी। भाजपा बदायूं से प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर सकी है। भाजपा सत्ता के घमंड में है। वह बोले कि बदायूं सपा का गढ़ रहा है। नेता जी मुलायम सिंह यादव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद हुए। अब हम भी बदायूं आए हैं। सलीम इकबाल शेरवानी और आबिद रजा की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि जो भी रूठा है उन सभी को मना लेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके घर भी जाएंगे। अयोध्या जाने के



उझानी में आयोजित प्रेस वार्ता में शिवपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

- भाजपा ने नहीं पूरे किए वादे, सभी 80 सीटों पर मिलेगी हार
- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे शिवपाल यादव
- उझानी में की पत्रकारों से बात जिले के विकास को देंगे प्राथमिकता

सवाल पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर बन गया है। भगवान जब बुलाएंगे अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाजपा बताए कि जिले में उन्होंने कितना विकास कराया है। भाजपा के सभी वादे खोखले हैं। प्रेस वार्ता के दौरान बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य आदि भी मौजूद रहे।

# यूपी में बसपा के बगैर कैसे भाजपा को रोकेगा 'इंडिया'

● धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्या बसपा के बिना 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा को रोक पाएंगे। यह सवाल इनदिनों चट्टी-चौराहों पर आम मतदाओं से लेकर राजनीतिक पंडितों के बीच चर्चा में शामिल है। भाजपा के मिशन-80 को आधे से भी कम पर समेटने का दावा करने वाले विपक्ष के समीकरणों का गणित भी यहीं पर आकर अकट जा रहा है।

नरेंद्र मोदी को नेतृत्व देने से पहले भाजपा की हैसियत डांवाडोल थी। 13 दिन की सरकार समेत तीन बार सत्ता में आने पर भाजपा सरकार एक बार भी पांच साल का कार्यकाल पूरा न कर सकी। प्रदेश में 1984 में दो सीटों से बढ़ते हुए अधिकतम सीटें जीतने का आंकड़ा 2004 में 186 था। फिर भी सरकार कांग्रेस की बनीं और यह सिलसिला 2009 के चुनाव में भी कायम रहा, तब भाजपा गठबंधन ने 116 सीटें जीती थी।

उत्तर-प्रदेश में हाल यह था कि कांग्रेस और भाजपा के हाथ से वोटों की गणित तेजी से फिसलती हुई सपा और बसपा जैसे क्षेत्रीय दलों की झोली में आ गई थी। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक ने ऐसा कमाल दिखाया कि सपा और बसपा के सामने भी अस्तित्व बचाने का संकट शुरू हो गया, जबकि कांग्रेस हासिये पर चली गई।



### 'बुआ-बबुआ' की जोड़ी ऐसी टूटी कि जोड़ना मुश्किल

राज्य की कुर्सी भी 2017 में भाजपा के हाथ चली गई, तो सपा और बसपा ने अपनी कट्टर दुश्मनी को भुलाकर 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाया। मगर, यह 'बुआ-बबुआ' के नाम पर चर्चित हुई जोड़ी भी चुनाव में मोदी की आंधी को रोकने में बेअसर रही। बाद में ऐसी टूटी कि वह दर्द इस बार बसपा को इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने दे रहा है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस नेताओं की कोशिश थी कि बसपा प्राथमिकता देते हुए सपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल किया जाए, मगर दोनों को साधना मुश्किल हो गया। अब सपा-कांग्रेस कैसे बसपा के बगैर मोदी को प्रदेश में रोकेंगे, यह सवाल बना हुआ है।



### विस चुनाव में 'दो युवराज' की जोड़ी फेल

ऐसे में राज्य की कुर्सी के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस से समझौता किया, तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को नाम दिया गया 'दो युवराज' यानि एक सोनिया गांधी की कांग्रेस परिवार से तो दूसरे मुलायम सिंह यादव के सपा परिवार से उत्तराधिकारी। लेकिन समझौते में 105 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 312 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर रिकार्ड 325 सीटें जीती। योगी आदित्यनाथ की तोजपोशी के बाद दिनोंदिन बदलते नए उत्तर-प्रदेश की तस्वीर ने 2022 में ऐसी हालत पतली कर दी कि भाजपा गठबंधन 273 सीटों पर जीत गया, जबकि सपा ने भाजपा से तोड़कर कुछ सहयोगी दलों के सहारे 125 सीटें जीती, लेकिन चार बार सत्ता संभालने वाली बसपा मात्र एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है, जबकि कांग्रेस के मात्र दो विधायक जीते।

### सपा से गठबंधन में कांग्रेस को ही फायदा



सपा से गठबंधन में फायदा कांग्रेस को ही ज्यादा होगा। मुसलमान वोट बंटेगा नहीं और यादव वोट कम वोट से हारने वाली सीटों पर बहुतम दे सकता है। ऐसे में आंकड़ों को गौर से देखें तो कांग्रेस के पास रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, कानपुर, अमरोहा जैसी पांच सीटें ऐसी होंगी जहां से उनकी जीत संभव हो सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली में चार सीटें सपा की हैं। जब एक भाजपा की है। उसी तरह अमेठी में तीन सीट भाजपा की है तो दो सीट सपा ने जीती है। इसी तरह कई सीटों पर सपा के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हो सकता है। वैसे 2014 और 2019 में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत सकी थी। इस बार भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। उप्र में वैसे ही राम मंदिर की लहर चल रही है। इस आंधी में अगर सपा का सहारा पाकर कांग्रेस पांच सीटें जीतती है तो बड़ी उपलब्धि होगी। कांग्रेस के साथ से सपा को बस एकमात्र यही फायदा हो सकता है कि बसपा को मुसलमान वोटकटवा मान लें और सपा को शतप्रतिशत वोट मिले। तब मुस्लिम बाहुल्य सीटों भाजपा को जीतना चुनौती होगी।

**भाजपा सांसद वरुण और मेनका के कारण हाईप्रोफाइल है पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट**

# भाजपा के टिकट का इंतजार, विपक्ष को मजबूत दावेदार की तलाश

- साढ़े तीन दशक में हुए नौ चुनाव में छह बार मेनका तो दो बार वरुण गांधी बने सांसद
- वरुण के पार्टी विरोधी रवैये के चलते इस बार किसी अन्य को टिकट के लगाये जा रहे कयास

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेनका गांधी और वरुण गांधी के कारण पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय सीट हाईप्रोफाइल है। पिछले करीब 35 साल से इन्हीं दोनों पर पीलीभीत के लोगों ने भरोसा जताया लेकिन इस बार वरुण गांधी के लगातार पार्टी विरोधी रवैये के चलते टिकट बदलने के कयास लगाये जा रहे हैं। वरुण के विरोध में पार्टी में ही एक धड़ा सक्रिय है। इसी कारण अभी तक भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बदलाव की उम्मीद में स्थानीय और दूसरे जनपदों के कई भाजपा नेता पीलीभीत-बहेड़ी सीट के लिए दावेदारी कर चुके हैं। भाजपा से टिकट की घोषणा न होने के चलते सपा भी चुप्पी साधे है। बसपा ने अनीस अहमद फूल बाबू पर ही फिर भरोसा जताया है।

लोकसभा चुनाव 2024 का अधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन पिछले छह माह से सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पिछले करीब साढ़े तीन दशक से गांधी परिवार (मेनका गांधी/वरुण गांधी) का कब्जा रहा है। 1989 से लेकर 2019 तक इस सीट पर नौ बार चुनाव हुए। इनमें छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद रहे। वर्तमान में वरुण गांधी सांसद हैं। पिछले करीब दो साल से वरुण के तेवर अपनी ही सरकार के विरोध में हैं। कई मौकों पर वह सरकार की तीखी आलोचना कर चुके हैं। कुछ महीनों से तो उन्होंने करीब-करीब हर जनसभा में सरकार की योजनाओं के विरोध को लक्ष्य बना लिया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी, निकाय चुनाव के दौरान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत समेत कई लोग दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।




हर कोई अपने स्तर से खुद को हाईकमान की कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश में है। कुछ लोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद की दावेदारी मजबूत मान रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम की चर्चा भी चर्चा हो रही है। कुछ लोग अभी भी वरुण या मेनका को टिकट मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।



### भाजपा की स्थिति मजबूत

पिछले करीब एक दशक में भाजपा खुद को खासा मजबूत कर चुकी है। कांग्रेस की हालत पहले से ठीक नहीं रही। बसपा के हाथी की चाल भी 2012 के बाद से तराई में सुस्त है। विपक्षी दल के नाम पर समाजवादी पार्टी कुछ मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी में कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से सपा से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का नाम जोर शोर से चल रहा है। मगर भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद ही सपा अपने पत्ते खोलने के मूड में है। तभी लोकसभा चुनाव की सियासत तराई में जोर पकड़ेगी। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, तो टिकट न मिलने से नाराज होकर भितरघात होना भी चुनाव में आम है।

### बसपा का भरोसा फिर फूलबाबू पर

10 मार्च को बीसलपुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बसपा प्रभारी राजकुमार गौतम ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। हालांकि यह कोई हैरान करने वाली घोषणा नहीं मानी गई। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए बसपा से फूलबाबू का टिकट पक्का माना जा रहा था। वह पहले भी तीन बार (1999, 2004, 2014) बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार के चुनाव में वह दूसरे व अन्य दोनों चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। उनके नाम की घोषणा के साथ बसपा दलित-मुस्लिम वोटरों को साधकर तराई में खो चुकी सियासी जमीं को पाने का प्रयास कर रही है।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
| --- | --- | --- | --- |
| **2019 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 7,04,549 | 59.38 |
| सपा | हेमराज वर्मा | 4,48,922 | 37.83 |
| जीत | | 2,55,627 वोट | |
| **2014 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 5,46,934 | 52.06 |
| सपा | बुद्धसेन वर्मा | 2,39,882 | 22.83 |
| जीत | | 3,07,052 वोट | |
| **2009 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,19,539 | 50.09 |
| कांग्रेस | वीएम सिंह | 1,38,038 | 16.48 |
| जीत | | 2,81,501 वोट | |
| **2004 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 2,55,615 | 37.75 |
| सपा | सत्यपाल गंगवार | 1,52,895 | 22.58 |
| जीत | | 1,02,720 वोट | |
| **1999 का परिणाम** | | | |
| स्वतंत्र | मेनका गांधी | 4,33,421 | 57.94 |
| बसपा | अनीस अहमद खान | 1,93,566 | |
| जीत | | 2,39,855 वोट | |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने दी जानकारी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं। जोशी ने बातचीत में कहा, ''चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।'' फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है। हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है।

### सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले सामने आए हैं: विवेक जोशी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशीने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।

## पेटीएम को यूपीआई प्रणाली में शामिल होने की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान मंच पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बहु-बैंक मॉडल के तहत यूपीआई प्रणाली में तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में भाग लेने की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक पेटीएम के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंकों के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) से जुड़े मौजूदा एवं नए यूपीआई कारोबारियों के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में भी काम करेगा। एनपीसीआई ने कहा कि '@पेटीएम' हैंडल को यस बैंक पर दोबारा प्रेषित किया जाएगा।

## भारत की शासन प्रणाली को बदनाम करने के लिए लाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च

मुंबई, एजेंसी

- गौतम अडाणी बोले-इसके बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे



अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी।

शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। उन्होंने कहा-हमारी नींव हिलाने की कोशिशों के बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे और हमने न केवल अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हम अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950-50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,500 |
| चांदी आभूषण | 74,500। |

## सोने के दाम में 250 रुपये और चांदी में 1,700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,169 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और व्यापार एवं उपभोक्ता भरोसे में सुधार के कारण अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। ऐसे में फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। यह सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला प्रमुख जोखिम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक डिजिटलीकरण बढ़ने से साइबर अपराध भी बढ़े



साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा गया था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। एऑन के भारत में प्रतिभा समाधान खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितिन सेठी ने कहा, "एकीकृत जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने के लिए भारतीय व्यवसायों को उन्नत डेटा एनालिटिक्स और विशेषज्ञों का लाभ उठाने की अनिवार्य आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष पर किया हमला

# राष्ट्र विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा है 'इंडिया'

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर उपस्थित लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इस विचारधारा पर काम कर रहा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें 'गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।

### भारत को वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना लक्ष्य: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को बेहतरीन वैश्विक पद्धतियों से जोड़कर और इसके अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करके वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक की वैज्ञानिक उपलब्धियों का विवरण देने वाली एक रिपोर्ट के लिए दिए गए अपने संदेश में कहा02047 तक आने वाला समय एक ऐसा काल है जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के हमारे सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में आग लगने से दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच और तीन साल की दो बच्चियों के तौर पर हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।

### मथुरा में चढ़ने लगा होली का रंग...



मथुरा के निकट रमणरेती आश्रम में शुरू हुई लट्ठमार होली के दौरान महिला भक्तों ने जमकर खेला रंग-गुलाल। • एजेंसी

## एक नजर

### टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भाजपा में लौटने की जताई मंशा

**कोलकाता।** टीएमसी के असंतुष्ट नेता अर्जुन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट जाएंगे। वह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। दो दिन पहले, सिंह ने टीएमसी उम्मीदवार पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए कहा था कि वह बैरकपुर के मतदाताओं की सामूहिक इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें 2019 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा भेजा था।

### ठाणे में किशोर की पीट पीटकर हत्या

**ठाणे।** नवी मुंबई के तुर्भे में 17 वर्षीय एक छात्र को उसके कॉलेज के छह साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे कॉलेज के बाहर हुई जिसमें जान गंवाने वाले छात्र का एक दोस्त भी घायल हो गया है।

## ईडी ने शाहजहां शेख के करीबी व्यापारियों के घरों पर की छापेमारी



कोलकाता में व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी। • एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के साथ "करीबी संबंध" रखने वाले दो व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के स्वामित्व वाले बाजार पर भी छापा मारा। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जब घोटाले के सिलसिले में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखालि

**संदेशखालि का मामला**

में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए ईडी अधिकारियों पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। शेख फिलहाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। ईडी अधिकारी ने कहा-इन दोनों व्यापारियों ने शेख को राशन वितरण के लिए आए पैसे की हेरफेर करने में मदद की थी और उस पैसे का इस्तेमाल मछली व्यापार में किया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भी अपने अधिकारियों पर हमले में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए गए शेख को राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- तस्वीरों के इस्तेमाल को लेकर शरद पवार ने दायर की थी याचिका

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।

वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट "उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है" और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से "झूठी प्रशंसा" की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा-एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा-हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के समन को सत्र अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

# लोकसभा के साथ जम्मू कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव की संभावना

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर का किया था दौरा
- 17 मार्च तक चुनाव कार्यक्रम के घोषणा की उम्मीद



**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के नाम की सिफारिश और एक देश एक चुनाव के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त 17 मार्च तक कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। खास बात यह कि लोक सभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने की तैयारी है। इसी बाबत 2 दिन पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम 17 मार्च तक कभी भी घोषित हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से मई के प्रथम सप्ताह तक विभिन्न चरणों में मतदान होंगे और दूसरे सप्ताह तक चुनाव परिणाम आने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति डा. रामनाथ कोविंद द्वारा बुधवार को "एक देश-एक चुनाव" पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपने के बाद यह संभावना भी तेज हो गई है कि लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसी के तहत 13 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था और सरकारी मशीनरी से चुनाव पूर्व समीक्षा की थी। जिसमें पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर की 24 विधानसभा सीटों को छोड़कर शेष 90 सीटों पर चुनाव कराने की बात चल रही है। राज्य के नए परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हैं। जिसमें 43 सीटें जम्मू एवं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में आते हैं। 90 सीटों के लिए 9 सीटें अनुसूचित जाति एवं 7 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इस परिसीमन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने चुनौती आज का को खारिज करते हुए परिसीमन को जायज बताया था। 11 दिसंबर के फैसले में इस माह सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव करने के लिए कहा था।

जम्मू कश्मीर विधानसभा को 21 नवंबर 2018 में बंद किया गया था और 5 अगस्त 2019 में पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद धारा 370 समाप्त कर दी गई थी 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया था। विधानसभा बंद होने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराने थे लेकिन परिसीमन आयोग का गठन होने के बाद विधानसभा चुनाव करते गए मगर अब परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर रहा है। जम्मू कश्मीर में इस समय कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के अलावा क्षेत्रीय दल के रूप में नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एवं गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी सक्रिय है।

2019 के लोस चुनाव में बीजेपी को 46.24, कांग्रेस को 28.39, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 एवं पीडीपी को 3.38 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अलग होने से इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

## खेल डायरी

### नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको गॉ पहुंची क्वार्टर फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरुष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हराया।

### शरत सिंगापुर स्मैश के क्वार्टर फाइनल में

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने सिंगापुर स्मैश में मिस्र के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शरत ने स्लोवेनिया के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी डार्को जोर्गिक को हराने के एक दिन बाद इस 15 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में अस्सर पर 11-4, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में पिछले दो अवसरों पर पहले दौर में बाहर होने वाले शरत ने पिछले मैच में जोर्गिक को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था।

### ऑरलियन्स मास्टर्स से किरण, मालविका बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के किरण जॉर्ज और मालविका बंसोड़ अपने-अपने मुकाबलों में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। फ्रांस के पैलेस डेस स्पोर्ट्स में खेले गये पुरुष एकल वर्ग में किरण जॉर्ज को हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से हार का सामना करना पड़ा। वहीं मालविका बनसोड़ भी महिला वर्ग के मुकाबले में हंगरी की शटलर विवियन सैंडोरहाजी से हार गई। सामिया इमाद फारूकी और तान्या हेमंत भी अंतिम 16 में पहुंचने में असफल रहीं। फारूकी को बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हेमंत को चीनी ताइपे के लियांग टिंग-यू ने हराया। अनुपमा उपाध्याय बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है।

### मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ियों का किया चयन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जाएगी। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव, डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, होर्मिपाम रूइवा, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी, मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन, फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान, इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल। मुख्य कोच : नौशाद मूसा।

# मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्राफी

## विदर्भ को 169 रन से हरा आठ साल का इंतजार किया खत्म, 90 में से 48वीं बार पहुंची थी फाइनल में

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी।

वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल का नतीजा लगभग उसी समय तय हो गया था जब विदर्भ को 538 रन का लगभग नामुमकिन सा लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने हालांकि पूरे पहले सत्र में मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। विदर्भ ने पांच विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया था और उसे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 290 रन और चाहिए थे, लेकिन विदर्भ की टीम 368 रन पर ही आउट हो गई। वाडकर ने इस साल पहला शतक जड़ने के साथ ही सत्र में 600 रन का आंकड़ा भी पार किया। वहीं दुबे ने प्रथम श्रेणी करियर में दूसरा अर्धशतक जमाया। दोनों ने 194 मिनट और 255 गेंद तक चली साझेदारी निभाई।

दूसरे सत्र का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाडकर को तनुष कोटियान ने आउट किया। कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए। यह साझेदारी टूटने के बाद विदर्भ की हार पर लगभग मुहर लग गई। विदर्भ दो बार खिताब जीतने के बाद तीन बार फाइनल में हार गया है। हर्वी तुषार देशपांडे ने शॉर्ट गेंद पर दुबे को आउट किया। दुबे ने 128 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। देशपांडे ने ही आदित्य सरवटे को भी पवेलियन के लिए चलाता किया।

कोटियान ने यश ठाकुर (6) के रूप में चौथा विकट लिया। वहीं अपने करियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव का विकेट लेकर विदर्भ की पारी का पटाक्षेप किया। मैन ऑफ द मैच मुशीर खान और मैन ऑफ द टूर्नामेंट तनुश कोटियान को चुना गया। मुशीर ने कहा कि मुझे कप्तान रहाणे के साथ बल्लेबाजी करने में मजा आया। हमारी साझेदारी के दौरान, वह बहुत अच्छी तरह से समझते थे कि मुझ से क्या उम्मीद है। कोटियान ने रहाणे को उनकी वास्तविक बल्लेबाजी क्षमता को उजागर करने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्होंने सत्र में 500 से अधिक रन बनाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुझे अपनी बल्लेबाजी पर थोड़ा भरोसा हुआ और मैंने अपने पिता के साथ कड़ी मेहनत की। रहाणे ने भी मेरी मदद की।



### एमसीए ने दोगुना की पुरस्कार राशि, मुंबई को मिलेंगे अतिरिक्त पांच करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है, जिसका मतलब है की टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। मुंबई ने गुरुवार को यहां फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वीं बार रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एमसीए के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा कि एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। एमसीए रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई की टीम को पांच करोड रुपए की अतिरिक्त धनराशि देगी। उन्होंने कहा कि एमसीए के लिए यह साल शानदार रहा है और उसने सात खिताब जीते। इसके अलावा हमारी टीम बीसीसीआई के आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं के नॉकआउट चरण में पहुंची।

### सबसे कम रन बनाने वाला बल्लेबाज होने के बावजूद आज मैं सबसे ज्यादा खुशः रहाणे



अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी का यह सत्र बेहद खराब रहा लेकिन वह गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा खुश खिलाड़ी थे, जिनकी कप्तानी में टीम 42वीं बार घरेलू टूर्नामेंट की चैम्पियन बनीं। रहाणे ने इस सत्र में महज 214 रन बनाए। वह मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की तालिका में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने फाइनल की दूसरी पारी में 73 रन बनाने के साथ 130 रन की साझेदारी कर मैच को विदर्भ की पहुंच से दूर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी टीम के लिए सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हूं, लेकिन आज मैं सबसे ज्यादा खुश हूं। खिलाड़ी के तौर पर आपको अच्छे और बुरे समय का सामना करना पड़ता है। रहाणे ने घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई की सराहना की। बीसीसीआई ने सीनियर क्रिकेटरों से रणजी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया है। रहाणे ने कहा कि बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को महत्व देना अच्छा कदम है। बड़े खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने की अनुमति देना महत्वपूर्ण है। मुंबई की जीत पर रहाणे ने कहा कि टीम को अगले सत्र में इस प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान देना चाहिए।

### मुंबई के खिलाफ हार मानने का कोई विकल्प ही टीम के पास नहीं थाः वाडकर

विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने कहा कि 538 रन का लक्ष्य होने के बाद भी उनकी टीम ने मैच गंवाने के बारे में नहीं सोचा था। विदर्भ के बल्लेबाजों ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की जीत के इंतजार को कम किया। वाडकर ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने हर्ष दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी कर मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। साझेदारी टूटने के बाद टीम की बल्लेबाजी बिखर गई और मुंबई रणजी चैंपियन बना। वाडकर ने कहा कि जब हमने टीम में और साझेदारियों के बारे में बात की, तो ऐसी बात नहीं निकली की हम मैच से बाहर हो गए। हम केवल बल्लेबाजी से आगे बढ़ाने के बारे में सोच रहे थे। यह फाइनल था, आखिरी पारी थी, इसलिए हार मानने और नकारात्मक सोच की गुंजाइश ही नहीं थी।

## सीके नायडू ट्रॉफी में गलती के बाद अंपायरिंग के मानकों पर उठे सवाल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के खिलाफ कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 टूर्नामेंट के फाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी के गलत तरीके से आउट होने पर घरेलू मैचों में अंपायरिंग के मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना कर्नाटक के पहली पारी में घटी जब तेज गेंदबाज कुणाल त्यागी की गेंद चतुर्वेदी के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर आराध्य यादव के दस्तानों में पहुंची। गेंद आराध्य हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर ने इसे आउट दिया। प्रथम श्रेणी के पूर्व अंपायर ने कहा कि हां, वह आउट नहीं था। मैंने बाद में उसके आउट होने का वीडियो देखा था। गेंद विकेटकीपर के हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर को आउट नहीं देना चाहिए था।

## आरसीबी का शिविर शुरू, कुछ दिन में जुड़ेंगे कोहली

### इंडियन प्रीमियर लीगः गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से 22 मार्च को पहला मैच

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है।

अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं, जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा कि फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा कि हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।



### सीएसके में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ब्रावो



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी कामयाबी का राज है। लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेआफ में जगह बनाई है। ब्रावो ने कहा कि वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं। यही इस टीम की खूबसूरती है। टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था। हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।

### 23 मार्च को मैदान पर उतरेंगे पंत, उनकी इच्छाशक्ति जबर्दस्त



**बेंगलुरु, एजेंसी।** ऋषभ पंत को 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना के बाद फिट होने में मदद करने वाले मेडिकल स्टाफ ने उनकी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढता की तारीफ करते हुए कहा है कि थकाऊ रिकवरी प्रक्रिया के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पंत 23 मार्च को आईपीएल के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे, जिसमें वह मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत ने कहा कि मैं सामान्य होने के करीब महसूस कर रहा हूं। कार दुर्घटना को देखकर यह असंभव लग रहा था कि वह वापसी कर सकेंगे। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के खेल मेडिसिन सेंटर के निदेशक डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला और बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के स्टाफ ने उनकी मदद की।

### ऐसा लगा नहीं कि पंत बल्लेबाजी कर रहे हैंः आमरे

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि ऋषभ पंत की बल्ले की स्विंग 'पहले की तरह' बनी हुई है और शिविर में उनकी बल्लेबाजी देख कर ऐसा नहीं लगा कि वह 14 महीने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट करार दिया था। आमरे ने कहा कि कोचिंग इकाई और व्यक्तिगत रूप से, उन्हें बल्लेबाजी करते देखना सुखद था। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय बाद बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका बल्ला पहले की तरह ही चल रहा था।

## सात्विक-चिराग ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया

### ऑल इंग्लैंड ओपन

**बर्मिंघम, एजेंसी**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरुआत की।

फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से हार गई।

### कोरिया की एन से यंग से पीवी सिंधू हरीं

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार गई। सिंधू मैच के दौरान अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह सातवीं हार है। कोरियाई खिलाड़ी ने सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने खेल के दौरान आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की, लेकिन यंग ने रैलियों की गति और स्मैश का इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को टक्कर दी, लेकिन दूसरे गेम में वह गलती करती रही। सिंधू शुरुआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किये बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया और 9-6 की बढ़त बनाई।

## बॉलीवुड हलचल

### छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बच्चों का चहेता सुपरहीरो छोटा भीम टीवी के बाद अब बड़े परदे पर नजर आएगा। फिल्म का नाम छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ढ़ोलकपुर को बचाने में दमयान के खिलाफ लड़ाई में भीम की गैंग को जॉइन करें। टीजर की शुरुआत वॉइस ओवर से होती है। ढ़ोलकपुर को दिखाते हुए आवाज आती है कि इस शांति और प्यार भरे ढ़ोलकरपुर राज्य पर कुछ बुरे लोगों की नजर पड़ गई है। इसके बाद ढोलकपुर की शांति तबाही में बदल जाती है। सभी का मानना है कि अब केवल एक ही जाबाज है, जो ढोलकपुर को बचा सकता है। टीजर में सभी किरदारों की एंट्री होती है। फिल्म में अनुपम खेर गुरु शंभु का किरदार निभाते नजर आएंगे। भीम गुरु शंभू और उनकी टीम की मदद से बुराई से लड़ता है। इस फिल्म में यज्ञ भसीन, अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, आश्रय मिश्रा और सुरभि तिवारी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। राजीव चिलका द्वारा निर्देशित और मेघा चिलका द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान को नीरज विक्रम ने लिखा है। वहीं भरत लक्ष्मीपति के साथ श्रीनिवास चिलकलापुडी द्वारा को-प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 24 मई 2024 को रिलीज होगी।

## धूम मचा रहा है हिप-हॉप आइकन

### डिवाइन और करण औजला का गाना नथिंग लास्ट्स



**मुंबई, एजेंसी।** हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का गाना 'नथिंग लास्ट्स' धूम मचा रहा है। हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का एल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स अपने सभी सात ट्रैकों के साथ धूम मचा रहा है, खासकर नथिंग लास्ट्स, जो ट्रेंडिंग कर रहा है। करण औजला और डिवाइन द्वारा लिखित और प्रस्तुत और यस प्रूफ और जे ट्रैक द्वारा निर्मित, नथिंग लास्ट्स जोएल डिसूजा (जेडी) द्वारा निर्देशित किया गया है। नथिंग लास्ट की शूटिंग धारावी के आफ्टर स्कूल ऑफ हिप-हॉप में धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के सहयोग से की गई है। नथिंग लास्ट्स का आधिकारिक वीडियो करण औजला के यूट्यूब चैनल पर देखने के लिए उपलब्ध है और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुनने के लिए भी उपलब्ध है। करण औजला ने कहा कि नथिंग लास्ट्स एक बहुत ही खास गाना है और मेरे निजी पसंदीदा में से एक है। धारावी में बच्चों के साथ समय बिताना एक प्यारा अनुभव था, जिसमें जीवन की साधारण खुशियां भी शामिल थीं। इस गीत के माध्यम से हमने अपने जीवन की सीख को साझा किया है कि कुछ भी वास्तव में हमेशा के लिए नहीं रहता है और हमें उन क्षणों को संजोना चाहिए जो हमारे पास हैं और हम जो जीवन जीते हैं उसके लिए आभारी होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि गाना सभी को पसंद आएगा और हमारी भावनाओं को व्यक्त करेगा। डिवाइन ने कहा कि कुछ भी नहीं टिकता अपने सार में जीवन में नश्वरता को उजागर करता है, हम इस दुनिया में कुछ भी नहीं लेकर आते हैं और कुछ भी नहीं लेकर जाते हैं। हम गाने को अब तक मिली प्रतिक्रिया देखकर बहुत खुश हैं और प्यारे बच्चों के साथ वीडियो पर हर किसी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। हमने उनके साथ सबसे अच्छा समय बिताया। डिवाइन और करण औजला की ओर से रचित स्ट्रीट ड्रीम्स एल्बम में नथिंग लास्ट, टॉप क्लास, स्ट्रेट बैलिन, याद, तारीफां, हिसाब और 100 मिलियन शामिल है।

### अक्षरा का गाना फलनवा के बेटा की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गाना फलनवा के बेटा रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह का होली गीत फलनवा के बेटा, उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और अपनों के साथ होली खेलने का मजा ही कुछ और होता है। ऐसे में जब अपने ही होली में ना आए तो एक शिकायत सी होती है जो इस गाने की थीम है। मैंने उसे अपने गाने में पिरोया है और आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। उम्मीद करती हूं कि आप इस गाने को सुपर डुपर हिट बनाएंगे।

### खुशी और माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' रिलीज हो गया है। होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत को खुशी कक्कर ने गाया है और माही श्रीवास्तव ने इस गाने में अभिनय किया है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि होली आने बस अब कुछ भी समय बाकी रह गया है और होली की धूम अभी से दिखने लगी है। मैं अपने होली गीतों में होली से पहले ही होली का पूरा मजा उठा रही हूँ। मेरे गाने दर्शकों को पसंद आए इसलिए मैं जी तोड़ मेहनत कर रही हूं। मेरे सभी गानों की तरह इस गाने को भी अपना आशीर्वाद दे। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, जबकि विकाश यादव ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर विकाश बेदर्दी, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# गुलामी में धकेल कर स्वच्छता नहीं ला सकते

● बंबई हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े मामले में राहत देते हुए टिप्पणी की

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े 580 कर्मचारियों को लेकर एक बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने कहा है कि किसी कल्याणकारी राज्य में नागरिकों के एक वर्ग के लिए स्वच्छता दूसरों को गुलामी में धकेल कर हासिल नहीं की जा सकती। कोर्ट ने शहर के नगर निकाय विभाग को आदेश दिया है कि वह अपने 580 कर्मचारियों को स्थायी तौर पर रखे और उन्हें सभी लाभ मुहैया कराए।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पिछले साल नवंबर में एक आदेश दिया था, जो गुरुवार को उपलब्ध कराया गया। इस फैसले में कहा गया है कि पर्यावरण को स्वच्छ करने के नागरिकों के मौलिक अधिकार को कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को हल्के में लेकर हासिल नहीं कर सकते हैं। बंबई हाईकोर्ट ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 580 अस्थायी कर्मचारियों के लिए पदों के सृजन का निर्देश दिया गया था।

अधिकरण ने निगम को 580 कर्मचारियों को स्थायी घोषित करने और उन्हें सभी लाभ देने का निर्देश दिया था। कर्मचारी संगठन 'कचर वाहतुक कर्मचारी संघ' ने नगर निगम से अपने 580 सदस्यों को स्थायी कर्मचारी बनाने की मांग की थी। वे सार्वजनिक सड़कों की सफाई और कचरे के संग्रह और परिवहन का काम करते हैं। हाईकोर्ट ने एमसीजीएम की याचिका रद्द कर दी। साथ ही कहा कि अगर न्यायाधिकरण का आदेश रद्द किया जाता है तो यह 'न्याय का उपहास' करना होगा। पीठ ने कहा कि मुंबई को स्वच्छ रखने के लिए नगर निकाय के पास अधिकार है और शहर में 'कर' देने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण का मौलिक अधिकार है।

अदालत ने कहा कि यह मौलिक अधिकार और अनिवार्य कर्तव्य कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को बुनियादी मानव गरिमा के अधीन करके प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कल्याणकारी राज्य में एक वर्ग के नागरिकों के लिए सफाई का काम बाकियों को गुलामी में फंसाकर नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि 580 कर्मचारी, जो शहर में काम करते हैं उन्हें स्थायी करने की बजाय, नागरिक निकाय ने अपनी प्रमुख स्थिति का लाभ उठाया है।

## भारत-अमेरिका के बीच मजबूत हुए रक्षा संबंध : पेंटागन

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय रूप से सुधार देखने को मिल रहा है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कही गई ये बात दर्शाती है कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध बेहद मजबूत हो रहे हैं।

पेंटागन के एक अधिकारी का कहना है कि अब भारत और अमेरिका के बीच प्रमुख मुद्दों पर मतभेदों के बजाय सुधार देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन कराया गया था। इस सम्मेलन में रक्षा विभाग के सचिव (नीति) के कार्यालय, दक्षिण एशिया के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि 'पिछले 12 महीनों में भारत अमेरिका के रक्षा संबंधों में बेहद तेजी से प्रगति हुई है। अय्यर ने कहा रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय गति देखने को मिली।

# सरकार ने ब्लॉक किए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अश्लील और असभ्य कंटेंट पब्लिश करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्मस को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। इसके साथ ही सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए हैं।*

### क्यों किया गया बैन

मंत्रालय की ओर से से जारी किए बयान के मुताबिक, ब्लॉक किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर बताया गया है कि ये अश्लील, अभद्र और महिलाओं को लेकर अपमानजक कंटेंट प्रसारित करते थे। इन प्लेटफॉर्म पर आईटी एक्ट की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के तहत कार्रवाई करते हुए बैन लगाया गया है।



### 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड, 32 लाख से ज्यादा फालोअर्स

सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी एप में से एक एप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य एप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और ऐप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।

### सरकार ने किस पर लगाया बैन

सरकार ने 12 फेसबुक अकाउंट, 17 इंस्टाग्राम अकाउंट, 16एक्स अकाउंट और 12 यूट्यूब अकाउंट को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई

इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद/विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल हैं।

### क्या हैं निगरानी के नियम

सरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट की निगरानी मीडिया एथिक्स कोड रूल्स, 2021 के जरिए करती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपने कंटेंट का क्लासिफिकेशन, ऐज रेटिंग और सेल्फ रेगुलेशन का खुद पालन करना होता है।

## एक नजर

### भारत-ब्राजील ने मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने गुरुवार को रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की। बैठक में ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि बातचीत में सहयोग के विभिन्न अहम क्षेत्रों पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा–अंतरिक्ष, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, तकनीक, आतंकवाद से मुकाबला और क्षेत्रीय, बहुपक्षीय एवं परस्पर हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। बता दें, बैठक दिल्ली में हुई है। इसकी सह–अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव जी वी श्रीनिवास और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

### देश के आखिरी गांव के लोग वांगचुक के समर्थन में उतरे



**फोब्रांग (लद्दाख)।** लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ रही है। उनकी मांगों के समर्थन में भारत–चीन सीमा पर बसे देश के आखिरी गांव फोब्रांग के लोग भी उतर आए हैं। इन लोगों ने बॉर्डर से 16 किमी पहले मार्टसे टॉप के पास माइनस 20 डिग्री तापमान में प्रदर्शन किया।

### रमजान में ड्यूटी के दौरान पायलट नहीं रखेंगे रोजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) ने रमजान माह के मद्देनजर नया आदेश जारी किया है। पीआईए ने ड्यूटी के दौरान चालकों के रोजा रखने पर रोक लगा दी है। आदेश में चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा गया कि रोजा रखने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके साथ ही व्यक्ति को आलस्य और नींद आ सकती है। पीआईए के अधिकारी ने बताया कि कॉर्पोरेट सेफ्टी मैनेजमेंट और एयर क्रू मेडिकल सेंटर दोनों ने सिफारिश की है कि विमान चालकों और चालक दल के सदस्यों को रोजा नहीं रखना चाहिए।

### अमेरिका में अवैध प्रवेश पर तीन भारतीय समेत चार गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन भारतीयों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, बफेलो शहर में अंतर्राष्ट्रीय रेलमार्ग द्वारा अवैध प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बातया है कि, महिला समेत चारों को अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) की हिरासत में हैं। चारों निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# भारत और एशिया तक पहुंच बढ़ाने को रूस बना रहा 'मॉस्को कॉरिडोर'

## युद्ध के चलते यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद लिया फैसला, 2028 तक होगा पूरा

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन युद्ध के पहले रूस व्यापार के लिए यूरोप पर ही निर्भर था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को मात देने के लिए रूस नए तरीके खोज रहा है। इसी क्रम में रूस ने भारत, चीन और मिडल ईस्ट के देशों के साथ संबंध मजबूत कर दिए हैं। रूस अपनी पहुंच भारत और एशिया तक बढ़ाने के लिए मॉस्को से मुंबई तक मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बना रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक प्रतिबंधों के बीच में रूस ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) प्रोजेक्ट में तेजी दिखाई है। रूस ने अब 160 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए ईरान को 12 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। ईरान के रास्त शहर को अस्तारा से जोड़ने वाले इस रेल मार्ग का काम शुरू हो गया है। अजरबैजान में रेलवे ट्रैक और यार्ड काम इस साल पूरा हो जाएगा। पूरे कॉरिडोर का काम 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### समुद्र, रेल और सड़क मार्ग के जरिए जुड़ेंगे भारत, ईरान और रूस



आईएनएसटीसी की कुल लंबाई 7,200 किमी है। इस कॉरिडोर में भारत और रूस के अलावा ईरान, अजरबैजान भी सदस्य हैं। समुद्र, रेल और हाइवे के इस मल्टी मोड कॉरिडोर का मुख्य उद्देश्य लागत कम करना और समय बचाना है। नए रूट से माल भेजने का समय पारंपरिक स्वेज रूट के 45 दिनों से घटकर सिर्फ 10 दिन रह जाएगा, जो कि स्वेज नहर से मुकाबला करेगा। स्वेज मार्ग से मुंबई से मॉस्को की दूरी 14 हजार किमी थी, इसे तय करने में 45 दिन से ज्यादा का समय लगता था। जहां अभी हूती विद्रोहियों का खतरा है।



### रूस- भारत का व्यापार चार गुना बढ़ा

भारत के साथ 2023 में रूस का व्यापार 5 .37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2021 की तुलना में 4 गुना है। वहीं, 2023 में रूस–चीन का व्यापार भी 61 फीसदी बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस कॉरिडोर के बनने से रूस को तुर्किये से भी व्यापार संबंध बढ़ने की उम्मीद है।

### रूस को भारत-ईरान से मदद मिल रही

इस प्रोजेक्ट को लेकर अजरबैजान का कहना है कि रूस ने यूरोप की जगह नए विकल्प खोज लिए हैं। रूस भारत से मशीनरी मिल रही है। ईरान से हथियार, तुर्की और मिडल ईस्ट से रूस को आवश्यक चीजें आसानी से मिल रही है, जो लड़ाई के समय जरूरी हैं। आपको बताते कि पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत ने ईरान में एक बंदरगाह का निर्माण कराया है। भारत, तेहरान के कई प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है। इसी तरह रूस भी ईरान को हर तरह से सहयोग कर रहा है।

## पाकिस्तानः नवाज के बेटों को राहत, स्थायी गिरफ्तारी वारंट रद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को बड़ी राहत देते हुए एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने गुरुवार को पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े मामलों में नवाज शरीफ के बेटों की गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था।

बता दें कि पनामा पेपर्स से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगाए गए थे लेकिन वे कभी भी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, जिसने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट को गुरुवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई पाकिस्तान लौट आए। हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50 हजार के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूरी दी।

# चुनाव धांधली के आरोपों पर सुनवाई करेगा अमेरिका

● इमरान की पार्टी ने लगाए हैं आरोप 20 मार्च को सुनवाई करेगी अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के मुद्दे पर सुनवाई करेगी। पाकिस्तान चुनाव में धांधली होने के आरोप लगे हैं और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों पर अमेरिकी कांग्रेस की समिति 20 मार्च को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई का शीर्षक 'चुनाव के बाद का पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य की चर्चा होगा।

अमेरिका के विदेश विभाग की मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया मामलों की उप-समिति पाकिस्तान चुनाव के मसले पर बैठक करेगी। समिति के सामने दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सचिव डोनाल्ड की गवाही भी होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के दौरान गुप्त जानकारी सार्वजनिक करने के मामले में डोनाल्ड लू की संलिप्तता की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने डोनाल्ड लू की गवाही बेहद अहम मानी जा रही है।



### आरक्षित सीटों पर एसआईसी की याचिका खारिज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल(एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने चार मार्च को सीट कोटा के लिए पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, साथ ही इसे नियमों का उल्लंघन बताया। बुधवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। एजीपी अवान ने कहा था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं।

### बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते गुरुवार को पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। इससे 280 सड़कें ठप हो गई। चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर, कल्लू की भी ऊंची चोटियां पर ढाई फीट तक बर्फबारी हुई। शिमला और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। ● एजेंसी

## संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिनिधि सभा 15 मार्च से 17 मार्च तक नागपुर में होने जा रही है। यह सभी ऐसे वक्त हो रही है, जब संघ अगले साल विजयादशमी को स्थापना के 100 साल पूरे करेगा।

बैठक में राम मंदिर पर भी प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में 1529 शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही संघ से जुड़े 36 संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव समेत प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सभा में कई अहम मुद्दो पर चर्चा होगी।

# सीएए कानून देशहित में नहीं: केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले- घुसपैठियों को भारत में वैध बना रही केंद्र, आम लोगों का पैसा दूसरे देशों के अल्पसंख्यकों पर खर्च करना मंजूर नहीं



आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के देश में सीएए लागू करने के निर्णय का विरोध किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सीएए देशहित में नहीं है। केंद्र सरकार देश के करोड़ों लोगों को रोजगार व मकान नहीं दे पाई है, वहीं वह पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आने वाले करोड़ों लोगों को नौकरी व मकान देगी। उन्होंने कहा-जो अवैध घुसपैठिए देश में आने से डरते थे लेकिन केंद्र ने सीएए कानून बनाकर उनको भारत में आने को वैध बना रही है।

केजरीवाल बोले- भाजपा सीएए लाकर देश के साथ ऐसा खिलवाड़ वोट बैंक के लिए कर रही है। जहां भाजपा का वोट कम है, वहां दूसरे देशों के गरीब लोगों को झुग्गियां बनाकर बसाया जाएगा। उन्होंने चुनाव से पहले सीएए लाने पर भी सवाल उठाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में सीएए का विरोध करते हुए कहा कि देश पर 10 साल राज करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपाइयों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर वह 10 साल में कुछ अच्छा काम कर लेते तो आज सीएए की जगह अपने काम पर जनता से वोट मांग रहे होते। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है। ऐसे में केंद्र सरकार इनका समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के अनुसार पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक अगर भारत की नागरिकता लेना चाहें तो उनको भारत की नागरिकता दे दी जाएगी। इसका मतलब है कि इन तीनों देशों से बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को भारत में लाया जाएगा। उनको भारत में बसाया जाएगा, उनको रोजगार और घर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र : अहमदनगर का नाम अहिल्या नगर और नाम भी बदलेंगे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले महाराष्ट्र सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक में अहमदनगर शहर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अहमदनगर ननि ने 15 दिन पहले यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था।

दरअसल, अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में ही देवी अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। इसके साथ ही मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों के ब्रिटिश नाम भी बदले जाएंगे। करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का नाम डोंगरी, मरीन लाइन्स का नाम मुंबादेवी, चर्नी रोड का नाम गिरगांव, कॉटन ग्रीन का नाम कालाचौकी स्टेशन, डॉकयार्ड का नाम मझगांव, किंग्स सर्कल का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ करने को मंजूरी दी गई।

# चरमपंथी गतिविधियों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध ब्रिटेन: सुनक

● नए उपायों से असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा वाले लोगों पर लगेगी लगाम

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली चरमपंथी गतिविधियों से निपटने के हमारे पास उपाय होने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाउस आफ कामंस में 'प्रधानमंत्री के सवालों' के जवाब में सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोर्टों का हवाला दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। नए उपायों से उन समूहों या लोगों पर प्रतिबंध लगाने की उम्मीद है जो असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हैं कि ब्रिटिश



सरकार किन समूहों और व्यक्तियों को समर्थन या फंड दे सकती है। सुनक ने कहा कि वास्तव में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास इस खतरे से निपटने के लिए उपकरण हों। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल निजी और शांतिपूर्ण मत रखने वालों को चुप कराने के बारे में नहीं है।

विज्ञान | वैज्ञानिकों ने कहा– दुर्लभ खगोलीय घटना के बाद एक नए तारे का जन्म होगा

# नग्न आंखों से दिखेगी नोवा विस्फोट की घटना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** यह वर्ष एक खगोलीय घटना को लेकर बेहद खास रहने वाला है। इस घटना में एक दुर्लभ नोवा विस्फोट होने जा रहा है। इस घटना के साथ ही एक नवजात तारा जन्म लेगा। इस घटना को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वर्ष नग्न आंखों से दिखाई देने वाला एक नोवा विस्फोट रात के आकाश को जगमगाने लगेगा। तारे के जन्म को लेकर यह दुर्लभ खगोलीय घटना है। जिसके हम सब गवाह बनेंगे। यह घटना टी कोरोनाए बोरेलिस (टी सीआरबी) नामक तारा मंडल में घटने वाली है। यह घटना दूर आसमान में पृथ्वी से लगभग 3000 प्रकाश वर्ष दूर



लाल तारे की परिक्रमा करते बौना तारे की तस्वीर।

है। यह घटना एक लाल विशाल तारा और एक सफेद बौना तारे में हो रही है।

दोनों एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं। वैज्ञानिक इसे नोवा विस्फोट कहते हैं। जिसमें सफ़ेद बौना अपने लाल विशाल साथी से पर्याप्त मात्रा में तारकीय सामग्री चुराता है और अपनी सतह पर परमाणु संलयन की एक संक्षिप्त चमक को प्रज्वलित करता है। जिससे यह समझा जा सकता है कि एक नया तारा जन्म लेने जा रहा है। नासा के अधिकारियों का इस घटना को लेकर कहना है कि इस घटना में एक बड़ा विस्फोट सितंबर के बीच होने की उम्मीद है, जो आकाश में उत्तरी तारे (नार्थ स्टार) के समान चमकीला दिखाई देगा और लुप्त होने से एक सप्ताह तक इसकी चमक दिखाई देगी। इस तरह की घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है, क्योंकि नोवा विस्फोट लगभग 80 साल में होता है।

### 1946 में देखा गया था नोवा विस्फोट

नासा के अनुसार आखिरी बार 1946 में नोवा विस्फोट हुआ था। जिसे आवर्ती नोवा विस्फोट के नाम से जाना जाता है। हमारी मिल्की के भीतर ज्ञात पांचवा विस्फोट था। इस वर्ष होने जा रहे विस्फोट का आनंद दूरबीन से भी लिया जा सकता है, जो बूट्स और हरक्यूलिस नक्षत्रों के बीच देखी जा सकेगी।

# भारत के विरुद्ध आतंकी तत्वों के लिए इस्तेमाल हो रही अमेरिकी धरती

● भारतीय मूल के लोगों ने लगाया आरोप, जांच एजेंसी एफबीआई से मिले भारतवंशी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की।

हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए।